सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

बुधवार, 16 सितम्बर, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 22, अंक 68, पेज 12, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com



**वैष्णव ने नमक कंटेनर ट्रेन को दिखायी हरी झंडी**

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भारत की पहली नमक कंटेनर ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। यह ट्रेन गुजरात के कच्छ में शिवलाखा से राज्य में ही स्थित मीठापुर के बीच चलेगी। } 10

**17 से शुरू होगा सेवा संकल्प अभियान : नड्डा**

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने देश भर में 17 सितंबर से एक माह के सेवा संकल्प अभियान की घोषणा की। इसमें मोदी सरकार की उपलब्धियों को उजागर करने वाले कई कार्यक्रम शामिल होंगे। } 12

# मथुरा की छाता चीनी मिल में लगेगा एथेनॉल प्लांट

## ❍ योगी कैबिनेट में 23 अहम प्रस्तावों पर लगी मुहर ❍ एक्सप्रेसवे से लेकर शिक्षा और रोजगार तक कई बड़े फैसलों को मिली मंजूरी

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को मुख्यमंत्री आवास पर हुई बैठक में विकास और जनकल्याण से जुड़े 23 महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। फैसलों में चित्रकूट लिंक एक्सप्रेसवे, परिषदीय विद्यालयों को स्मार्ट स्कूल बनाने, खिलौना उद्योग को बढ़ावा देने, किसानों को सस्ती दर पर ऋण और पूर्व अग्निवीरों को सरकारी भर्ती में आरक्षण देने जैसे महत्वपूर्ण प्रस्ताव शामिल हैं। बैठक में बुनियादी ढांचे, शिक्षा, रोजगार, कृषि, स्वास्थ्य और औद्योगिक विकास को लेकर भी निर्णय लिए गए।

वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने प्रेसवार्ता में स्वीकृत प्रस्तावों की जानकारी देते हुए बताया कि कैबिनेट में चित्रकूट लिंक एक्सप्रेसवे को विकसित करने के लिए संशोधित परियोजना प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। 15.172 किलोमीटर लंबे प्रवेश नियंत्रित छह लेन ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे का निर्माण ईपीसी मोड पर कराया जाएगा। परियोजना की अनुमानित लागत 1,008.67 करोड़ रुपये है, जिसका पूरा खर्च राज्य सरकार वहन करेगी। निर्माणकर्ता के चयन के लिए ग्लोबल बिड आमंत्रित की जाएगी। इससे बुंदेलखंड से चित्रकूट धाम तक आवागमन सुगम होने और पर्यटन को गति मिलने की उम्मीद है। कैबिनेट बैठक में मथुरा की बंद छाता चीनी मिल में एथेनॉल प्लांट स्थापित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई। गन्ना विकास मंत्री लक्ष्मीनारायण चौधरी ने बताया कि 200 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से बनने वाला यह एक्सटेंशन प्लांट साल में 11 महीने संचालित होगा। उन्होंने बताया कि यह मिल 19 साल पहले बंद हो गई थी। समाजवादी पार्टी के सरकार के दौरान इसको एक रुपए का भुगतान नहीं किया गया। प्लांट की वार्षिक उत्पादन क्षमता 3.96 करोड़ लीटर होगी। गन्ना पेराई का सीजन समाप्त होने के बाद मक्का और धान से भी एथेनॉल का उत्पादन किया जाएगा। छाता चीनी मिल की नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से करीब 40 मिनट की दूरी को भी परियोजना के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। यहां गोदाम और अन्य सुविधाएं विकसित करने की संभावनाएं हैं। परियोजना से क्षेत्र में हजारों लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार मिलने की उम्मीद है। बेसिक शिक्षा परिषद के नियंत्रण वाले परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों को स्मार्ट स्कूल के रूप में विकसित करने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई। इससे सरकारी प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने और विद्यार्थियों को आधुनिक शैक्षिक सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में काम होगा। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री कृषक समृद्धि योजना के तहत लघु एवं सीमांत किसानों को रियायती ब्याज दर पर दीर्घकालिक ऋण उपलब्ध कराने का फैसला किया गया। उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक लिमिटेड के माध्यम से किसानों को छह लाख रुपये तक का ऋण छह प्रतिशत वार्षिक ब्याज दर पर लंबी अवधि के लिए उपलब्ध कराया जाएगा। इससे किसानों को कृषि और ग्रामीण जरूरतों के लिए सस्ती दर पर वित्तीय सहायता मिल सकेगी। योगी कैबिनेट ने पूर्व अग्निवीरों को उत्तर प्रदेश जेल ...शेष पृष्ठ 10 पर



### पीआरडी जवानों को योगी सरकार का दोहरा तोहफा

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट बैठक में प्रांतीय रक्षक दल (पीआरडी) के स्वयंसेवकों के हित में दो महत्वपूर्ण फैसलों को मंजूरी दी गई। सरकार ने पीआरडी स्वयंसेवकों का दैनिक ड्यूटी भत्ता 500 रुपये से बढ़ाकर 600 रुपये प्रतिदिन करने के साथ ही स्वयंसेवकों और उनके आश्रित परिवारों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की मुख्यमंत्री पीआरडी कैशलेस चिकित्सा योजना को भी स्वीकृति दी है। दोनों फैसलों से पीआरडी स्वयंसेवकों को आर्थिक और स्वास्थ्य संबंधी सुरक्षा मिलेगी। योगी कैबिनेट के फैसले से 30 दिन की ड्यूटी करने वाले पीआरडी ...शेष पृष्ठ 10 पर

### यूपी कैबिनेट के अहम निर्णय

- ❍ उत्तर प्रदेश के अभियांत्रिकी विभागों में कार्य के त्वरित एवं प्रभावी निष्पादन के लिए वित्तीय नियमों के तहत अधिकारियों के वित्तीय अधिकारों की सीमा बढ़ाने के प्रस्ताव को मंजूरी
- ❍ उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल क्षेत्र में वर्ल्डफिश परियोजना के संचालन के लिए राज्य सरकार, मत्स्य विभाग, उत्तर प्रदेश और वर्ल्डफिश के बीच समझौता ज्ञापन पर अनुमोदन।
- ❍ राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) के क्षेत्रीय केंद्र की स्थापना के लिए अयोध्या के मिल्कीपुर तहसील स्थित ग्राम पूरे लाल खान में लगभग 65 एकड़ बंजर भूमि भारत सरकार को निशुल्क आवंटित करने की मंजूरी।
- ❍ 10 वर्ष तक की अवधि के किरायेदारी/पट्टा विलेखों पर प्रभावी स्टांप शुल्क और रजिस्ट्रेशन फीस में छूट देने का प्रस्ताव पास।
- ❍ वाहनों की तकनीकी स्वस्थता को सुनिश्चित करने के लिए वाहनों की जांच हेतु स्वचालित परीक्षण स्टेशन की स्थापना संबंधी नीति में संशोधन मंजूर

### पूर्वी उत्तर प्रदेश, बुंदेलखंड और मध्यांचल में खिलौना उद्योग लगाने पर मिलेगा प्रोत्साहन

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को कैबिनेट बैठक में उत्तर प्रदेश खिलौना विनिर्माण प्रोत्साहन नीति-2025 को मंजूरी दे दी गई। इस नीति का उद्देश्य उत्तर प्रदेश को खिलौना विनिर्माण का प्रमुख केंद्र बनाना, नए उद्योगों को प्रोत्साहित करना और ट्वॉय क्लस्टर्स में रोजगार के अवसर बढ़ाना है। नीति के माध्यम से प्रदेश में खिलौना निर्माण, विपणन और तकनीकी उन्नयन को बढ़ावा दिया जाएगा। वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बताया कि उत्तर प्रदेश विशेष रूप से खिलौना विनिर्माण के क्षेत्र में महत्वपूर्ण स्थान रखता है। राज्य भारतीय पर्व-त्योहारों से संबंधित वस्तुओं (लर 9505) के निर्यात में लगभग 50 प्रतिशत योगदान करता है। वाराणसी, झांसी और चित्रकूट अपने जीआई टैग प्राप्त लैकवेयर तथा हस्तनिर्मित लकड़ी के ...शेष पृष्ठ 10 पर

## संक्षेप

### महिला की मौत के मामले में छह पुलिसकर्मी सस्पेंड

फिरोजाबाद। जिले में कथित तौर पर लात मारने से एक गर्भवती महिला की मौत के मामले में दो उपनिरीक्षक समेत छह पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव और राज्यसभा सदस्य रामजी लाल सुमन ने अपने समर्थकों के साथ इस मामले में कोतवाल समेत थाने के सभी पुलिसकर्मियों को निलंबित करने की मांग को लेकर धरना-प्रदर्शन किया। जिसके बाद उन्हें निलंबित किया गया।

### अनियंत्रित कार पेड़ से टकराई, तीन की मौत


आजमगढ़। फूलपुर कोतवाली क्षेत्र के जगदीशपुर पेट्रोलपंप के पास मंगलवार की भोर में अनियंत्रित कार पेड़ से टकरा गई। जिससे तीन किशोरों की मौत हो गई, जबकि छह लोग घायल हो गए। घटना के बाद चीखपुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचा। कार सवार सभी लोग रात में गणेश प्रतिमा का पंडाल सजा रहे थे। भोर में चाय पीने के लिए सरायमीर स्थित ढाबे पर जा रहे थे।

## यूपीआई से भुगतान प्रणाली में कई बदलाव

### यूपीआई से 2000 तक भुगतान पर कोई शुल्क नहीं, बड़े व्यापारिक भुगतान पर 0.4 प्रतिशत शुल्क

एजेंसी

नयी दिल्ली। यूपीआई के जरिये दुकानदारों को 2,000 रुपये से अधिक के भुगतान के लिए उनसे लिये जाने वाले शुल्क (एमडीआर) की गणना लेन-देन की राशि की सीमा के आधार पर एक स्पष्ट और तय सूत्र से की जाएगी। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने इस बारे में बार-बार पूछे जाने वाले सवालों (एफएक्यू) के जरिये शुल्क निर्धारण को स्पष्ट किया है। इसके तहत 3,000 रुपये की खरीदारी पर 0.4 प्रतिशत की दर लागू होने से व्यापारियों से लिये जाना वाला शुल्क (एमडीआर) 12 रुपये होगा। इसका भुगतान व्यापारी अपने भुगतान प्राप्त करने वाले बैंक को करेगा। पचास हजार रुपये की खरीदारी पर 0.4 प्रतिशत की दर से शुल्क 200 रुपये होगा। हालांकि, 1,00,000 रुपये की बड़ी खरीदारी पर 0.4 प्रतिशत की गणना से 400 रुपये बनते हैं, लेकिन यह तय अधिकतम सीमा के अधीन होगी और व्यापारी से 300 रुपये ही लिए जाएंगे। 75,000 रुपये या उससे अधिक के भुगतान पर प्रति लेन-देन अधिकतम शुल्क 300 रुपये तय है। 2,000 रुपये से कम के किसी भी लेन-देन पर कोई एमडीआर नहीं लगेगा। इसके साथ जनवरी, 2020 से लागू शून्य-एमडीआर व्यवस्था समाप्त हो गई है। इस व्यवस्था को डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने के लिए लागू किया गया था, लेकिन बैंक और वित्तीय-प्रौद्योगिकी (फिनटेक) कंपनियां लंबे समय से इस पर सवाल उठा रही थीं। आधिकारिक बयान के मुताबिक, नए बदलाव 15 अक्टूबर, 2026 से प्रभावी हो जाएंगे। मर्चेंट डिस्काउंटरेट (एमडीआर) वह शुल्क है जो डिजिटल ...शेष पृष्ठ 10 पर




**भुगतान की नयी व्यवस्था अक्टूबर से**

| | | |
|---|---|---|
| 2,000 रुपये से कम | शून्य | शून्य |
| 3,000 रुपये | 0.40% | 12 रुपये |
| 50,000 रुपये | 0.40% | 200 रुपये |
| 75,000 रुपये | तय 300 रु | 300 रुपये |
| | व उससे अधिक भुगतान | |

## किशाऊ परियोजना के लिए छह राज्यों में सहमति

### उत्तराखंड समेत छह राज्यों के लिए जल सुरक्षा का बनेगी नया आधार : धामी



प्रमुख संवाददाता

**❍ अमित शाह की अध्यक्षता में हुआ एमओयू, मुख्यमंत्री योगी व सीएम धामी समेत छह राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने किये हस्ताक्षर**

नई दिल्ली/देहरादून। करीब आठ दशक से लंबित किशाऊ बहुउद्देशीय परियोजना को आगे बढ़ाने के लिए अब अंतरराज्यीय सहमति का रास्ता खुल गया है। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में नई दिल्ली के कर्तव्य भवन में हुई बैठक में उत्तराखंड समेत छह राज्यों ने परियोजना के क्रियान्वयन को लेकर समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि किशाऊ परियोजना को लेकर वर्षों से चली आ रही प्रतीक्षा अब निर्णायक मोड़ पर पहुंच गई है। छह राज्यों के बीच समझौते से परियोजना को आगे बढ़ाने के लिए आवश्यक ढांचा तैयार ...शेष पृष्ठ 10 पर

## बांग्लादेश : अवामी लीग के सात वरिष्ठ नेताओं को सजा-ए-मौत

एजेंसी

ढाका। बांग्लादेश के अंतरराष्ट्रीय अपराध अधिकरण-2 ने प्रतिबंधित अवामी लीग के उन सात वरिष्ठ नेताओं को मानवता के खिलाफ अपराधों के लिए मंगलवार को मौत की सजा सुनाई, जिन पर 2024 में छात्रों के नेतृत्व में हुए विरोध प्रदर्शन (जुलाई विद्रोह) के दौरान हिंसा भड़काने या उसे बढ़ावा देने का आरोप है। न्यायमूर्ति मोहम्मद नजरुल इस्लाम चौधरी की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय अधिकरण-2 ने इन सात नेताओं के खिलाफ फैसला सुनाया। इन लोगों की अनुपस्थिति में यह मुकदमा चलाया गया था।

अधिकरण ने जिन लोगों को मौत की सजा सुनाई है, उनमें अवामी लीग के महासचिव और पूर्व सड़क परिवहन मंत्री ओबैदुल कादिर, संयुक्त महासचिव एएफएम बहाउद्दीन नसीम और पूर्व सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री मोहम्मद अली अराफात शामिल हैं। अन्य चार में-जुबो लीग के चेयरमैन शेख फजले शम्स पराश, इसके महासचिव मैनुल हुसैन खान निखिल, बांग्लादेश छात्र लीग के अध्यक्ष सद्दाम हुसैन और इसके महासचिव शेख वली आसिफ एनन-शामिल हैं। पूर्व प्रधानमंत्री शेख ...शेष पृष्ठ 10 पर

## भविष्य की लड़ाई में प्रौद्योगिकी तय करेगी रणनीतिक बढ़त : राजनाथ

एजेंसी

नयी दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को कहा कि भविष्य की लड़ाई में रणनीतिक बढ़त प्रौद्योगिकी नेतृत्व से तय होगी और आज की हमारी कल्पना ही कल की सैन्य क्षमता बनेगी।

सिंह ने यहां रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि 2047 तक विकसित भारत का विजन केवल आर्थिक रूप से मज़बूत भारत बनाने के बारे में नहीं है, बल्कि एक ऐसा भारत बनाने के बारे में है जो प्रौद्योगिकी रूप से आत्मनिर्भर, सामाजिक रूप से समावेशी, पर्यावरण की दृष्टि से टिकाऊ और रणनीतिक रूप से सुरक्षित हो। सिंह ने कहा कि रक्षा क्षेत्र इस विजन ...शेष पृष्ठ 10 पर



# बीबीडी में भजन सम्राट अनूप जलोटा के भजनों से मंत्रमुग्ध हुए श्रोता

## डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक को विराज सागर दास ने किया सम्मानित

अनिल कुमार सिंह

लखनऊ। बी.बी.डी. शैक्षणिक परिसर में आयोजित श्री गणेश महोत्सव-2026 के दूसरे दिन मंगलवार को देश के विख्यात भजन गायक पद्मश्री अनूप जलोटा ने भजनों की एक से बढ़कर एक सुमधुर प्रस्तुतियां दीं। उनके भजन सुनकर श्रोता भावविभोर हो उठे। कार्यक्रम की शुरुआत ऐसी लागी लगन मीरा हो गई मगन...अच्युतं केशवं कृष्ण दामोदरम... मेरी झोपड़ी के भाग आज खुल जाएंगे.. कौन कहता है कि भगवान आते नहीं.. इतनी शक्ति हमें देना दाता... काशी बदली अयोध्या बदली.. जय गणेश जय गणेश देवा... मेरे मन में राम तन में राम.. दुनिया चले न श्री राम के बिना, जग में सुंदर है दो नाम...नाम हरि का जप ले बंदे..आदि भजन सुनाकर उन्होंने वहां उपस्थित श्रद्धालुओं का दिल जीत लिया। भजन सम्राट के भजनों पर दर्शकों की तालियां खुद बखुद बजने लगीं।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक पहुंचे, जिनका स्वागत बीबीडी एजुकेशनल ग्रुप की चेयरपर्सन एवं बीबीडीयू की चांसलर श्रीमती अलका दास गुप्ता, प्रो चांसलर विराज सागर दास ने पुष्प गुच्छ एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन सभी को गणेश महोत्सव की बधाई देते हुए कहा कि पूज्य डॉ. अखिलेश दास गुप्ता जी ने शिक्षा को लेकर जो सपना ...शेष पृष्ठ 10 पर









### बीबीडी यूनिवर्सिटी देश-दुनिया में रौशन कर रही लखनऊ का नाम



लखनऊ। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि बीबीडी से हमारा बहुत पुराना रिश्ता है। पूज्य डॉ.अखिलेश दास ने शिक्षा को लेकर जो सपना देखा था, वह आज पूरा हो रहा है। बीबीडी यूनिवर्सिटी देश- दुनिया में लखनऊ का नाम रौशन कर रही है। उन्होंने कहा कि भाई साहब (डॉ.अखिलेश दास) के जाने के बाद बीबीडी की चेयरपर्सन श्रीमती अलका दास जी और प्रेसिडेंट विराज सागर दास ने उनके काम को बखूबी संभाल लिया है। उनके काम को, उनके सपनों को आगे बढ़ा रहे हैं। देश के प्रख्यात भजन सम्राट अनूप जलोटा जी आज हमारे बीच हैं। हमें उनके भजन सुनने का अवसर मिलेगा। यह हमारे लिए गौरव की बात है। गणपति उत्सव के अवसर पर मैं उन्हें और यहां उपस्थित छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देता हैं। जो जिस मनोकामना से आए हैं, भगवान गणपति उनकी वह इच्छा पूर्ण करें। बीबीडी के छात्र अच्छे अंक लाएं और उनका अच्छी कंपनियों में प्लेसमेंट हो, उन्हें अच्छी नौकरी मिले, ऐसी गणेश जी से प्रार्थना करता हूं। भगवान गणपति की बीबीडी परिवार और यहां के छात्रों पर कृपा बनी रहे, ऐसी मेरी प्रार्थना है।

# हिंदी दिवस पर हिंदी- हमारी पहचान, हमारी शान का आयोजन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** शिक्षा संकाय, बीबीडी विश्वविद्यालय, लखनऊ में हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में हिंदी- हमारी पहचान, हमारी शान शीर्षक के अंतर्गत अतिथि वक्ता एवं स्वरचित कविता प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में हिंदी भाषा के प्रति गर्व और सम्मान की भावना का संचार करना तथा उनकी रचनात्मक प्रतिभा को मंच प्रदान करना था।

कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना के साथ हुआ। यह कार्यक्रम बीबीडी विश्वविद्यालय की चांसलर श्रीमती अलका दास गुप्ता, प्रो चांसलर विराज सागर दास और वाइस प्रेसिडेंट सुश्री सोनाक्षी दास के आशीर्वाद और प्रेरणा से हुआ। बीबीडी विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर प्रो. एस. के. श्रीवास्तव एवं प्रो-वाइस चांसलर प्रो. एस. के. शर्मा के मार्गदर्शन और सम्बोधन ने इस कार्यक्रम को सफलतापूर्वक सम्पन्न करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

इस अवसर पर आमंत्रित अतिथि वक्ता प्रो. (डॉ.) अखिलेश कुमार शंखधर, प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, हिंदी संकाय, मणिपुर (केंद्रीय) विश्वविद्यालय, इम्फाल ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। वक्ताओं ने अपने उद्बोधन में हिंदी भाषा की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हिंदी हमारी पहचान और राष्ट्रीय एकता की सशक्त कड़ी है। उन्होंने हिंदी साहित्य और आधुनिक समय में उसकी प्रासंगिकता पर जोर देते हुए विद्यार्थियों को हिंदी लेखन और पठन-पाठन को बढ़ावा देने और हिंदी भाषा को शैक्षिक स्तर पर गौरवान्वित करने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों का आह्वान किया गया कि वे हिंदी के लेखन एवं अध्ययन-अध्यापन की परम्परा को सुदृढ़ करें तथा शैक्षिक जगत में उसे प्रतिष्ठित करें। स्वरचित कविता प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपनी-अपनी स्वरचित कविताओं के माध्यम से हिंदी भाषा की महिमा, संस्कृति और राष्ट्रप्रेम से ओत-प्रोत भावनाओं को अभिव्यक्त किया। प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी उत्कृष्ट काव्य रचनाओं से उपस्थित श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया।

निर्णायक मंडल ने प्रतिभागियों की रचनात्मकता, प्रस्तुति एवं भावाभिव्यक्ति के आधार पर विजेताओं का चयन किया, जिसमें शांभवी सिंह, स्कूल ऑफ एजुकेशन ने प्रथम, राजकमल वर्मा, बाबू बनारसी दास कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज ने द्वितीय एवं आंचल शर्मा, स्कूल ऑफ बेसिक साइंसेज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पाँच विद्यार्थियों को सांत्वना प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए।

इस कार्यक्रम का आयोजन विभागाध्यक्षा प्रो. (डॉ.) कनक द्विवेदी के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम समन्वयक डॉ. मावरा शुऐब, सहायक आचार्य, शिक्षा संकाय एवं समस्त शिक्षकों तथा छात्रों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग किया।

अंत में विभागाध्यक्षा प्रो. (डॉ.) कनक द्विवेदी ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। यह आयोजन सभी प्रतिभागियों एवं दर्शकों के लिए एक प्रेरणादायी अनुभव रहा, जिसने हिंदी भाषा की प्रासंगिकता और महत्व को पुनः स्मरण कराया।



# चित्रकूट लिंक एक्सप्रेसवे के लिए 1,008.67 करोड़ रुपये होंगे खर्च

## 15.172 किलोमीटर लंबे छह लेन ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे का होगा निर्माण, बुंदेलखंड से चित्रकूट धाम तक आसान होगा सफर, पर्यटन को मिलेगी रफ्तार



विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट की बैठक में चित्रकूट लिंक एक्सप्रेसवे के संशोधित प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई। प्रवेश नियंत्रित छह लेन के इस ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे के निर्माण पर 1,008.67 करोड़ रुपये खर्च होंगे। परियोजना का पूरा खर्च राज्य सरकार वहन करेगी। इसमें केंद्र सरकार की किसी तरह की वित्तीय भागीदारी प्रस्तावित नहीं है।

वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि चित्रकूट लिंक एक्सप्रेसवे की लंबाई 15.172 किलोमीटर होगी। इसका निर्माण इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट एंड कंस्ट्रक्शन (ईपीसी) मोड पर कराया जाएगा। व्यय-वित्त समिति द्वारा पूंजीगत मदों के लिए संशोधित प्रस्ताव की लागत का मूल्यांकन किया गया था, जिसे अब कैबिनेट ने स्वीकृति प्रदान कर दी है। परियोजना को मंजूरी मिलने के बाद निर्माणकर्ता के चयन की प्रक्रिया शुरू होगी। इसके लिए ग्लोबल बिड आमंत्रित की जाएगी। चयन प्रक्रिया पूरी होने के बाद एक्सप्रेसवे के निर्माण कार्य को आगे बढ़ाया जाएगा।

**चित्रकूट धाम तक पहुंच होगी आसान :** चित्रकूट लिंक एक्सप्रेसवे के निर्माण से बुंदेलखंड के प्रारंभिक बिंदु से चित्रकूट धाम तक आवागमन आसान और तेज होने की उम्मीद है। इससे दूर-दराज के क्षेत्रों से आने वाले यात्रियों को बेहतर यातायात सुविधा मिलेगी। प्रवेश नियंत्रित छह लेन एक्सप्रेसवे होने से यात्रियों को सुगम और व्यवस्थित सफर का लाभ मिल सकेगा। चित्रकूट धाम धार्मिक और पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थल है। एक्सप्रेसवे के निर्माण से यहां आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए कनेक्टिविटी बेहतर होगी। इससे पर्यटन गतिविधियों को गति मिलने और क्षेत्र के आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलने की संभावना है। बुंदेलखंड के विकास में भी यह परियोजना महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।

### अभियंताओं के वित्तीय अधिकार बढ़ाने को मंजूरी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को मुख्यमंत्री आवास पर हुई कैबिनेट की बैठक में उत्तर प्रदेश के अभियंत्रण विभागों में कार्यों के त्वरित एवं प्रभावी निष्पादन के लिए अभियंताओं के वित्तीय अधिकारों में वृद्धि किए जाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। इस फैसले से निर्माण कार्यों को गति देने और छोटे-छोटे कार्यों के लिए उच्च स्तर से अनुमोदन लेने की प्रक्रिया को आसान बनाने में मदद मिलेगी।

### 31 साल पुराने प्रावधानों में होगा संशोधन

वित्तीय नियम संग्रह खंड-1 में अभियंत्रण विभागों के अभियंताओं को वित्तीय अधिकारों का प्रतिनिधायन किया गया है। इन अधिकारों में समय-समय पर शासनादेशों के माध्यम से संशोधन और वृद्धि होती रही है। वर्तमान में वित्त (लेखा) अनुभाग-2 के शासनादेश के अनुसार वित्तीय अधिकार निर्धारित हैं। यह व्यवस्था पिछले 31 वर्षों से अधिक समय से लागू है। निर्माण सामग्री, श्रम और सेवाओं की लागत में उल्लेखनीय वृद्धि के कारण मौजूदा वित्तीय अधिकारों के तहत कार्यों के निष्पादन में कठिनाइयां आ रही थीं। छोटे-छोटे निर्माण कार्यों के लिए भी उच्च स्तर से अनुमोदन लेना पड़ता था, जिससे परियोजनाओं के क्रियान्वयन में देरी होती थी।

### लोक निर्माण से ग्रामीण अभियंत्रण तक मिलेगा लाभ

प्रस्ताव के तहत लोक निर्माण विभाग, सिंचाई विभाग, लघु सिंचाई विभाग, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग सहित अन्य अभियंत्रण विभागों के अभियंताओं को प्रदत्त वित्तीय अधिकारों के प्रतिनिधायन की सीमा में वृद्धि की जाएगी। इससे अभियंताओं को अपने स्तर पर निर्धारित वित्तीय सीमा के भीतर कार्यों को स्वीकृति देने और आगे बढ़ाने में अधिक सुविधा मिलेगी। निर्माण कार्यों के लिए बार-बार उच्च स्तर से अनुमोदन लेने की जरूरत कम होने से विकास परियोजनाओं की गति बढ़ाने में मदद मिलेगी।

### लागत बढ़ने के बीच जरूरी था बदलाव

निर्माण सामग्री, श्रम और सेवाओं की लागत में वृद्धि के कारण 1995 में निर्धारित वित्तीय अधिकारों के तहत कार्य कराना कठिन हो रहा था। ऐसे में वित्तीय अधिकारों में संशोधन की जरूरत महसूस की गई। सरकार के इस फैसले का उद्देश्य निर्माण कार्यों के निष्पादन में आने वाली व्यावहारिक दिक्कतों को दूर करना और परियोजनाओं को समय पर पूरा कराने की दिशा में कदम बढ़ाना है। इस फैसले से प्रदेश में सड़क, सिंचाई, ग्रामीण विकास और अन्य निर्माण परियोजनाओं के क्रियान्वयन को गति मिलने की उम्मीद है। वित्तीय अधिकारों के प्रतिनिधायन की सीमा बढ़ने से विभागीय स्तर पर निर्णय लेने की प्रक्रिया अधिक प्रभावी होगी।

### एलडीए पूरा करेगा एपीआईएल की हाईटेक टाउनशिप

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को कैबिनेट बैठक में लखनऊ स्थित मेसर्स एपीआईएल की हाईटेक टाउनशिप परियोजना को पूरा किए जाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई।

- इसके तहत हाईटेक टाउनशिप नीति के अंतर्गत दिए गए लाइसेंस के तहत स्वीकृत परियोजना को लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) टेकओवर करेगा। इसके बाद परियोजना को पूर्ण करने का प्रस्ताव राष्ट्रीय कंपनी विधि अधिकरण (एनसीएलटी) के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

### 2,912 करोड़ तक की संभावित देनदारी

प्रारंभिक अनुमान के अनुसार परियोजना की अधिकतम संभावित देनदारी करीब 2,912 करोड़ रुपये है। हालांकि, वास्तविक देनदारी आईआरपी (इंसॉल्वेंसी रिजॉल्यूशन प्रोफेशनल) प्रक्रिया के माध्यम से निर्धारित होगी, जिसके भुगतान के लिए आवश्यक धनराशि एलडीए को सीड कैपिटल के रूप में उपलब्ध कराई जाएगी।

### 5,000 होमबायर्स की समस्या सुलझने की उम्मीद

विशेष सचिव आवास राजेश कुमार राय ने बताया कि परियोजना को सरकारी अभिकरण के माध्यम से पूरा किए जाने से करीब 5,000 होमबायर्स की समस्या का समाधान संभव हो सकेगा। रुकी हुई परियोजना में दोबारा विकास कार्य शुरू कराए जा सकेंगे। हाईटेक टाउनशिप की शेष अवस्थापना सुविधाओं और उपयोगिताओं का विकास भी कराया जा सकेगा। इससे परियोजना को पूर्ण कर सुनियोजित विकास सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी।

- प्रस्ताव के तहत बंधक भूमि और ग्राम समाज की भूमि को किसी तीसरे पक्ष के पक्ष में विनियमित किए जाने के स्थान पर लखनऊ विकास प्राधिकरण के पक्ष में विनियमित किया जाएगा। इससे शासकीय भूमि की रक्षा होगी। साथ ही, भविष्य में शासकीय विभागों की देनदारियों की प्राप्ति की संभावना भी बेहतर हो सकेगी।

### रियल एस्टेट और रोजगार को मिलेगा बढ़ावा

किसी शासकीय अभिकरण के माध्यम से परियोजना को विकसित किए जाने से होमबायर्स के बीच विश्वास पैदा होगा। परियोजना पूरी होने से रियल एस्टेट क्षेत्र और निर्माण गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। इससे रोजगार सृजन में वृद्धि होने की भी उम्मीद है।

### सिद्धार्थनगर व हरदोई जिले में बनेंगे तीन नये बस स्टेशन

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में प्रदेश के तीन स्थानों पर बस स्टेशनों के निर्माण को मंजूरी मिल गई है। कैबिनेट ने सिद्धार्थनगर विधानसभा क्षेत्र के शोहरतगढ़, बढ़नी और हरदोई जिले की तहसील सवायजपुर में बस स्टेशन के निर्माण के लिए राजस्व विभाग की भूमि को परिवहन विभाग को निःशुल्क हस्तांतरण और नामांतरण किए जाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने बताया कि प्रस्ताव के अनुसार सिद्धार्थनगर के विधानसभा क्षेत्र शोहरतगढ़ के कस्बा शोहरतगढ, कस्बा बढ़नी और हरदोई की तहसील सवायजपुर में बस स्टेशन का निर्माण कराया जाना है। इन बस स्टेशनों के निर्माण के लिए राजस्व विभाग की चिह्नित भूमि परिवहन विभाग को उपलब्ध कराई जाएगी। दयाशंकर सिंह ने कहा कि बेहतर परिवहन सुविधा से सामाजिक विकास, जीवन स्तर में सुधार और पर्यटन को भी प्रोत्साहन मिलेगा। इस बुनियादी ढांचे के तहत सड़क नेटवर्क बेहतर होगा और यातायात संबंधी समस्याओं में कमी आएगी। इन बस स्टेशनों के बनने से शहर के आस-पास के लोगों को प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार के अवसर मिलेंगे। साथ ही बस स्टेशन परिसर में यात्रियों को सुविधाओं के साथ सुगम परिवहन सेवा उपलब्ध होगी। परियोजना से क्षेत्रीय आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलने, व्यापार एवं रोजगार के अवसर बढ़ने व स्थानीय अर्थव्यवस्था के सुदृढ़ होने की बात कही गई।

# बुनकरों के हुनर को मिलेगा सरकारी बाजार
## अस्पतालों में गूंजेगी हथकरघे की पहचान

**लखनऊ।** प्रदेश की योगी सरकार हथकरघा क्षेत्र को मजबूत करने और बुनकरों को उनके उत्पादों के लिए स्थायी बाजार उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल कर रही है। अब सरकारी अस्पतालों, मेडिकल कॉलेजों और अन्य चिकित्सा संस्थानों में इस्तेमाल होने वाले हथकरघा निर्मित उत्पादों की खरीद के जरिए प्रदेश के बुनकरों को बड़ा और सुनिश्चित बाजार उपलब्ध कराने की तैयारी है। इससे सरकारी संस्थानों की जरूरतें पूरी होने के साथ बुनकर परिवारों को नियमित रोजगार और आर्थिक मजबूती मिलने का रास्ता तैयार होगा।

मंगलवार को खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड, तिलक मार्ग, डालीबाग स्थित सभाकक्ष में खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग मंत्री राकेश सचान की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग में प्रयुक्त होने वाले हथकरघा उत्पादों की खरीद एवं आपूर्ति व्यवस्था को लेकर समीक्षा बैठक हुई। बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों के अनुपालन में सरकारी चिकित्सा संस्थानों में हथकरघा निर्मित बेडशीट और गॉज बैंडेज की खरीद एवं आपूर्ति सुनिश्चित करने की कार्ययोजना पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। मंत्री राकेश सचान ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आपूर्ति व्यवस्था को शीघ्र अंतिम रूप दिया जाए। सरकार का उद्देश्य सरकारी खरीद को केवल सामान की खरीद तक सीमित रखना नहीं, बल्कि इसके माध्यम से बुनकर परिवारों को निरंतर रोजगार, स्थायी बाजार और आर्थिक मजबूती देना है। सरकारी संस्थानों में स्थानीय बुनकरों द्वारा निर्मित उत्पादों की खरीद बढ़ने से बुनकरी क्षेत्र को नई गति मिलने की उम्मीद है। प्रस्तावित व्यवस्था के तहत उत्तर प्रदेश राज्य हथकरघा निगम लिमिटेड के माध्यम से सरकारी अस्पतालों, मेडिकल कॉलेजों और अन्य चिकित्सा संस्थानों में आवश्यकतानुसार बेडशीट, तकिया कवर और गॉज बैंडेज क्लॉथ की आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी।

# सरकारी स्कूलों में डिजिटल शिक्षा को नया विस्तार, 14,429 स्कूल बनेंगे स्मार्ट स्कूल

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों में डिजिटल शिक्षा को और मजबूत करने के लिए योगी सरकार ने बड़ा कदम उठाते हुए कैबिनेट बैठक में अहम निर्णय लिया है। प्रदेश के परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों को 'स्मार्ट स्कूल' के रूप में विकसित करने के लिए श्रीट्रॉन इंडिया लिमिटेड को कार्यदायी संस्था के रूप में नामित किया गया है।

कैबिनेट ने 300 करोड़ रुपये की स्वीकृत धनराशि के सापेक्ष 14,429 प्राथमिक विद्यालयों को स्मार्ट स्कूल के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया है। इन विद्यालयों में स्मार्ट क्लास की स्थापना चरणबद्ध तरीके से की जाएगी। प्रदेश सरकार पहले से ही बेसिक शिक्षा के क्षेत्र में डिजिटल सुविधाओं के विस्तार पर लगातार काम कर रही है।

वर्तमान में 32 हजार से अधिक विद्यालयों में स्मार्ट क्लास, 15 हजार से अधिक विद्यालयों में आईसीटी लैब और 1,129 विद्यालयों में डिजिटल लाइब्रेरी की सुविधा उपलब्ध है। इसके साथ ही 2 लाख 61 हजार से अधिक शिक्षकों को टैबलेट दिए जा चुके हैं। सरकार का प्रयास है कि डिजिटल माध्यमों के जरिए सरकारी स्कूलों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण और आधुनिक शिक्षा के बेहतर अवसर मिलें।

उत्तर प्रदेश के प्राथमिक विद्यालयों में स्मार्ट क्लास की शुरूआत योगी सरकार ने वर्ष 2021 में की थी और इनका विधिवत संचालन शैक्षिक सत्र 2022-23 से शुरू हुआ। स्मार्ट क्लास के माध्यम से बच्चों को विषयों को समझने में डिजिटल माध्यमों का लाभ मिल रहा है। अब प्राथमिक विद्यालयों को स्मार्ट स्कूल के रूप में विकसित करने के निर्णय से इस व्यवस्था का और विस्तार होगा।

कैबिनेट निर्णय के अनुसार बेसिक शिक्षा परिषद के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालयों को 'स्मार्ट स्कूल' के रूप में विकसित किया जाएगा। इसके लिए 300 करोड़ रुपये की स्वीकृत धनराशि के सापेक्ष 14,429 प्राथमिक विद्यालयों में स्मार्ट क्लास की स्थापना की जाएगी। स्मार्ट क्लास की स्थापना का कार्य नियमानुसार प्रतिस्पर्धात्मक निविदा के माध्यम से कराया जाएगा। इसके लिए प्रति विद्यालय 2,07,910 रुपये (सेनेटेज चार्जेज एवं जीएसटी सहित) की प्रस्तावित दर निर्धारित की गई है। यदि निविदा प्रक्रिया में प्रति विद्यालय इससे कम दर प्राप्त होती है, तो स्वीकृत कुल 300 करोड़ रुपये की धनराशि के भीतर अधिक संख्या में प्राथमिक विद्यालयों को स्मार्ट स्कूल के रूप में विकसित किया जा सकेगा।

प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों में विद्यार्थियों की संख्या और उच्च नामांकन के आधार पर चरणबद्ध तरीके से स्मार्ट क्लास एवं आईसीटी लैब की स्थापना की जाएगी। भारत सरकार की समग्र शिक्षा योजनान्तर्गत परिषदीय उच्च प्राथमिक विद्यालयों, कक्षा 6 से 8, में डिजिटल इनिशिएटिव प्रोग्राम के तहत उच्च नामांकन वाले विद्यालयों में भी चरणबद्ध रूप से स्मार्ट क्लास एवं आईसीटी लैब स्थापित किए जाने हैं।

परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों को स्मार्ट स्कूल के रूप में विकसित करने से बच्चों को पारंपरिक शिक्षण व्यवस्था के साथ आधुनिक तकनीक का लाभ मिलेगा। स्मार्ट क्लास और आईसीटी लैब के माध्यम से विद्यार्थियों की पढ़ाई को अधिक प्रभावी और रोचक बनाने में मदद मिलेगी। डिजिटल लाइब्रेरी की सुविधा भी बच्चों को सीखने के लिए अतिरिक्त डिजिटल संसाधन उपलब्ध कराएगी। योगी सरकार की प्राथमिकता प्रदेश के बच्चों को बेहतर, आधुनिक और तकनीक आधारित शिक्षा उपलब्ध कराना है। सरकारी स्कूलों में डिजिटल संसाधनों का लगातार विस्तार इसी प्रतिबद्धता का हिस्सा है, ताकि अधिक से अधिक बच्चे बदलती तकनीक के साथ कदम मिलाकर आगे बढ़ सकें।

# सीपीए के समारोह में शामिल हुए सतीश महाना



**लखनऊ।** केप टाउन, दक्षिण अफ्रीका में आयोजित कॉमनवेल्थ पार्लियामेंट्री एसोसिएशन (सीपीए) के वार्षिक सम्मेलन के उद्घाटन समारोह में विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने सहभागिता की। इस अवसर पर विभिन्न देशों के राष्ट्रमंडल सदस्य देशों के पीठासीन अधिकारियों एवं भारतीय प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों के साथ आत्मीय मुलाकात की।

# सैकड़ों लोगों ने थामा रालोद का दामन



**लखनऊ।** रालोद के प्रदेश मुख्यालय, लखनऊ में मंगलवार को प्रदेश अध्यक्ष ऐश्वर्य राज सिंह की अध्यक्षता में सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में जौनपुर के वरिष्ठ राजनीतिक एवं सामाजिक नेता मोहसिन राजा के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों ने तथा वरिष्ठ अधिवक्ता एवं राजपूत करणी सेना के उपाध्यक्ष अजय सिंह के नेतृत्व में दर्जनों लोगों ने राष्ट्रीय लोकदल की सदस्यता ग्रहण की। साथ ही किसान मंडी 7के पूर्व सीईओ सुनील राणा, सबा नईम, एड. नरेन्द्र सिंह, इतिहासकार चरण सिंह स्वामी ने भी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश अध्यक्ष ऐश्वर्य राज सिंह ने सभी नवागत सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि बड़ी संख्या में लोगों का रालोद से जुड़ना इस बात का प्रमाण है कि चौधरी चरण सिंह की विचारधारा, किसान हित, सामाजिक न्याय, भाईचारे और सर्वसमाज के सम्मान की राजनीति में आज भी जनता का विश्वास कायम है। कार्यक्रम का संचालन अंकुर सक्सेना एडवोकेट ने किया।

# पूर्वोत्तर में रेल नेटवर्क का विस्तार, 10 राज्यों में पहुंचा एनएफआर

## 102 सुरंगों में 77 निर्माणाधीन, एआई के जरिए निगरानी ‖ बांग्लादेश-नेपाल-भूटान से अंतरराष्ट्रीय जुड़ाव पर भी जोर

मालीगांव से आशीष मौर्य

**गुवाहाटी।** पूर्वोत्तर भारत में रेल कनेक्टिविटी को मजबूत करने के लिए नॉर्थईस्ट फ्रंटियर रेलवे (एनएफआर) बड़े पैमाने पर नई रेल लाइनों, सुरंगों और रणनीतिक रेल परियोजनाओं का विस्तार कर रहा है। मालीगांव स्थित एनएफआर मुख्यालय में मीडिया प्रतिनिधिमंडल को रेलवे की योजनाओं की जानकारी देते हुए मुख्य जनसंपर्क अधिकारी केके शर्मा ने बताया कि एनएफआर का नेटवर्क 10 राज्यों तक फैला है। कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के बीच रेल परियोजनाओं की निगरानी और सुरक्षा व्यवस्था में आधुनिक तकनीक, विशेषकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल भी बढ़ाया जा रहा है।

एनएफआर के प्रस्तुतीकरण के अनुसार जोन के अधीन 4540.97 रूट किलोमीटर (आरकेएम) और 7389.85 ट्रैक किलोमीटर (टीकेएम) का रेल नेटवर्क है। पहाड़ी और दुर्गम इलाकों में रेल लाइन बिछाने के लिए बड़े पैमाने पर सुरंगों का निर्माण किया जा रहा है। एनएफआर के नेटवर्क में कुल 102 सुरंगें हैं, जिनमें 77 सुरंगों पर निर्माण कार्य चल रहा है। पूर्वोत्तर के राज्यों में रेल कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए 767.40 आरकेएम नई रेल लाइनों का निर्माण या स्वीकृति की प्रक्रिया चल रही है। इनमें करीब 280.40 आरकेएम का काम पूरा हो चुका है। असम, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नगालैंड, त्रिपुरा, सिक्किम और पश्चिम बंगाल समेत विभिन्न क्षेत्रों में परियोजनाएं आगे बढ़ रही हैं।



### एआई से रेल और परियोजनाओं की निगरानी

दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियों में रेल नेटवर्क की निगरानी एनएफआर के लिए बड़ी चुनौती है। इसे देखते हुए रेलवे एआई आधारित तकनीक और आधुनिक निगरानी प्रणालियों का इस्तेमाल बढ़ा रहा है। इससे रेल पटरियों, संवेदनशील स्थानों और परियोजनाओं की निगरानी में तेजी आने के साथ संभावित जोखिमों की पहचान में मदद मिल रही है। तकनीक के इस्तेमाल का उद्देश्य मानवीय निगरानी को मजबूत करना और समय रहते समस्या का पता लगाकर कार्रवाई करना है। अंतरराष्ट्रीय सीमाओं से लगे पूर्वोत्तर में रणनीतिक रेल नेटवर्क का विस्तार भी महत्वपूर्ण है। सीमावर्ती और संवेदनशील क्षेत्रों में रेल कनेक्टिविटी को मजबूत करने में मदद मिलेगी।

### बांग्लादेश से लेकर नेपाल-भूटान तक कनेक्टिविटी

पूर्वोत्तर को पड़ोसी देशों से जोड़ने की दिशा में भी रेलवे की भूमिका बढ़ रही है। बांग्लादेश के रास्ते पूर्वोत्तर को अंतरराष्ट्रीय रेल नेटवर्क से जोड़ना इसमें अहम कड़ी है। त्रिपुरा के अगरतला से बांग्लादेश के अखौरा तक रेल संपर्क के जरिए पूर्वोत्तर को बांग्लादेश के रेल नेटवर्क से जोड़ने का रास्ता खुला है। हालांकि हाल के दौर में भारत-बांग्लादेश के बीच यात्री रेल सेवाएं बाधित हुईं। अब दोनों देशों के रेलवे अधिकारी इन्हें दोबारा शुरू करने की दिशा में बातचीत कर रहे हैं। वहीं नेपाल और भूटान के साथ भी रेल संपर्क बढ़ाने की दिशा में काम हो रहा है। नेपाल के साथ सीमा-पार माल परिवहन और भूटान के लिए प्रस्तावित कोकराझार-गेलेफू रेल लिंक क्षेत्रीय व्यापार और पर्यटन के लिए महत्वपूर्ण माने जा रहे हैं। इन संपर्कों के विकसित होने से पूर्वोत्तर को पड़ोसी देशों और आगे दक्षिण-पूर्व एशिया से जोड़ने की संभावनाएं मजबूत होंगी।

### दक्षिण-पूर्व एशिया का गेटवे बनाने की तैयारी

रेलवे की योजनाओं में पूर्वोत्तर को दक्षिण-पूर्व एशिया का गेटवे बनाने की रणनीति भी महत्वपूर्ण है। बांग्लादेश, नेपाल और भूटान से संपर्क बढ़ने के साथ म्यांमार और आगे दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों तक व्यापारिक और परिवहन संपर्क विकसित करने की संभावनाएं बढ़ेंगी।

### 226 किमी लंबा एलिफेंट कॉरिडोर

पूर्वोत्तर में रेल विस्तार के साथ पर्यावरण और वन्यजीव संरक्षण पर भी ध्यान दिया जा रहा है। ठत्रफ्रनेटवर्क में करीब 226 आरकेएम लंबा एलिफेंट कॉरिडोर है। हाथियों के आवागमन वाले क्षेत्रों में सुरक्षित रेल संचालन के लिए विशेष तकनीकी और निगरानी उपाय किए जा रहे हैं। नई रेल लाइनों, सुरंगों, रणनीतिक परियोजनाओं और एआई आधारित निगरानी के जरिए ठत्रफ्रपूर्वोत्तर के रेल नेटवर्क को आधुनिक बनाने में जुटा है। इसका लक्ष्य न केवल दूरदराज के इलाकों को देश के रेल नेटवर्क से जोड़ना है, बल्कि बांग्लादेश, नेपाल और भूटान के रास्ते पूर्वोत्तर को अंतरराष्ट्रीय व्यापारिक नेटवर्क से जोड़कर दक्षिण-पूर्व एशिया के लिए महत्वपूर्ण गेटवे के रूप में विकसित करना भी है।

# विभिन्न जिलों में स्थित 14 धार्मिक स्थलों का शिलालेखन एवं बारकोड का कार्य पूर्ण

**लखनऊ।** वित्तीय वर्ष 2025-26 में 575 परियोजनाएं स्वीकृत हुई हैं, जिनमें शिलालेख और बारकोड व्यवस्थाओं का प्राविधान किया गया है। जिसके तहत कुल 14 आस्था स्थलों पर शिलालेख और बारकोड लगाये जा चुके हैं। शेष स्थलों पर बारकोड लगाये जाने की प्रक्रिया शुरू की गयी है। यह जानकारी प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि प्रदेश के धार्मिक एवं प्राचीन तथा ऐतिहासिक महत्व के धरोहरों के बारे में श्रद्धालु एवं पर्यटकों को जानकारी देने के लिए यह व्यवस्था की गयी है। शिलालेखन से संबंधित पुरातात्विक एवं ऐतिहासिक धरोहरों के बारे में संक्षिप्त जानकारी उकेरी गयी है। इससे आम लोगों को इस स्थल की महत्ता एवं मान्यताओं के बारे में जानकारी प्राप्त हो सकेगी। जिन स्थलों पर शिलालेखन एवं बारकोड लगाने का कार्य पूरा हो चुका है, उसमें नार्दानंद ऋषि आश्रम मैनपुरी, सामौर बाबाधाम फिरोजाबाद, वनखण्डेश्वर मंदिर उखरैंड, च्यवन ऋषि आश्रम मैनपुरी, राधाकृष्णन मंदिर फिरोजाबाद, प्रसिद्ध कल्याणी माता मंदिर प्रयागराज, श्रीदुवार्सा आश्रम प्रयागराज, शूलकंटेश्वर महादेव मंदिर प्रयागराज तथा श्री दशाश्वमेघ मंदिर प्रयागराज शामिल हैं। इसके अलावा पगलानंद आश्रम प्रयागराज, कमन्हिया बाबा मंदिर अयोध्या, प्राचीन शिवाला मंदिर अयोध्या, प्राचीन ज्वालादेवी मंदिर सुचितागंज सोहावल अयोध्या तथा गहनाग बाबा मंदिर अयोध्या शामिल हैं। अन्य स्थानों पर संचालित परियोजनाओं में कार्यदायी संस्थाओं द्वारा बारकोड युक्त शिलालेख लगाये जा रहे हैं।

संक्षेप

## नदी में उतराया मिला वृद्ध का शव, कोहराम



प्रतापगढ़। शौच के लिए निकले वृद्ध का शव नदी में उतराये जाने को लेकर परिजनों में कोहराम मच गया। लीलापुर थाना क्षेत्र के मदिया गांव निवासी अमर सिंह (60) पुत्र शोभनाथ सिंह मंगलवार की सुबह करीब छह बजे घर के समीप लोनी नदी की ओर शौच को गया था। सुबह करीब आठ बजे ग्रामीणों ने नदी में वृद्ध का शव उतराया हुआ देखा। ग्रामीणों की सूचना पर परिजन पहुंचे तब वृद्ध को मृत देख विलाप करने लगे। मृतक अमर सिंह छह भाईयों में सबसे बड़े थे। मृतक घर पर रहकर खेती किसानी व मजदूरी से परिवार का भरण पोषण किया करता है। सूचना पर लीलापुर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया। एसओ वारिज कसेरा का कहना है शव पीएम के लिए भेजा गया है। पीएम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा। वहीं वृद्ध की मौत को लेकर गांव में तरह तरह की चर्चा का माहौल देखा सुना गया।

## निर्माण कार्य में अनियमितता को लेकर शिकायत

प्रतापगढ़। ग्राम पंचायत में इण्टर लाकिंग निर्माण कार्य में गुणवत्ता में खामी को लेकर ग्रामीणों ने रामपुर संग्रामगढ़ के खण्ड विकास अधिकारी को शिकायती पत्र सौंपा है। ग्राम पंचायत प्रतापरूद्रपुर के रामनरेश ओझा समेत कई ग्रामीणों ने खण्ड विकास अधिकारी को दिये गये शिकायती पत्र में कहा है कि गांव के टोडरपुर में उसके दरवाजे से इंटरलाकिंग निर्माण कार्य कराया जा रहा है। आरोप है कि निर्माण कार्य में मानक के अनुरूप सामग्री का प्रयोग नहीं हो रहा है। वहीं इंटरलाकिंग में लगाई जा रही ईंट भी गुणवत्ता विहीन है। खण्ड विकास अधिकारी ने शिकायत की जांच कराकर निस्तारण का भरोसा दिलाया।

## आरोपी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी पर केस

प्रतापगढ़। सोशल मीडिया पर सवर्ण समाज के विरूद्ध आपत्तिजनक एवं अभद्र टिप्पणी को लेकर लालगंज पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। महेशगंज थाना के झींगुर निवासी पवन मिश्रा सवर्ण आर्मी के प्रदेश अध्यक्ष हैं। उन्होंने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि लालगंज कोतवाली के ढिंगौसी निवासी आरोपी शिवकुमार प्रजापति पुत्र रमाकान्त द्वारा सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल कर सवर्ण समाज के विरूद्ध अभद्र टिप्पणी की गयी है। उन्होंने तहरीर में कहा है कि इससे वर्ग विशेष की भावनाओं पर आघात पहुंचा है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी शिवकुमार के खिलाफ आईपी एक्ट के तहत केस दर्ज किया है।

## राज्यपाल को ज्ञापन भेजा

इटावा। वामपंथी दलों के प्रदेशव्यापी आहवान पर मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी इटावा द्वारा राज्यपाल को ज्ञापन भेजते हुए विगत दिनों सहारनपुर अवैधानिक तरीको से गिरायी गयी मस्जिद पर चिंता प्रकट की। ज्ञापन में सहारनपुर की जिस मस्जिद को गिराया गया वह भूमि याकूबखां और वहीदखां के नाम बतायी जा रही है। मस्जिद 1911 में और सहारनपुर कलेक्ट्रेट बहुत बाद में बनी, साक्ष्य मस्जिद के पक्ष में है।

ज्ञापन में मांग की गयी कि अवैधानिक तरीके से मस्जिद को गिरानें बाले अधिकारियों, कर्मचारियों को चिंहित कर दण्डित किया जाये, मस्जिद को अपील का 30 दिन का समय न दिया जाना गलत है, यह हमारी न्यायव्यवस्था में गलत हस्तक्षेप है, इससे बचा जाये। मस्जिद को पुनः उसी स्थान पर बनाया जाये तथा पीडित पक्ष को मुआवजा दिया जाये।

## अभियुक्त से कारतूस व तलवार बरामद

इटावा। पुलिस ने अभियुक्त को किया गिरफ्तार कर कब्जे से 50 अवैध जिन्दा कारतूस व अवैध तलवार बरामद की। क्षेत्राधिकारी भरथना रामदवन के नेतृत्व में थाना लवेदी पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा दिये गये निदेशों 15 सितम्बर की रात्रि को थाना लवेदी पुलिस द्वारा चन्द्रपुरा नहर के पास संदिग्ध व्यक्ति, वाहन चेकिंग की जा रही थी।

# गणपति बप्पा के जयघोष से गूंजे पांडाल



जिला संवाददाता

कटरा, श्रावस्ती। महावीर बाबा थान परिसर में मंगलवार को जैसे ही गणपति की आरती के स्वर गूंजे, पूरा वातावरण श्रद्धा और भक्ति से भर उठा। एक ओर भगवान गणेश की प्रतिमा के सामने दीपों की रोशनी जगमगा रही थी तो दूसरी ओर श्रद्धालुओं के जयघोष से परिसर भक्तिमय हो गया। हर तरफ एक ही आवाज सुनाई दे रही थी—गणपति बप्पा मोरया। इसी आस्था और उल्लास के बीच पवन कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में गणेश महोत्सव का भव्य शुभारंभ हुआ। महोत्सव की शुरुआत कथा वाचक पंडित ओमप्रकाश मिश्रा ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कराई। मुख्य अतिथि चरक चिकित्सालय, इकौना के प्रबंधक डॉ. एसके गुप्ता ने गणेश प्रतिमा की आंखों की पट्टी खोलकर महोत्सव का शुभारंभ किया। इसके बाद उन्होंने विधिवत पूजन किया और भगवान गणेश से क्षेत्र में सुख-समृद्धि, शांति और जनकल्याण की कामना की। प्रतिमा के दर्शन होते ही श्रद्धालुओं में उत्साह की लहर दौड़ गई। लोगों ने हाथ जोड़कर भगवान गणेश के चरणों में शीश नवाया और मंगलकामना की।

पूजा के दौरान महावीर बाबा थान परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ती चली गई। बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग सभी गणपति के दर्शन के लिए पहुंचे। वातावरण में भक्ति के साथ उत्सव का उल्लास भी दिखाई दिया। कथा वाचक पंडित ओमप्रकाश मिश्रा ने श्रद्धालुओं को भगवान गणेश की महिमा से परिचित कराया। उन्होंने कहा कि भगवान गणेश हिंदू धर्म के आदि आराध्य देव हैं और उन्हें शुभ, बुद्धि तथा मंगल का प्रतीक माना जाता है। धार्मिक परंपरा में किसी भी पूजा, यज्ञ, अनुष्ठान, संस्कार या विवाहोत्सव की शुरुआत भगवान गणेश के पूजन से की जाती है, ताकि कार्य निर्विघ्न पूरा हो। उन्होंने कहा कि भारतीय सनातन परंपरा में गणेश आराधना का विशेष महत्व रहा है। छत्रपति शिवाजी महाराज भी भगवान गणेश के उपासक थे। गणेश महोत्सव केवल पूजा का अवसर नहीं, बल्कि लोगों को आस्था और सामाजिक एकता से जोड़ने का माध्यम भी है। कथा के दौरान श्रद्धालु पूरी तन्मयता से भगवान गणेश की महिमा सुनते रहे। महोत्सव में पूजा-अर्चना के बाद श्रद्धालुओं ने गणपति के समक्ष अपनी मनोकामनाएं रखीं। किसी ने परिवार की सुख-शांति तो किसी ने क्षेत्र की समृद्धि की प्रार्थना की। बच्चों में भी विशेष उत्साह दिखाई दिया। आयोजन स्थल पर देर तक भक्ति और उल्लास का वातावरण बना रहा। कार्यक्रम में मिथिलेश कुमार चौधरी, रामकुमार मिश्र, रामबरन मौर्य, पप्पू वर्मा, पुत्तीलाल साहू सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। महावीर बाबा थान परिसर में शुरू हुआ गणेश महोत्सव श्रद्धा, विश्वास और उल्लास की ऐसी छाप छोड़ गया, जिसकी गूंज देर तक लोगों के बीच सुनाई देती रही।

# दिशा की बैठक में योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने के निर्देश



श्रावस्ती। कलेक्ट्रेट सभागार में सांसद राम शिरोमणि वर्मा की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक हुई। सांसद ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचाया जाए। योजनाओं का समाचार पत्रों से प्रचार कर लोगों को जानकारी दी जाए। जनप्रतिनिधियों द्वारा बताई गई समस्याओं का प्राथमिकता से निस्तारण हो। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास में सत्यापन के बाद पात्रों को लाभ देने, नगर निकायों में नियमित सफाई और अतिक्रमण हटाने तथा सिरसिया-जमुनहा में सिंचाई व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार और रिक्त पदों के लिए पत्राचार कराने को कहा। बैठक में बताया गया कि एक जुलाई से 31 अगस्त तक रोजगार योजना में 1.50 लाख मानव दिवस सृजित कर 10,113 परिवारों को लाभ दिया गया और 337.22 लाख रुपये खर्च हुए। सांसद निधि से प्रस्तावित 167 हाईमास्ट में 123 तथा 602 सोलर लाइट में 543 स्वीकृत हुईं और 54 हाईमास्ट लगाई गईं। ग्रामीण आजीविका मिशन में 8,655 स्वयं सहायता समूह बने तथा महिलाओं को पोल्ट्री, बकरी पालन, किराना, नर्सरी, मसाला, अचार-मुरब्बा, सफाई सामग्री सहित विभिन्न कार्यों से जोड़ा गया। वृद्धावस्था पेंशन के 31,160, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ के 218 आवेदन स्वीकृत हुए, 5,682 दिव्यांगों को पेंशन मिली। निराश्रित महिला पेंशन में 20,602 लाभार्थियों को 616.94 लाख रुपये तथा वर्ष 2026-27 में 708 नए आवेदन अग्रसारित किए गए।

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण में 66,601 परिवारों का सर्वे और 10,794 अपात्र परिवारों को हटाया गया। फसल बीमा में 55,223 आवेदन, 11,200 हेक्टेयर क्षेत्र और 243 किसानों को 8.71 लाख रुपये क्षतिपूर्ति मिली। किसान सम्मान निधि से 2,29,179 किसान लाभान्वित हैं।

# अपर निदेशक ने संयुक्त चिकित्सालय बांसी का किया निरीक्षण



बांसी सिद्धार्थनगर। बांसी तहसील कस्बा स्थित 50 शैय्यायुक्त संयुक्त चिकित्सालय का बस्ती मंडल के अपर निदेशक चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग नीरज कुमार पांडेय ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल की व्यवस्थाओं और मरीजों को मिल रही स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लेने के साथ चिकित्सकों व स्वास्थ्य कर्मियों के साथ विभागीय कार्यों की समीक्षा की।

अपर निदेशक ने इमरजेंसी वार्ड, ओपीडी, मेडिसिन विभाग, पैथोलॉजी लैब, आयुष्मान कार्ड केंद्र, आयुष्मान आरोग्य दवा वितरण केंद्र और एक्सरे विभाग का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों से सेवाओं की जानकारी ली। उन्होंने अस्पताल में भर्ती मरीजों से बातचीत कर उपचार, दवाओं और अन्य स्वास्थ्य सुविधाओं की स्थिति भी जानी। उन्होंने स्वास्थ्य कर्मियों को मरीजों को बेहतर उपचार और सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा अस्पताल में मिली कमियों को तत्काल दूर करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान डॉ. रविकांत सिंह, डॉ. एमके चौधरी, डॉ. ध्रुव चौधरी, डॉ. अश्वनी चौधरी, डॉ. अफरोज नैयर, डॉ. राक्शा मुमताज, डॉ. संजय शर्मा, दीपक वर्मा, चीफ फार्मासिस्ट रत्न शंकर चौधरी सहित अन्य चिकित्सक व स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

## एसएसपी ने जनता दर्शन में सुनीं फरियादियों की समस्याएं




सिद्धार्थनगर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन ने पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई कर फरियादियों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान कुल 10 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें तीन भूमि विवाद, दो पैसे के लेन-देन, एक पारिवारिक विवाद तथा चार अन्य मामलों से संबंधित रहे। एसएसपी ने संबंधित अधिकारियों को सभी शिकायतों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## चांदी का मुकुट पहनाकर सपा प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत, चर्चा में आया अंदाज



सिद्धार्थनगर। सपा प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल के सिद्धार्थनगर आगमन पर सपा नेता एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष जमील सिद्दीकी ने जोरदार स्वागत किया। इस दौरान जमील सिद्दीकी ने उन्हें चांदी का मुकुट पहनाया, जो जिलेभर में चर्चा का विषय बना हुआ है। बांसी की नगर पालिका अध्यक्ष चमन आरा राईनी व सपा जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद इद्रीश राईनी पूर्व विधायक लालजी यादव आदि ने बड़ा फूल मालाओं को पहना कर जोर दार स्वागत किया गया, स्वागत से गदगद श्यामलाल पाल ने इसे ह्लसपा का हृदय प्रेमह्व बताते हुए कहा कि पार्टी में छोटे-बड़े सभी नेताओं के बीच हृदय से प्रेम और सम्मान का भाव रहता है।

## एमएसएमई योजनाओं पर कार्यशाला आयोजित, युवाओं को स्वरोजगार के लिए दी जानकारी




सिद्धार्थनगर। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में लोहिया कला भवन में उद्यम लॉन्च पैड के तहत एमएसएमई योजनाओं पर कार्यशाला आयोजित हुई। जिलाधिकारी ने युवाओं से कार्यशाला के माध्यम से स्वरोजगार के अवसरों की जानकारी लेकर योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। उन्होंने मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार व मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना सहित अन्य योजनाओं की जानकारी देते हुए तहसील स्तर पर भी कार्यशालाएं आयोजित कराने के निर्देश दिए। शासन से आए विशेषज्ञों ने पीपीटी के माध्यम से योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी।

## नाबालिग से छेड़खानी के आरोपी को 5 वर्ष का कठोर कारावास

बांसी सिद्धार्थनगर, । ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत जिला मॉनिटरिंग सेल व थाना बांसी पुलिस की प्रभावी पैरवी पर पॉक्सो न्यायालय ने नाबालिग से छेड़खानी के आरोपी रितेश उर्फ तेजू उर्फ अभिषेक को धारा 354 भादवि व 9/10 पॉक्सो एक्ट में 5 वर्ष के कठोर कारावास व ?20 हजार अर्थदंड से दंडित किया। अभियोजन में जिला मॉनिटरिंग सेल, अभियोजक पवन कुमार कर पाठक व न्यायालय पैरोकार आरक्षी नसीम अहमद का सराहनीय योगदान रहा।

# मां पाटेश्वरी शक्ति संवाद में महिलाओं की समस्याएं सुनीं

## महिलाओं की समस्याओं का प्राथमिकता से होगा समाधान जिलाधिकारी



श्रावस्ती। जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय में ह्यमां पाटेश्वरी शक्ति संवादह्ण कार्यक्रम के तहत महिलाओं की समस्याएं सुनीं। जिले के अलग-अलग क्षेत्रों से आई महिलाओं ने पारिवारिक विवाद, जमीन से जुड़े मामलों और सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने से संबंधित शिकायतें जिलाधिकारी के सामने रखीं।

जिलाधिकारी ने सभी महिलाओं की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को शिकायतों का जल्द और गुणवत्तापूर्ण समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि महिलाओं को समय पर और बेहतर न्याय दिलाना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि ह्यमां पाटेश्वरी शक्ति संवाद का उद्देश्य महिलाओं को सुरक्षित और संवेदनशील माहौल में अपनी बात रखने का अवसर देना है। साथ ही उनकी शिकायतों का समयबद्ध तरीके से समाधान कराना है, ताकि दूर-दराज क्षेत्रों की महिलाओं को भी अपनी समस्याओं के समाधान के लिए सुविधा मिल सके।

इसके अलावा जनता दर्शन में जिलाधिकारी के सामने कुल 19 शिकायतें आईं। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी शिकायतों का निर्धारित समय में निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि शिकायतों के समाधान में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अधिकारी केवल कागजी कार्रवाई तक सीमित न रहें, बल्कि जरूरत पड़ने पर मौके पर जाकर समस्या का वास्तविक समाधान करें, जिससे शिकायतकर्ता को बार-बार कार्यालय के चक्कर न लगाने पड़ें।

## एसपी ने सुनीं जनमानस की समस्याएं



श्रावस्ती। पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी ने मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जनता दर्शन के दौरान लोगों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने अपनी शिकायतें और समस्याएं पुलिस अधीक्षक के सामने रखीं।

जनता दर्शन में जमीन से जुड़े विवाद, मारपीट, पारिवारिक विवाद, साइबर अपराध सहित अन्य मामलों से संबंधित प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। पुलिस अधीक्षक ने प्रत्येक मामले को गंभीरता से सुनने के बाद संबंधित अधिकारियों को शिकायतों का जल्द और निष्पक्ष तरीके से निस्तारण करने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों से कहा कि लोगों की शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए और पीड़ितों को समय पर न्याय दिलाने का प्रयास किया जाए। जनता दर्शन के माध्यम से पुलिस और आमजन के बीच सीधा संवाद स्थापित करने के साथ लोगों की समस्याओं के त्वरित समाधान पर जोर दिया जा रहा है।

# अधिवक्ताओं ने कैशलेस उपचार का किया स्वागत

## सुरक्षा अधिनियम की लगायी गुहार



प्रतापगढ़। प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा अधिवक्ताओं को सालाना पांच लाख रुपए कैसलेस उपचार की सुविधा को लेकर मंगलवार को वकीलों में प्रसन्नता देखी गयी। वहीं अधिवक्ताओं ने तहसील परिसर में अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम को लेकर भी हुंकार भरी। वकीलों की आम सभा को संबोधित करते हुए आल इण्डिया रूरल बार एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने कहा कि मुख्यमंत्री की यह घोषण देर आये पर दुरूस्त आये के तहत संतोषजनक है। उन्होंने कहा कि उपचार की सुविधा प्रदेश के सभी अधिवक्ताओं समान रूप से मिलनी चाहिए। पूर्व अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश ने कहा कि हालही में कानपुर में अधिवक्ताओं के प्रदेश सम्मेलन में कैशलेस हेल्थ बीमा का प्रस्ताव पारित किया गया था। उन्होंने कहा कि यह अधिवक्ताओं के संघर्ष की एक और जीत है। अधिवक्ताओं ने आमसभा में अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम की मांग को लेकर नारेबाजी भी की। सभा की अध्यक्षता संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष राजेशचन्द्र तिवारी व संचालन पूर्व महामंत्री संतोष पाण्डेय ने किया। इस मौके पर टीपी यादव, शिवाकान्त उपाध्याय, विपिन शुक्ल, सुशील शुक्ल, रामलगन यादव, शिवनारायण शुक्ल, केके शुक्ला, दीपेन्द्र तिवारी, रामलखन शर्मा, सिंटू मिश्रा आदि अधिवक्ता रहे।

## छात्र छात्राओं ने पौराणिक स्थली का किया भ्रमण, शिल्पकला के सीखे गुर

प्रतापगढ़। सांगीपुर विकास खण्ड के पौराणिक गांव कुम्भापुर में छात्र छात्राओं ने मंगलवार को संयुक्त भ्रमण में ऐतिहासिक एवं पौराणिक विरासत की जानकारी साझा की। वहीं छात्र छात्राओं के ग्रुप ने शिल्पकला के क्षेत्र में सूप बनाने की विधा व गुर को लेकर भी जागरूकता हासिल की। स्टेट माई विजिट एवं पर्यटन



विभाग की रूरल ग्राम गंगे परियोजना के तहत गांधी इंटर मीडिएट कालेज के चौंतीस छात्रों व राजकीय बालिका इण्टर कालेज शुकुलपुर की तीस छात्राएं जागरूकता ग्रुप में उत्साह व उमंग में दिखी। डा. प्रमोद शुक्ल ने छात्र छात्राओं को ग्रामीण पर्यटन के महत्व की जानकारियां प्रदान की। वहीं आचार्य उपेन्द्र मिश्र ने ग्रुप को कुम्भापुर से जुड़े पौराणिक महत्व के प्रसंग सुनाए। ग्रुप की गतिविधियों में सराहनीय प्रस्तुति के लिए कृष्णा सिंह, नेहा शुक्ला, प्रिया वर्मा व सांगीपुर के गांधी इंटर कालेज के छात्र सिद्धार्थ सिंह, रोहित प्रजापति, अहम गुप्ता को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्रधान प्रतिनिधि आशुतोष मिश्रा, सरिता शुक्ला, पिंकी मिश्रा, श्वेता पाण्डेय, केडी दुबे, डा. बच्चा बाबू वर्मा, रविशंकर उपाध्याय, रवि कुमार, अनुराग कुमार, समीर त्रिपाठी, अजीत यादव, सूरज पाल, नन्हें खां आदि रहे।

# महंगाई व बिजली कटौती से जनता हो उठी है त्रस्त : मोना

## कांग्रेस विधान मण्डल दल की नेता ने ग्रामीणों से किया संवाद

**प्रतापगढ़।** क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधान मण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना मंगलवार को रामपुर खास विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में आयोजित जन संवाद कार्यक्रमों में शामिल हुईं। वहीं विधायक आराधना मिश्रा मोना ने पार्टी के संगठन सृजन अभियान के तहत कार्यकताओं से भी रूबरू हुईं। एक दिवसीय दौरे में विधायक आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि भाजपा सरकार की विफलता के कारण जनता इस समय बिजली कटौती तथा महंगाई से त्रस्त हो उठी है। उन्होंने ननौती में पार्टी कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि लगातार बढ़ती महंगाई के बीच खुरदा महंगाई दर का अब तक के उच्चतम स्तर 4.82 प्रतिशत पर पहुंचना चिन्ताजनक हैं। उन्होंने कहा कि मध्यम वर्ग के लोगों को इस समय प्याज, सरसों का तेल, लहसुन, चावल, चीनी आदि के



बढ़ते दामों के कारण तकलीफ में देखा जा रहा है। वहीं उन्होंने प्रदेश में अघोषित विद्युत कटौती के कारण भी लोग परेशान हैं। अपने निर्वाचन क्षेत्र रामपुर खास में लालगंज तथा सांगीपुर व रामपुर संग्रामगढ़ ब्लाक के अन्तर्गत सायं कालीन बिजली कटौती की समस्या को लेकर विधायक मोना द्वारा स्वयं तथा सांसद प्रमोद तिवारी की ओर से यूपी पावर कार्पोरेशन के चेयरमैन आशीष गोयल को लिखे गये पत्र की भी जानकारी दी। ग्रामीणों के साथ हुये संवाद कार्यक्रमों में विधायक आराधना मिश्रा ने रामपुर खास के बहुमुखी विकास में तेजी के साथ सुदृढ़ विकास जारी रखने का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए हर जरूरी परियोजनाओं का यहां मजबूती से संचालन होता रहेगा। उन्होंने संवाद कार्यक्रमों में लोगों की समस्याओं की भी सुनवाई की। विधायक मोना रांकी गांव में हो रही श्रीमद् भागवत कथा में भी शामिल हुईं। वहीं राहाटीकर के पुनीत का पुरवा में स्थित राजाबली धाम में विधायक आराधना मिश्रा मोना भगवान श्रीकृष्ण दर्शन शोभा यात्रा के धार्मिक आयोजन में भी शामिल हुयी। क्षेत्रीय दौरे में विधायक आराधना मिश्रा मोना ने पेड़रिया, भंवरी, नसीरपुर, पूरे शिवबोध, देवसढ़ा, रेहुआ लालगंज, आमीशंकरपुर में भी लोगों से मुलाकात कर क्षेत्रीय विकास परियोजनाओं के संचालन में सहयोग मांगा। लालगंज के उमापुर में वह साहित्यकार डा. अनुज नागेन्द्र की मां तथा सोहागपुर में समाजसेवी हरिपाल ओझा के हाल ही में हुये निधन पर परिजनों से मिलकर संवेदना प्रकट की। इस मौके पर प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, ब्लाक प्रमुख अशोक सिंह बबलू, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, डा. अमिताभ शुक्ल, हगपाल यादव, आशीष उपाध्याय, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, रामबोध शुक्ला, पप्पू तिवारी, ददन सिंह, सत्येन्द्र सिंह, छोटे लाल सरोज, त्रिभू तिवारी, रामचन्द्र तिवारी, केडी मिश्र, सिंटू मिश्रा, राम सिंह पटेल, नन्हें खां आदि रहे।

लखनऊ नगर निगम
3, त्रिलोकनाथ मार्ग, लालबाग, लखनऊ. ई-मेलः nnlko@up.nic.in

सार्वजनिक सूचना

कृपया सार्वजनिक रूप से अवगत कराना है कि फैजाबाद रोड स्थित कैलाशकुंज जोन-4 दुकान सं. 01 शाबिर अली पुत्र जाबिर अली, पता-निवासी-177 जम्बूरखाना कम्पाउण्ड, थाना कैसरबाग, लखनऊ, दुकान सं. 02 हनुमान पुत्र श्यामलाल, पता-इस्माईलगंज मस्जिद के पास, थाना गाजीपुर, लखनऊ, दुकान सं. 03 हाजी मो0 सलीम पुत्र हाजी खुर्शीद, पता-108/208 तालाब गंगनी शुक्ल, थाना कैसरबाग, लखनऊ, दुकान सं. 04 ओमप्रकाश पुत्र हरीराम, पता-बी-2 प्रताप कालोनी, मारुतीपुरम, फैजाबाद रोड, लखनऊ, दुकान सं. 05 नवी अहमद पुत्र अफसर अली, पता-108/208 तालाब गंगनी शुक्ल, थाना कैसरबाग, लखनऊ तथा जोन-3 में स्थित अलीगंज सेक्टर-एच पेट्रोल पम्प दुकान सं. 02 फखरुद्दीन पुत्र रशीदन, पता-491 इरादतनगर, डालीगंज, लखनऊ के सभी आवंटियों की मृत्यु हो जाने के कारण आवंटन की शर्तों व शासनादेश सं. 1073बी(1)/11-5-14(1)/78 नगरपालिका अनुभाग-5 दिनांक 26/06/1978 के क्रम में नगर आयुक्त महोदय के आदेश दिनांक 07/09/2026 द्वारा उपरोक्त सभी दुकानों का आवंटन निरस्त कर दिया गया है। उक्त दुकान से सम्बन्धित सभी व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि वे उक्त दुकान का कब्जा निगम को तीन दिवस के अन्दर हस्तगत कर दें, अन्यथा की स्थिति में उक्त दुकान पर काबिज एवं अवैध रूप से अध्यासित व्यक्तियों के विरुद्ध बेदखली की कार्यवाही की जायेगी। समय उपरान्त किसी भी प्रत्यावेदन पर विचार नहीं किया जायेगा। कृपया अवगत होना चाहें।

कर निर्धारण अधिकारी (रेण्ट)
नगर निगम, लखनऊ

संक्षेप

## सार्वजनिक गणेश महोत्सव में कांग्रेस नेत्री ने विधिविधान से पूजन किया



फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। सार्वजनिक गणेश महोत्सव में टीम के साथ सम्मिलत हुईं कांग्रेस नेत्री विदुषी बाजपेयी ने विधि विधान से पूजा अर्चना की। क्षेत्र के गोविंद चैराहा पर गणेश महोत्सव के सुअवसर पर गणेश जी बिराजे। जहां कस्बे के सुधाकर द्विवेदी के आयोजन में भक्त पूजा अर्चना कर रहे है। मंगलवार सुबह अधिवक्ता (एओआर) सुप्रीम कोर्ट एवं सदस्य यूपीसीसी कनेक्ट सेंटर कांग्रेस नेत्री विदुषी बाजपेयी ने क्षेत्र के अमन चैन एवं खुशहाली के लिए टीम के साथ पहुंचकर सुबह की प्रथम पूजा अर्चना विधि विधान से मंत्रोचारण के साथ की। इस दौरान उन्होंने महोत्सव के आयोजकगण एवं क्षेत्रवासियों से आत्मीय मुलाकात कर इस सुंदर एवं भक्तिमय आयोजन के लिए सभी को हार्दिक शुभकामनाएं दी, और कहा इस प्रकार के आयोजन से हमारी आस्था, सामाजिक एकता और आपसी भाईचारे को और मजबूती मिलती है। इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष सुशील पाल, सकूराबाद मंडल/न्याय पंचायत प्रभारी सुलेमान, हरिनारायण, पूर्व सचिव जिला कांग्रेस कमेटी वरुण तिवारी, बांगरमऊ चुनाव अभियान प्रभारी बबलू यादव, वरिष्ठ नेता छविनाथ गौतम एवं कार्यालय सचिव संतोष यादव उपस्थित रहे।

## दंगल में रवि और नरेश बने दंगल केसरी

हिलौली (वीओएल)। विकासखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत गुलरिहा में 15 सितंबर 2026, मंगलवार को एक पारंपरिक दंगल प्रतियोगिता हुई। इसमें अलग-अलग जिलों से आए पहलवानों ने अपने दांव-पेच से दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला कानपुर के झीझक से आए पहलवान रवि और पंजाब के पहलवान नरेश के बीच था। यह मुकाबला काफी कड़ा और रोमांचक रहा। तय समय तक चले इस संघर्षपूर्ण मैच में दोनों पहलवानों ने शानदार प्रदर्शन किया, जिसके बाद मुकाबला बराबरी पर खत्म हुआ। आयोजकों ने दोनों पहलवानों को संयुक्त रूप से श्दंगल केसरीश घोषित किया और 11,000 रुपये का नगद पुरस्कार दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर विधायक अनिल सिंह पहुंचे थे। ग्राम प्रधान भोले सिंह ने अंगवस्त्र और प्रतीक चिह्न देकर उनका स्वागत किया। विधायक ने कहा कि दंगल हमारी पुरानी खेल संस्कृति को बचाने के साथ-साथ युवाओं को खेलों से जोड़ने का एक अच्छा तरीका है।

**सूचना**

सूचित हो कि मैंने अपने पुत्र लाड़ले के चाल-चलन से तंग आकर उससे अपने सम्बन्ध समाप्त करते हुए अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से लाड़ले से किसी प्रकार का लेना देना नहीं रहा है। किसी भी कृत्य व किसी भी प्रकार के लेन-देन का वह स्वयं जिम्मेदार होगा। इजहार अली पुत्र इशरार निवासी-ग्राम राजेपुर, मजरा खरेटा, थाना-मैलानी, तहसील गोला गोकर्णनाथ जिला-लखीमपुर-खीरी।

**सूचना**

सूचित करना है कि मेरी डॉ ए पी जे अब्दुल कलाम टेक्निकल यूनिवर्सिटी लखनऊ की संस्थान के एन आई टी सुल्तानपुर यू पी की बीटेक सेकंड ईयर की मार्कशीट अनुक्रमांक 1110430055 कही गिर गई है। जिसको मिले सूचित करे। विजय आनन्द पुत्र रामशब्द चौधरी निवासी-529D/2/510 Jagrti bihar gali number 6 Kalyanpur lucknow

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मोहम्मद अयान (MOHD AYAN) पुत्र श्री समसुद्दीन (SAMSUDDIN), निवासी हरदोई रोड, तहसीन गंज, ठाकुरगंज लखनऊ, उत्तर प्रदेश 226003 का नाम अब बदलकर मोहम्मद हसनैन (MOHD HASNAIN) कर दिया गया है।
अतः भविष्य में सभी शासकीय एवं गैर-शासकीय अभिलेखों में उनका नाम मोहम्मद हसनैन (MOHD HASNAIN) के रूप में जाना एवं लिखा जाए।
आवेदक
समसुद्दीन
पताः हरदोई रोड, तहसीन गंज, ठाकुरगंज लखनऊ, उत्तर प्रदेश 226003

# मोहनापुर को मिली 5 करोड़ की सौगात

## 2200 मीटर लंबी आरसीसी नाली और 600 मीटर सीसी सड़क व आरसीसी नाली निर्माण कार्य का हुआ शुभारंभ

जिला संवाददाता




**चरगांवा, गोरखपुर।** पिपराइच विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत विकास खण्ड चरगांवा का राजस्व ग्राम पंचायत जंगल हकीम नंबर 2 (नव सृजित वार्ड-21) मोहनापुर को 05.02 करोड़ के विकास परियोजनाओं की सौगात मिली। सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि विधायक महेन्द्र पाल सिंह ने विभिन्न विकास कार्यो का शिलान्यास किया। इन परियोजनाओं के पूरा होने से क्षेत्रवासियों को जलनिकासी एवं आवागमन की बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। विधायक महेन्द्र पाल सिंह ने वार्ड संख्या-21 मोहनापुर के नाऊ टोला से मितउवा नाला तक 3 करोड़ 72 लाख की लागत से 2200 मीटर लंबी आरसीसी नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इसके साथ ही गया निषाद के मकान से राकेश यादव के मकान होते हुए संजय सिंह के घर तक 1 करोड़ 30 लाख की लागत से 600 मीटर लंबी सीसी सड़क एवं आरसीसी नाली निर्माण कार्य का भी शुभारंभ किया। इस अवसर पर विधायक महेन्द्र पाल सिंह ने कहा कि पिपराइच विधानसभा क्षेत्र के नगर निगम में नव सम्मिलित वार्डों में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार उनकी प्राथमिकता है। क्षेत्रवासियों को बेहतर सड़क, सुगम आवागमन और प्रभावी जलनिकासी की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए विकास कार्य निरंतर कराए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी महाराज के नेतृत्व में प्रदेश सरकार विकास और जनकल्याण के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। पिपराइच विधानसभा क्षेत्र में भी विकास की गति को लगातार आगे बढ़ाया जा रहा है। विधायक ने कहा कि विकास कार्यों की गुणवत्ता और समयबद्धता पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, जिससे क्षेत्रवासियों को इन परियोजनाओं का शीघ्र लाभ मिल सके। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से निर्माण कार्यों को मानकों के अनुरूप पूर्ण कराने की अपेक्षा की। शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रवासियों ने विकास कार्यों के लिए विधायक महेन्द्र पाल सिंह के प्रति आभार व्यक्त किया। विधायक ने उपस्थित लोगों से संवाद कर क्षेत्र की समस्याओं की जानकारी भी ली तथा जनसमस्याओं के यथासंभव शीघ्र निराकरण के लिए आश्वस्त किया।

इस अवसर पर पार्षद रामगति निषाद, पार्षद रीतेश सिंह बबलू, चरगांवा मंडल अध्यक्ष अनिल चौहान, मुख्य अभियंता नगर निगम गोरखपुर अमित कुमार शर्मा, बिस्मिल नगर मंडल अध्यक्ष शिशिर वर्मा, पूर्व प्रधान रामआसरे निषाद, मंडल उपाध्यक्ष जितेंद्र निषाद, शक्ति केंद्र संयोजक हरिओम निषाद, बूथ अध्यक्ष संजय पाल, अखिलेश पासवान, पुनीत सिंह, आशीष सिंह, महात्मा सिंह, गोपाल, बबलू, दिनेश, अमित, बलिराम एवं गुड्डू सहित सम्मानित कार्यकर्ता और क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## फर्जी गोदाम में हो रहा था सीमेंट की री पैकिंग, पुलिस ने किया सील

सरहरी,गोरखपुर। गुलरिहा थाना क्षेत्र के सरहरी चौकी अन्तर्गत ठाकुरपुर नंबर दो में स्थित एक फर्जी गोदाम में ब्रांडेड सीमेंट की बोरी में अन्य कम्पनियों के सीमेंट की री पैकिंग करने का मामला प्रकाश में आया है। जानकारी होने पर पहुंची सरहरी चौकी पुलिस ने जांच के बाद गोदाम को सील कर कारोबार से जुड़े एक व्यक्ति को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। सरहरी क्षेत्र के ठाकुरपुर नंबर दो के बोहा टोले के पास स्थित एक गोदाम में मंगलवार सुबह पुलिस को जानकारी मिली कि अन्य कम्पनियों के सीमेंट को अल्ट्राटेक सीमेंट की बोरी में री पैकिंग कर बेचने के लिये भेजा जा रहा है सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची तो गोदाम में तीन मजदूर री पैकिंग का कार्य कर रहे थे।जो पुलिस को देखते ही भाग गये। पुलिस ने जब गोदाम की जांच किया तो उसमें कई कम्पनियों के डैमेज सीमेंट की बोरियां तथा अल्ट्राटेक सीमेंट की नई खाली बोरियां एवं री-पैकिंग करने का सामान मिला। साथ ही कुछ अल्ट्राटेक सीमेंट की भरी बोरियां भी मिली।पुलिस ने मामले की जानकारी अल्ट्राटेक सीमेंट के टीएसएच (एरिया मैनेजर) सुदीप कुमार को दी जिसपर वे सेल्स एवं तकनीकी टीम के साथ पहुंच कर गोदाम में रखे अल्ट्राटेक सीमेंट की बोरियों की जांच किए।जिसे उन्होंने अल्ट्राटेक कम्पनी का सीमेंट होने से इंकार करते हुए पुलिस को गोदाम सील करते हुए कार्रवाई करने को कहा। तहरीर देने के बारे में एरिया मैनेजर ने कहा कि वे मामले की जानकारी कम्पनी के लीगल टीम को भेज दिए हैं।लीगल टीम आगे की कार्रवाई के लिए तहरीर देगी। ग्रामीणों का कहना है कि यहां सीमेंट का री पैकिंग का कार्य तीन वर्षों से चल रहा है।जो गाड़ियों में लोड कर दुकानो को आपूर्ति किया जाता है।

## महिला को मारपीट कर किया घायल, केस दर्ज

सरहरी ,गोरखपुर। चिलुआताल थाना क्षेत्र के ग्राम सभा परमेश्वरपुर टोला जीतपुर पश्चिमी में बच्चों की कहासुनी को लेकर हुए विवाद में बीच-बचाव करने पहुंची महिला के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है पीड़िता ने पड़ोस की महिला पर गाली-गलौज करते हुए बाल पकड़कर जमीन पर पटकने और लात-मुक्कों से मारने का आरोप लगाया है। मामले में पीड़िता ने चिलुआताल थाने में लिखित तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। मिली जानकारी के अनुसार परमेश्वरपुर टोला जीतपुर पश्चिमी निवासी उर्मिला देवी पत्नी रामभवन यादव ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 13 सितंबर की रात करीब 10 बजे पड़ोस में रहने वाली राधिका देवी पत्नी राजू निषाद बच्चों की कहासुनी को लेकर गाली-गलौज कर रही थीं। उर्मिला देवी के मुताबिक उन्होंने राधिका देवी को ऐसा करने से मना किया तो उन्होंने धमकी देते हुए कहा कि वह उन्हें देख लेंगी आरोप है कि विरोध करने पर राधिका देवी ने गाली-गलौज करते हुए उर्मिला देवी का बाल पकड़कर जमीन पर पटक दिया और लात-मुक्कों से मारने लगीं शोर मचाने पर उर्मिला के ससुर मौके पर पहुंचे तो आरोपित महिला ने उन्हें भी गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी देने लगी पिड़िता चिलुआताल थाने में लिखित तहरीर देकर घटना की जांच कर उचित कारवाई करने की मांग की है। पुलिस मुकदमा कायम कर मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

## युवती को बहला-फुसलाकर ले जाने का परिजनों ने लगाया आरोप

सरहरी , गोरखपुर चिलुआताल थाना क्षेत्र के अमवां पासी टोला निवासी एक व्यक्ति ने दौलतपुर निवासी युवक पर उसकी 19 वर्षीय बेटी को शादी का झांसा देकर बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाया है पीड़ित पिता की तहरीर पर चिलुआताल पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार अमवां पासी टोला निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी बेटी रूबी (19) सोमवार 14 सितंबर को सुबह घर से लापता हो गई आरोप है कि दौलतपुर निवासी मनीष पुत्र राम केवल शादी का झांसा देकर उसे बहला- फुसलाकर अपने साथ ले गया है परिजनों ने युवती की तलाश की लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका।मामले में तुफानी पासवान ने चिलुआताल थाने में तहरीर देकर युवती की तलाश कराने और आरोपी युवक के खिलाफ उचित कार्रवाई की मांग की है पुलिस तहरीर के आधार पर मामले की जांच कर युवती की बरामदगी के प्रयास में जुटी है।

# गिरिजेश अध्यक्ष व शंकरानंद बने महासचिव

## गोला बार एसोसिएशन का चुनाव सम्पन्न

गोला/ बनवारपार, गोरखपुर। गोला तहसील बार एसोसिएशन का चुनाव सोमवार को सम्पन्न हो गया। जिसमें वरिष्ठ अधिवक्ता गिरजेश शाही अध्यक्ष पद पर 20वीं बार निर्वाचित होकर इतिहास में अपना नाम दर्ज करा दिया। तो वही महासचिव पद पर शंकरानंद शुक्ल चौथी बार निर्वाचित हुए। गोला तहसील बार एसोसिएशन के चुनाव में अधिवक्ता गिरिजेशाही ने बीसवीं बारक अध्यक्ष पद का चुनाव जीत कर इतिहास रच दिया वहीं महासचिव पद पर चौथी बार शंकरानंद शुक्ल व कोषाध्यक्ष पद पर पहली बार पर्चा दाखिल कर के भारी मतों से मनीष राय ने विजय प्राप्त किया। अध्यक्ष के लिए अधिवक्ता गिरिजेश शाही ने बीसवें बार पर्चा दाखिल कर जीत दर्ज की। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी अधिवक्ता भारतेन्दु उर्फ रामछबीले दूबे को 34 मतों के अंतर से पराजित कर अध्यक्ष पद पर कब्जा जमाया। गिरिजेशाही को कुल 82 वोट, जबकि भारतेन्दु उर्फ रामछबीले दूबे को 48 वोट मिले। अध्यक्ष पद के लिए दोनों प्रत्याशियों के बीच सीधा मुकाबला रहा। महासचिव पद के लिए



आनंद स्वरूप पाठक, शंकरानंद शुक्ल और हरिवंश मणि शर्मा मैदान में थे। इसमें शंकरानंद शुक्ल ने 58 वोट हासिल कर जीत दर्ज की। उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी आनंद स्वरूप पाठक को 43 और हरिवंश मणि शर्मा को 27 वोट मिले। दो मत अवैध घोषित किए गए। कोषाध्यक्ष पद के लिए मनीष राय, राजेश कुमार यादव और रामनिवास यादव के बीच मुकाबला हुआ। मनीष राय ने 104 वोट हासिल कर जीत दर्ज की। राजेश कुमार यादव को 11 और रामनिवास यादव को 15 वोट मिले। वहीं वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर निवास प्रसाद, कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर परमहंस कुमार व तसव्वर, संयुक्त मंत्री प्रशासन पद पर गणेश शंकर भारती, संयुक्त मंत्री प्रकाशन पद पर राजकुमार यादव, संयुक्त मंत्री पुस्तकालय पद पर राम लखन राय निर्विरोध निर्वाचित हुए। कार्यकारिणी सदस्य के पद पर अखिलेश सिंह व देवेंद्र कुमार दूबे का भी निर्विरोध निर्वाचन हुआ।

एल्डर कमेटी के देखरेख मे सम्पन्न हुआ चुनाव....

चुनाव प्रक्रिया और मतगणना का कार्य एल्डर कमेटी की देखरेख में संपन्न हुआ। कमेटी के अध्यक्ष हरिकेश यादव तथा सदस्य हरिश्चंद्र पाठक, ओमप्रकाश ओझा, श्रीनिवास पाण्डेय और कमलेश यादव रहे। परिणाम घोषित होने के बाद अध्यक्ष रंतिदेव मिश्र व मंत्री आमोद गौड़ व अधिवक्ताओं ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी।

# लोटस कॉन्वेंट स्कूल में धूमधाम से मनी गणेश चतुर्थी



सुमेरपुर, उन्नाव। बीघापुर तहसील क्षेत्र के छांछीराईखेड़ा सुमेरपुर स्थित लोटस कॉन्वेंट स्कूल में सोमवार को गणेश चतुर्थी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय में भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। छात्र-छात्राओं ने गणेश जी के रूप में सजकर मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। विद्यालय की प्रधानाचार्या स्वाती बाजपेई ने कहा कि भगवान गणेश ज्ञान और बुद्धि प्रतीक हैं। ऐसे आयोजनों से बच्चों में भारतीय संस्कृति और संस्कारों के प्रति लगाव बढ़ता है। कार्यक्रम में बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। शिक्षकों ने बच्चों को गणेश चतुर्थी के धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व की जानकारी दी। अंत में भगवान गणेश की आरती कर सभी छात्रों ने आशीर्वाद प्राप्त किया।

इस अवसर पर स्कूल के निदेशक अशोक पांडेय, मनोज पांडेय, अमित शुक्ला, अंजनी बाजपेई, शैलेन्द्र अवस्थी, रूपल, नित्या, रेनू, अंजली, श्रेया, कुष्मांजलि, कोमल, शशी आदि लोग मौजूद रहे।

# अंतरजनपदीय गिरोह के छह सदस्य गिरफ्तार


## चार तमंचे, 10 कारतूस, दो चाकू, आठ मोबाइल व कार बरामद

जसवंतनगर, इटावा। लूट और चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले अंतरजनपदीय गिरोह के छह सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से चार अवैध तमंचे, 10 जिंदा कारतूस, दो चाकू, आठ मोबाइल फोन और एक कार बरामद हुई है। पुलिस के अनुसार गिरोह के सदस्य कानपुर नगर, कानपुर देहात, फिरोजाबाद, कन्नौज, हमीरपुर और फतेहपुर समेत कई जिलों में घूमकर वारदात करते थे। थानाध्यक्ष कमल भाटी ने बताया कि पुलिस टीम ने बीती रात वाहन चेकिंग के दौरान संदिग्धों को पकड़ा। तलाशी और पूछताछ के दौरान उनके पास से असलहा व अन्य सामान बरामद हुआ। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान दीपक गौतम निवासी जहागीराबाद, थाना घाटमपुर, कानपुर नगर, मोहित तिवारी निवासी पहाड़पुर, थाना सुरौली, कन्नौज, अजय शेखर उर्फ बब्बू निवासी अय्याशी गांव, थाना भोगनीपुर, कानपुर देहात, शिवम यादव उर्फ रोकेश निवासी रामपुर, थाना रूरा, कानपुर देहात, पंकज गौतम उर्फ गब्बू निवासी धीरापुरम, थाना रूरा और धीरेंद्र निवासी अंबेडकर नगर, थाना रूरा, कानपुर देहात के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष के अनुसार आरोपियों के



खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस आरोपियों का आपराधिक इतिहास खंगालने के साथ ही गिरोह से जुड़े अन्य सदस्यों की तलाश कर रही है। कार्रवाई करने वाली टीम में थानाध्यक्ष कमल भाटी, उपनिरीक्षक यशवीर सिंह तोमर, उपनिरीक्षक ललित किशोर चतुर्वेदी, उपनिरीक्षक शुभम वर्मा, उपनिरीक्षक कोमल चैधरी, हेड कांस्टेबल शिव प्रकाश यादव, कांस्टेबल विशाल कुमार, आयुष सचान और राजेश कुमार शामिल रहे।

# जायन्ट्स ग्रुप मिलावटखोरी, भ्रष्टाचार के खिलाफ जनजागरण करें: प्रो. रामगोपाल




इटावा। जायंट्स वैलफेयर फाउंडेशन विशेष समिति की सदस्य प्रभारी फोरमर प्रेसीडेंट फोरम ऊषा यादव के निर्देशन, स्मिता यादव की अध्यक्षता में केन्द्रीय समिति सदस्य डॉ शिवराज सिंह यादव के कोआर्डिनेशन एवं इन्जीनियर कृपा शंकर यादव के संयोजकत्व में जायण्टस ग्रुप आफ इटावा मैत्री द्वारा फेडरेशन 5 की फोरमर प्रेसीडेंट फोरम मीट का आयोजन बालाजी मण्डपम में आयोजित किया गया।

उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, दिल्ली, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश एवं पंजाब में विस्तारित फेडरेशन 5 के साथ कर्नाटक के उडुपी एवं बैगलोर के लगभग तीन सौ जायण्टस पदाधिकारियों की सहभागिता में आयोजित फोर्मर प्रेसीडेंट फोरम मीट कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रोफेसर रामगोपाल यादव सांसद द्वारा दीप प्रज्जलन एवं गणेश प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ किया। मुख्य अतिथि प्रोफेसर रामगोपाल यादव सांसद ने कहा जायण्टस को औषधियों, खाद्यान्न, खाद्य पदार्थ सब्जियों, शिक्ष व्यवस्था आदि विविध क्षेत्रों में हो रही मिलावट, भ्रष्टाचार आदि के बारे में तथ्य परक जानकारी देकर जनजागरण करना चाहिए। अति विशिष्ट अतिथि एसपी चतुर्वेदी विश्व उपाध्यक्ष ने आयोजन की मुक्त कंठ से प्रशंसा कर डॉ शिवराज सिंह यादव, ऊषा यादव एवं स्मिता यादव के प्रयासों को सराहा। कर्नाटक उडुपी से आये दिनकर आमीन सदस्य केन्द्रीय समिति अन्तर्राष्ट्रीय प्रभारी फोरमर प्रेसीडेंट फोरम ने आयोजन का औचित्य एवं लाभ पर विस्तार से प्रकाश डाला। समारोह समन्वयक डॉ शिवराज सिंह यादव सदस्य केन्द्रीय समिति ने समस्त प्रस्तुतियों को जायंट्स के उत्थान के लिए लाभकारी बताते हुए मुख्य अतिथि प्रोफेसर रामगोपाल यादव को भारत का श्रेष्ठतम सांसद बताते हुए सराहाना की। डॉ सुधा चैधरी सदस्य केन्द्रीय समिति, अशोक अग्रवाल, पदमा भार्गव सदस्य विशेष समिति एवं आर के अग्रवाल, फेडरेशन अध्यक्ष एडवोकेट विपिन मित्तल ने आगामी 25 अक्टूबर को औरैया में आयोजित होने वाले फेडरेशन कन्वैंशन में सहभागिता हेतु रजिस्ट्रेशन कराने हेतु आवाहन किया। समारोह में क्षमा दीक्षित, आशा अवस्थी, समारोह सन्चालिका प्रेरणा जैन, सीमा सिंह, शीतल माहेश्वरी, रश्मि यादव, प्रीती यादव, नीतू यादव, अनीता यादव, विमल कुमार सिंह, ललित सक्सेना, राम सजीवन यादव, सुरेन्द्र बाबू, मुकेश बाबू, मनीष सहाय, कौशल किशोर तिवारी, डॉ प्रशान्त दुवे, संगीता तिवारी आदि मौजूद रहे।

## मंहगाई, जलभराव, खाद की किल्लत, भ्रष्टाचार के खिलाफ गरजे किसान



इटावा। किसान सभा के प्रांतीय आहवान पर सदर तहसील में हंगामी धरना, प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन उपजिलाधिकारी को देते हुए ऐलान किया गया समस्यायें हल न होने पर होगा बडा आंदोलन। मुख्यमंत्री को प्रेषित ज्ञापन में खाने पकाने की चीजों, चीनी, प्याज, तेल, रसोई गैस आदि की मंहगाई घटाने, खुले बाजार में चीनी 40 रू. किलों एवं राशन कार्डो से सभी को पूर्व की भांति कन्ट्रौल रेट पर चीनी मुहैया कराने, जलभराव से निजात के लिए नालों-नालियों की सफाई, अघोषित बिजली कटौती, बिलों में हेराफेरी, स्मार्ट मीटर रोकने, डीएपी-यूरिया पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराने, फार्मर रजिस्ट्री की शर्त हटाने, जिला अस्पताल संचारी रोगो जानलेवा बुखार से जनता को बचाने, पशुओं का टीकाकरण, आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे के किनारे नगला बरी में अवैध शराब ठेका को बंद कराने, तहसील में दाखिल-खारिज, हिस्साकसी, आय-जाति प्रमाण पत्रों आदि में रिश्वतखोरी पर रोक लगाने, शेखूपुर-जखोली में भूमि अधिगहण का उचित मुआवजा के साथ ही विभिन्न समस्याओ को उठाया गया। किसानो में उनवा संतोषपुर और जखौली के लेखपालों को हटाने की मांग की गयी।किसान सभा के राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री एवं राज्य महामंत्री मुकुट सिंह ने बतौर मुख्यवक्ता कहा कि डबल इंजन की सरकार की नीतियों और वादाखिलाफी ने जनता के जीवन को और कठिन बना दिया है। मोदी-योगी की सरकार बडे पूंजीपतियों की हितैषी औरकिसानो-मजदूरों की विरोधी है। जनता को साम्प्रदायकता के आधार पर बांटकर असली मुददों से ध्यान हटा रही हें लेकिन अब जनता जागरूक हो गयी है। दिल्ली के किसानों एवं छात्रों के आंदोलन ने सरकार को झुका दिया है। यही रास्ता आज कारगर है।

## विजिलेंस थाना बना रिश्वतखोरी का अड्डा

इटावा। विजिलेंस थाना प्रवर्तन दल बना रिश्वतखोरी का अड्डा, बिजली विभाग द्वारा चैकिंग के दौरान चोरी करते जो लोग पकड़े जाते हें तभी पीछे चल रहा व्यक्ति उपभोक्ता को राय देता है कि परेशान ना हो बिजली विजिलेंश थाना इंजीनियरिंग कालेज के सामने पूछकर आ जाना पैसे देकर सब मामला निपट जायेगा बिजली विभाग विजिलेंस टीम पुलिस फोर्स के साथ लालपुरा, चैखर कुआं में आठ सितंबर मंगलवार सुबह तड़के साढ़े चार, पांच बजे लगभग चैकिंग की गई जिसमें दर्जनों लोग बिजली चोरी करते पकड़े गये जिसमें प्रदीप जैन, अभिशेक, महिला सोनी, वीना पत्नी विक्रम, महिला संजू पत्नी गोपी, अंशुल आदि के खिलाफ एफआईआर दर्ज करदी गई इनका कसूर बस इतना था कि यह लोग चढ़ौती चढ़ाने विजिलेंस थाने नहीं गये और बाकी छै सात लोग उक्त थाने जाकर छै हजार से पन्द्रह हजार तक दे आये उनका नाम काट दिया गया, कैमरे चैक कर लिए जायें थाने जाने वालों के चेहरे उजागर हो जायेंगे, उपभोक्ताओं ने अधीक्षण अभियंता व अधिशासी अभियंता से रिश्वतखोरी की जांच की मांग कर ऐसे लोगों पर कार्रवाई की जाये जिससे बिजली विभाग व विजिलेंस पुलिस थाना बदनाम ना हो बिजली चैकिंग के नाम सिफ्र जेबें भरी जाती है और ओहदे के हिसाब से पैसा का बटवारा किया जाता है। उक्त मामले की लिखित शिकायत अधिकारियों से की जायेगी।

## पूर्व राज्यमंत्री विश्राम सिंह यादव का निधन



जसवंतनगर, इटावा। फतेहपुरा निवासी पूर्व राज्यमंत्री एवं वरिष्ठ समाजवादी नेता विश्राम सिंह यादव का मंगलवार को आगरा के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। वह 92 वर्ष के थे। उनके निधन की खबर मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों, राजनीतिक कार्यकताओं और शुभचिंतकों ने उनके निधन पर शोक जताते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। विश्राम सिंह यादव का राजनीतिक जीवन लंबे समय तक समाजवादी विचारधारा से जुड़ा रहा। वह पूर्व मुख्यमंत्री एवं समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव के करीबी साथियों में शामिल रहे। क्षेत्र की राजनीति में उनकी अलग पहचान थी और सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यों में भी उनकी सक्रिय भूमिका रही। परिजनों के अनुसार मंगलवार को आगरा के निजी अस्पताल में उपचार के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन से परिवार में शोक का माहौल है। पुत्र चंद्रजीत यादव और चंद्रमोहन यादव ने बताया कि बुधवार सुबह पैतृक गांव फतेहपुरा में उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में लोगों के शामिल होने की संभावना है।

## साधन सहकारी समिति के अध्यक्ष के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की

असोहा (वीओएल)। क्षेत्र की साधन सहकारी समिति गोसाई खेड़ा के अध्यक्ष कन्दरपुर निवासी जनार्दन प्रसाद शुक्ल का बीते 29 अगस्त को बीमारी के चलते निधन हो गया था। समिति के सदस्यों तथा अन्य सामाजिक लोगो ने असोहा स्थिति सहकारी समिति पर उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए हुए दो मिनट का शोक रखा। समिति के उपाध्यक्ष नीरज तिवारी ने बताया की स्वर्गीय जनार्दन प्रसाद शुक्ल बहुत ही मृदु भाषी तथा हंसमुख स्वभाव के व्यक्ति थे, सभी के सुख दुख में 24 घण्टे तथा मदद के लिए हमेशा ततपर रहते थे, नीरज ने बताया कि जब से सहकारी समिति गोसाई खेड़ा बनी तब से समिति का कभी चुनाव नही हुआ वर्ष 65 से अब तक वही निर्विरोध अध्यक्ष रहे, बीच मे एक दो बार उन्होंने छेत्र के दूसरे व्यक्तियों को भी अध्यछ बनाया।वह बैंक के डेलीगेट भी रहे, उन्होंने बताया कि वह दलगत की राजनीति से हट कर कार्य करते थे इसलिए हमेशा सबके प्रिय रहे।सदस्य सन्तराम ने बताया की स्वर्गीय जनार्दन जी का सहकारी समिति में यहां से उन्नाव तक प्रभुत्व था सभी लोग उनका आदर करते थे। श्रद्धांजलि सभा मे भाजपा नेता संजय शुक्ल, रामचन्द्र यादव, अनुज शुक्ल, भालचन्द्र गोस्वामी, अखिल श्रीवास्तव, गुड्डू पाल, विजय यादव, रामशंकर यादव, बउवा अवस्थी, सन्तराम सहित अन्य क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे।

## गंगा की उपधारा में अचानक अधेड़ लापता हो गया, तलाश जारी

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। थाना क्षेत्र के अंतर्गत गुरुदीन खेड़ा गांव निवासी लगभग 55 वर्षीय अधेड़ मंगलवार को सुबह करीब साढ़े 9 बजे गंगा की उपधारा में प्रसाद चढ़ाते समय अचानक पानी में लापता हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में हड़कंप मच गया। सूचना पर पुलिस बल मौके पर पहुंचा और गोताखोरों की मदद से लापता अधेड़ की तलाश शुरू कर दी गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरुदीन खेड़ा गांव निवासी पप्पू सिंह पुत्र स्वर्गीय बजरंग सिंह, उम्र लगभग 55 वर्ष, मंगलवार को काली मिट्टी-शिवराजपुर मार्ग पर दबौली के समीप हिन्दूपुर पुलिया के पास पहुंचे थे। परिजनों के मुताबिक पप्पू सिंह प्रत्येक मंगलवार को गंगा जी में प्रसाद चढ़ाते थे। बताया गया कि क्षेत्र में बाढ़ और कटान के कारण गंगा की मुख्य धारा तक पहुंचना संभव नहीं था, जिसके चलते वह हिन्दूपुर पुलिया के समीप गंगा की उपधारा में ही प्रसाद चढ़ा रहे थे। इसी दौरान अचानक वह पानी में चले गए और देखते ही देखते लापता हो गए। घटना की सूचना मिलते ही परिवार के लोग मौके पर पहुंचे। पुलिस को सूचना दी गई, जिसके बाद भारी पुलिस बल के साथ गोताखोरों की टीम ने तलाश शुरू की। परिजनों के अनुसार दिन में तकनीकी सिस्टम से खोजबीन का प्रयास किया गया, लेकिन तकनीकी व्यवस्था में दिक्कत आने के कारण सफलता नहीं मिल सकी।

## तालाब में डूबकर युवक की मौत

सफीपुर, उन्नाव। संदिग्ध परिस्थितियों में युवक तालाब में डूबा। करीब तीन घंटे की कड़ी मसक्कत के बाद गोताखोरों ने शव को ढूंढ निकाला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोतवाली क्षेत्र के बृजपालपुर गाँव निवासी पिंटू 34 वर्ष पुत्र स्व0 परशुराम मंगलवार सुबह करीब नौ बजे किसी काम से भैंसहरा चैराहे पर गया था। दोपहर करीब एक बजे अग्निशमन केंद्र के समीप स्थित कुआं ताली तालाब में वह अचानक गिरकर डूब गया। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने कोतवाली पुलिस को सूचना दी। गोताखोरों की कड़ी मसक्कत के बाद करीब तीन घंटे बाद तालाब से शव बरामद किया। मृतक पिंटू छह भाइयों में सबसे बड़ा था और अविवाहित था।

संक्षेप

## विश्वकर्मा जयंती पर हवन-पूजन व भंडारा

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। मिल डाइवर्जन रोड स्थित मेला मैदान के निकट भगवान विश्वकर्मा मंदिर पर 17 सितंबर गुरुवार को भगवान विश्वकर्मा जी का प्राकट्य दिवस धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन विश्वकर्मा सेवा संस्थान की प्रबंध समिति की ओर से किया जाएगा। कार्यक्रम में पूर्वाह्न 11 बजे हवन पूजन होगा। इसके बाद दोपहर करीब 12 बजे से प्रभु इच्छा तक भंडारा चलेगा। आयोजकों ने श्रद्धालुओं से परिवार, इष्ट मित्रों और साथियों के साथ कार्यक्रम में पहुंचकर भगवान विश्वकर्मा जी के पूजनोत्सव में सहभागी बनने की अपील की है। विश्वकर्मा सेवा संस्थान की प्रबंध समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि आयोजन को लेकर तैयारियां पूरी की जा रही हैं और श्रद्धालुओं के लिए भंडारे की व्यवस्था की गई है।

## सट्टा सुधार का अंतिम मौका

सीतापुर। पेराई सत्र 2026-27 के लिए गन्ना सर्वे-सट्टा सुधार का अंतिम अवसर मंगलवार को सहकारी गन्ना विकास समिति लिमिटेड हरगांव में आयोजित समिति स्तरीय सट्टा प्रदर्शन मेले में दिया गया। मेले का उद्घाटन चेयरमैन प्रतिनिधि दिनेश कुमार मिश्र ने किया। मेले में किसानों ने अपने सर्वे-सट्टे में दर्ज नाम, क्षेत्रफल, गन्ने की प्रजाति समेत अन्य विवरणों का मिलान किया। अधिकारियों ने किसानों से अपील की कि यदि किसी विवरण में त्रुटि है तो समय रहते उसका संशोधन करा लें, ताकि आगामी पेराई सत्र में गन्ना आपूर्ति के दौरान किसी तरह की परेशानी न हो। कार्यक्रम में समिति सचिव आनंद प्रकाश दुबे, चीनी मिल हरगांव के महाप्रबंधक (गन्ना) केपी सिंह, उपमहाप्रबंधक संजीव राना, डायरेक्टर प्रदीप सिंह, समर बहादुर सिंह, शैलेन्द्र वर्मा, पूर्व डायरेक्टर बच्चूलाल वर्मा, अंकित सिंह तोमर समेत बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

## कच्ची दीवार के मलबे में दबकर मां की मौत

सीतापुर। घर के बाहर चारपाई पर आठ वर्षीय बेटे के साथ लेटी महिला को शायद अंदाजा भी नहीं था कि अगले ही पल कच्ची दीवार उसके लिए मौत बनकर टूट पड़ेगी। मंगलवार दोपहर अचानक भरभराकर गिरी दीवार के मलबे में दबने से महिला की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं उसका मासूम बेटा चारपाई के नीचे छिप गया और मामूली चोटों के साथ बाल-बाल बच गया। हादसे के बाद गांव में मातम पसर गया। कोतवाली क्षेत्र के उरदौली गांव निवासी सर्वेश कुमार की पत्नी छोटी देवी (42) मंगलवार दोपहर घर के बाहर कच्ची दीवार के पास चारपाई पर अपने आठ वर्षीय बेटे अभय के साथ लेटी थी। करीब तीन बजे अचानक कच्ची दीवार भरभराकर चारपाई के ऊपर आ गिरी। दीवार के मलबे में छोटी देवी दब गई, जबकि हादसे से घबराया अभय चारपाई के नीचे छिप गया। दीवार गिरने की तेज आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण दौड़कर मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने आनन-फानन मलबा हटाकर महिला को बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी सांसें थम चुकी थीं। मां की मौत से मासूम अभय सहम गया। हादसे में उसे भी मामूली चोटें आईं। सूचना पर पुलिस के साथ राजस्व कर्मचारी मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी जुटाई। इंस्पेक्टर जेबी पांडेय ने बताया कि महिला के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# पंचायत भवन में प्रकाश व्यवस्था बेहतर करें



जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर समाधान कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी डा. राजागणपति आर. ने मंगलवार को विकासखंड ऐलिया की ग्राम पंचायत जगना का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने पंचायत भवन, तालाब, आंगनबाड़ी केंद्र, राशन की दुकान, पानी की टंकी, कूड़ाघर और खेल मैदान का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की हकीकत परखी। इस दौरान ग्रामीणों से सीधे संवाद कर जलभराव, बिजली, पेंशन, राशन और पेयजल सहित अन्य समस्याओं की जानकारी ली।

पंचायत भवन में पुस्तकालय की व्यवस्थाएं संतोषजनक नहीं मिलने पर जिलाधिकारी ने ग्राम सहायक और सचिव को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। सचिव कक्ष में सीसीटीवी, आय-जाति-निवास प्रमाण पत्र से जुड़े रजिस्टर और ऑनलाइन पत्रावलियों का अवलोकन किया। पंचायत भवन में प्रकाश व्यवस्था बेहतर कराने को भी कहा। पेंशन रजिस्टर देखकर वृद्धावस्था पेंशन की स्थिति जानी। मनरेगा से कराए जा रहे तालाब और चकमार्ग पटाई के अभिलेख देखने के बाद डीएम मौके पर पहुंचे और तालाब के कार्य की प्रगति व गुणवत्ता की जानकारी ली। निमार्णाधीन आंगनबाड़ी केंद्र में अपेक्षित प्रगति नहीं मिलने पर संबंधित कार्यदायी संस्था और जेई को भी कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कूड़ाघर पर ग्रामीणों से सफाई व्यवस्था की जानकारी ली। ग्रामीणों ने व्यवस्था संतोषजनक बताई, जिस पर नियमित सफाई बनाए रखने को कहा। खेल मैदान को और बेहतर विकसित करने के लिए बीडीओ को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों से कहा कि जनसमस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता से हो। जिन कार्यों में समय लगेगा, उनका एस्टीमेट तैयार कर नियमानुसार शीघ्र काम पूरा कराया जाए। लापरवाही मिलने पर जिम्मेदारी तय की जाएगी।

## डीएम ने ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का किया निरीक्षण

जिला संवाददाता(vol)




सीतापुर। आगामी विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2027 को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने मंगलवार को ईवीएम एवं वीवीपैट की एफएलसी (फर्स्ट लेवल चेकिंग) को लेकर वेयरहाउस का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों से एफएलसी की तैयारियों की जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि निर्धारित एम-3 मॉडल ईवीएम एवं वीवीपैट की एफएलसी का कार्य 17 सितंबर 2026 से सुबह नौ बजे से शाम सात बजे तक कराया जाएगा। निरीक्षण के दौरान उन्होंने एफएलसी प्रक्रिया से जुड़ी व्यवस्थाओं को समय से पूरा कराने के निर्देश दिए। इस दौरान अपर जिलाधिकारी न्यायिक खालिद अंजुम समेत संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# हिंदी दिवस पर प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने दिखायी प्रतिभा




गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। गुरु हरिकिशन पीजी कॉलेज में हिंदी दिवस हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पार्चन से हुआ। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने काव्यपाठ, निबंध, बोधवाक्य, भाषण और पोस्टर प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम संयोजक हिंदी प्रवक्ता कन्हैयालाल मिश्र ने हिंदी भाषा के प्रयोग, उपयोगिता और वर्तमान समय में इसकी प्रासंगिकता पर विस्तार से चर्चा की। प्राचार्य डॉ. निर्मल सिंह ने हिंदी भाषा को सरल एवं सहज बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। इतिहास विभागाध्यक्ष एवं मंच संचालक डॉ. आदर्श दीक्षित ने आधुनिक युग में हिंदी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिताओं के दौरान विद्यार्थियों में खासा उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में पीयूष वर्मा, अशोक कुमार वर्मा, डॉ. पदुमकांत मिश्रा, सुनील गुप्ता, सुधाकर मिश्रा, शांति वर्मा, अनुराधा रानी, वीरेंद्र प्रजापति, अंजू, चांदनी सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

## 17 सितंबर से शुरू होगी ईवीएम-वीवीपैट की फर्स्ट लेवल चेकिंग

लखीमपुर-खीरी। विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2027 के दृष्टिगत जनपद में ईवीएम एवं वीवीपैट की फर्स्ट लेवल चेकिंग (एफएलसी) का कार्य 17 सितंबर से प्रारंभ होगा। भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश के निदेशों के क्रम में एफएलसी का कार्य कलेक्ट्रेट परिसर स्थित ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस के एफएलसी कक्ष में कराया जाएगा। यह जानकारी उप जिला निर्वाचन अधिकारी/एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार एफएलसी का कार्य प्रतिदिन प्रातः नौ बजे से सायं सात बजे तक अथवा कार्य की समाप्ति तक जारी रहेगा। इसमें अवकाश दिवस भी शामिल होंगे। ईवीएम एवं वीवीपैट की जांच भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी मैन्युअल ऑन इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (संस्करण 08 अगस्त 2023) में निर्धारित प्रक्रिया एवं मानकों के अनुसार की जाएगी। निर्वाचन आयोग के निदेशों के तहत एफएलसी प्रक्रिया के दौरान सभी मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति रहेगी। इस संबंध में सभी मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनीतिक दलों के अध्यक्ष/मंत्री को जिला निर्वाचन कार्यालय की ओर से पत्र के माध्यम से आवश्यक अनुरोध किया जा चुका है। एफएलसी के माध्यम से ईवीएम एवं वीवीपैट की कार्यशीलता की निर्धारित प्रक्रिया के तहत जांच की जाएगी। निर्वाचन कार्यालय द्वारा संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप पूरी प्रक्रिया पारदर्शी एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के निर्देश दिए गए हैं।

## पलिया को बड़ी रेल लाइन से जोड़ने के लिए किया धरना-प्रदर्शन



पलियाकलां खीरी। पलिया नगर के व्यापारियों व निवासियों ने उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नेतृत्व में पलिया को बड़ी लाइन से हटाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि बड़ी लाइन से पलिया को जोड़ा जाए। सभी प्रदर्शनकारी रेलवे स्टेशन पर इकट्ठा हुए। प्रदर्शन करते हुए पलिया तहसील पहुंचे सभी का नारा था ₹बड़ी लाइन लाओ पलिया क्षेत्र को बचाओ₹ नगर निवासियों प्रदर्शन करते हुए एसडीएम को ज्ञापन दिया ज्ञापन में कहा गया हैकि बड़ी लाइन से पलिया को जोड़ा जाए ?। यदि इस पर कार्यवाही नहीं होती है तो 5 अक्टूबर को विशाल धरना प्रदर्शन किया जाएगा। नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष गौरव गप्ता, नरेश यादव सपा नेता, कांग्रेस के प्रदेश सचिव बलरामगुप्ता, व अमित महाजन ने भी अपने विचार व्यक्त कयो सभीने कहा कि जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा का शिकार पलिया है। सभी कस्बे बड़ी रेवलाइन से जोड़े जारहे हैं और पलियाको बड़ी लाइन से हटाया रहा है।

## फुटबॉल मुकाबले में ए टीम ने दर्ज की रोमांचक जीत



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। अंतरराष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस के अवसर पर कृषक समाज इंटर कॉलेज में विद्यार्थियों को लोकतांत्रिक मूल्यों तथा संविधान में दिए गए मौलिक अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से प्रदर्शनी फुटबॉल मैच कराया गया। ए और बी टीम के बीच खेले गए रोमांचक मुकाबले में ए टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बी टीम को 2-1 से पराजित कर जीत हासिल की।

मैच की शुरूआत पूर्व सांसद रवि प्रकाश वर्मा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर की। पहले हाफ में ए टीम के शुभम अवस्थी ने बेहतरीन गोल कर टीम को बढ़त दिलाई। दूसरे हाफ में बी टीम के कुनाल ने गोल दागकर स्कोर बराबर कर दिया। मुकाबला रोमांचक स्थिति में पहुंच गया और अंतिम क्षणों में ए टीम के कप्तान प्रखर ने निर्णायक गोल कर टीम को 2-1 से विजय दिला दी। समापन पर पूर्व सांसद रवि प्रकाश वर्मा और प्रधानाचार्य अनंत प्रकाश सरोज ने विजेता एवं उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर ट्रॉफी प्रदान की। शानदार खेल के लिए ए टीम के शुभम अवस्थी को मैन ऑफ द मैच चुना गया। आयोजन को सफल बनाने में क्रीड़ा प्रभारी देवेंद्र सिंह और खेल शिक्षक कपिल वर्मा का विशेष योगदान रहा। मैच में अंपायर की भूमिका वीरेंद्र कुमार भारद्वाज और सरोज कुमार वर्मा ने निभाई। इस मौके पर नारायण लाल वर्मा, रूपराम वर्मा, डॉ. अनिल कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## मोटरसाइकिल व साइकिल की भिड़ंत में छात्र समेत दो घायल

धौरहरा खीरी। कोतवाली क्षेत्र में मोटरसाइकिल और साइकिल की आमने-सामने हुई जोरदार टक्कर में 10 वर्षीय छात्र समेत दो लोग घायल हो गए। हादसे में मोटरसाइकिल सवार अजय के सिर में चोट आई। बताया गया कि अजय ने हेलमेट नहीं लगा रखा था। जानकारी के अनुसार अजय (20) पुत्र मेवा लाल (60) निवासी लोधन पुरवा, ग्राम पंचायत घुड़गुटा बुजुर्ग, धौरहरा अपने पिता मेवा लाल और मामा ओम प्रकाश 55 पिता मेवा लाल निवासी कफारा के साथ एक ही मोटरसाइकिल पर सवार होकर जानवर के इलाज के संबंध में जा रहे थे। मोटरसाइकिल पर कुल तीन लोग सवार थे। इसी दौरान दूसरी ओर से सरवन गिरी (10) पुत्र रामू गिरी निवासी गोसाई पुरवा, ग्राम हरसिंहपुर साइकिल से जीआईसी धौरहरा स्कूल पढ़ने के लिए आ रहा था। रास्ते में दोनों वाहनों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर में सरवन गिरी और अजय घायल हो गए। राहगीरों की मदद से दोनों घायलों को सीएचसी धौरहरा पहुंचाया गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद अजय की हालत को देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया, जबकि सरवन गिरी को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया। हादसे के बाद मौके पर कुछ देर अफरा-तफरी का माहौल रहा।

## वकीलों को 5 लाख की कैशलेस चिकित्सा सुविधा पर सीएम का जताया आभार

सीतापुर। प्रदेश के अधिवक्ताओं को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा पांच लाख रुपये वार्षिक कैशलेस चिकित्सा सुविधा दिए जाने की घोषणा पर सीतापुर बार एसोसिएशन ने खुशी जताई। बार एसोसिएशन चेंबर में भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला और स्नातक एमएलसी प्रत्याशीध्एमएलसी इंजीनियर अवनीश सिंह के पहुंचने पर अधिवक्ताओं ने उनका पुष्पवर्षा कर स्वागत किया और मुख्यमंत्री का आभार जताया। बार एसोसिएशन अध्यक्ष अक्षय सहाय ने कहा कि अधिवक्ताओं के लिए कैशलेस चिकित्सा सुविधा का निर्णय ऐतिहासिक है। लंबे समय से अधिवक्ता समाज इसकी मांग कर रहा था, जिसे मुख्यमंत्री ने पूरा किया है। उन्होंने अधिवक्ता कल्याण निधि को 1.5 लाख से बढ़ाकर पांच लाख रुपये किए जाने और आयु सीमा 70 वर्ष किए जाने को भी अधिवक्ता हित में महत्वपूर्ण कदम बताया। भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला ने कहा कि योगी सरकार अधिवक्ताओं के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। योजना को जल्द धरातल पर लागू किया जाएगा, जिससे अधिवक्ता स्वतंत्र होकर अपने दायित्वों का निर्वहन कर सकें और आमजन को सुलभ न्याय मिल सके। एमएलसी इंजीनियर अवनीश सिंह ने कहा कि सरकार लगातार अधिवक्ता हित में कार्य कर रही है। आने वाले समय में न्याय प्रणाली से जुड़ी कठिनाइयों को तकनीक के माध्यम से कम करने की दिशा में भी प्रयास किए जा रहे हैं।

## हाईस्पीड चालान से वाहन चालकों में आक्रोश

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। गोला-मोहम्मदी मार्ग पर ट्रैफिक पुलिस द्वारा हाईस्पीड के नाम पर लगातार किए जा रहे चालानों को लेकर वाहन चालकों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। वाहन चालकों का कहना है कि मार्ग पर जगह-जगह बड़े-बड़े ब्रेकर बने हुए हैं, जिसके चलते वाहन चालकों को मजबूरी में रफ्तार कम करके चलना पड़ता है। ऐसे में वाहनों की गति अधिक होने का सवाल ही नहीं उठता।

वाहन चालकों का कहना है कि यदि मार्ग पर निर्धारित गति सीमा लागू है तो इसकी जानकारी देने वाले पर्याप्त और स्पष्ट संकेतक भी लगाए जाने चाहिए। उनका सवाल है कि जिस मार्ग पर जगह-जगह ब्रेकर बने हैं और वाहन पहले से ही धीमी गति में चलते हैं, वहां हाईस्पीड के नाम पर किए जा रहे चालानों की प्रक्रिया भी पारदर्शी होनी चाहिए। चालकों ने हाईस्पीड चालानों की प्रक्रिया और वाहनों की गति मापने की व्यवस्था की जांच कराने की मांग की है। कुछ वाहन चालकों ने चालान की संख्या बढ़ाने के दबाव को लेकर भी सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि कहीं ट्रैफिक पुलिस सरकारी लक्ष्य पूरा करने के लिए तो चालान नहीं कर रही है। हालांकि चालकों का कहना है कि नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई से उन्हें कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन गति सीमा स्पष्ट होनी चाहिए और वाहन की गति मापने की व्यवस्था विश्वसनीय होने के साथ कार्रवाई निर्धारित नियमों के अनुसार होनी चाहिए।



गोला-मोहम्मदी मार्ग पर सड़क हादसों की रोकथाम के लिए 40 किलोमीटर प्रति घंटा की गति सीमा निर्धारित है। 50 किलोमीटर प्रति घंटा से अधिक की गति से वाहन चलने पर चालान की कार्रवाई की जा रही है। इसका उद्देश्य तेज रफ्तार वाहनों पर नियंत्रण करना और सड़क हादसों पर अंकुश लगाना है।
हेमन्त कटियार
ट्रैफिक इंचार्ज

## रेल मार्ग से जोड़ने की मांग को लेकर व्यापार मंडल व समाजसेवी ने सौंपा ज्ञापन



लखीमपुर खीरी। धौरहरा क्षेत्र को रेल मार्ग से जोड़ने की मांग को लेकर व्यापार मंडल एवं समाजसेवी मुकेश गुप्ता के नेतृत्व में स्थानीय लोगों ने भाजपा जिला अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से धौरहरा को रेल नेटवर्क से जोड़ने की दिशा में आवश्यक पहल किए जाने की मांग की गई।

इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि धौरहरा क्षेत्र के रेल मार्ग से जुड़ने से आवागमन की सुविधा बढ़ने के साथ ही व्यापार, शिक्षा, रोजगार और क्षेत्र के आर्थिक विकास को भी गति मिल सकती है। लंबे समय से क्षेत्र के लोग धौरहरा को रेल सुविधा से जोड़ने की मांग उठाते रहे हैं। ज्ञापन सौंपे जाने के दौरान नगर के भाजपा कार्यकर्ता, व्यापारी, संभ्रांत नागरिक और समाजसेवी मौजूद रहे। उपस्थित लोगों ने रेल मार्ग की मांग को क्षेत्र के विकास से जुड़ा महत्वपूर्ण विषय बताते हुए इसके लिए प्रयास जारी रखने की बात कही।। धौरहरा नगर के प्रथम आगमन पर जिला अध्यक्ष अरबिंद गुप्ता ने ज्ञापन उपर भेजने के लिए कहा धौरहरा के विकास में जो बाधाएं हैं वह सब दूर की जायेगी।। जिला अध्यक्ष, जिला उपाध्यक्ष विनोद लोधी, और जिला कोषाध्यक्ष सुदीप निगम, और विनोद शंकर अवस्थी विधायक धौरहरा, युवा समाजसेवी डा मुकेश गुप्ता, पियूष श्रीवास्तव, व्यापार मंडल अध्यक्ष आदिल किरमानी, राकेश चौरसिया, के के पांडेय अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के अभिमन्यु शुक्ला, शिवा श्रीवास्तव, शिवा श्रीवास्तव, रितिक निगम, और दुर्गेश गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

## प्रियांशी का कनिष्ठ सहायक और लेखपाल पद पर चयन



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज गोला गोकर्णनाथ-खीरी की इंटरमीडिएट 2019 बैच की छात्रा रहीं प्रियांशी दीक्षित ने अपनी प्रतिभा और परिश्रम के बल पर शानदार सफलता हासिल की है। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की परीक्षा में उनका चयन कनिष्ठ सहायक के साथ ही लेखपाल पद पर भी हुआ है। उनकी इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है। कक्षा सात से इंटरमीडिएट तक विद्यालय की नियमित छात्रा रहीं मेधावी प्रियांशी ने हाईस्कूल परीक्षा में 89.5 प्रतिशत अंक हासिल कर जनपद में आठवां स्थान प्राप्त किया था। उन्होंने इंटरमीडिएट परीक्षा 75 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण की। इसके बाद कानपुर विश्वविद्यालय से स्नातक तथा इग्नू से परास्नातक की शिक्षा उत्तम अंकों के साथ पूरी की। प्रियांशी के पिता राजेश कुमार दीक्षित उप डाकपाल तथा माता सुशीला दीक्षित गृहिणी हैं। उनकी सफलता पर विद्यालय के प्रधानाचार्य महेन्द्र कुमार त्रिपाठी एवं बालिका विभाग की प्रधानाचार्या मधु त्रिपाठी ने उन्हें चांदी का मेडल और उनके पिता को अंगवस्त्रम देकर सम्मानित किया। विद्यालय परिवार ने प्रियांशी की सफलता को विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## स्वच्छता ही सेवा अभियान को लेकर नगर पालिका में मंथन




सीतापुर। स्वच्छता ही सेवा 2026 अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने के लिए मंगलवार को नगर पालिका परिषद सीतापुर के सभागार में बैठक आयोजित की गई। इसमें नगर क्षेत्र में स्वच्छता गतिविधियों को गति देने, आमजन की भागीदारी बढ़ाने और शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने की रणनीति पर चर्चा हुई। बैठक में अधिकारियों ने कहा कि स्वच्छता केवल सरकारी विभागों की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि आम नागरिकों की सहभागिता से ही अभियान को सफल बनाया जा सकता है। लोगों को अपने आसपास साफ-सफाई रखने, सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा न फेंकने और स्वच्छता के प्रति जिम्मेदारी निभाने के लिए जागरूक करने पर जोर दिया गया। नगर पालिका की मौजूदा स्वच्छता व्यवस्था को और बेहतर बनाने तथा अभियान को जनभागीदारी से आगे बढ़ाने की कार्ययोजना पर भी विचार-विमर्श हुआ। अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने कहा कि स्वच्छ शहर स्वस्थ समाज की आधारशिला है। प्रत्येक नागरिक को अपने स्तर से स्वच्छता की जिम्मेदारी निभानी होगी। बैठक के बाद नगर पालिका के अधिकारियों, कर्मचारियों और जनप्रतिनिधियों ने स्वच्छता की शपथ ली। सभी ने स्वयं स्वच्छता बनाए रखने और दूसरों को भी साफ-सफाई के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया। इस दौरान अधिशासी अधिकारी, उपजिलाधिकारी न्यायिक सदर सीमा सिंह, पालिका अध्यक्ष नेहा अवस्थी सहित सभासद और नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

## सांसद बाढ़ से घिरे गांवों के बीच पहुंचे, ग्रामीणों से सुनी पीड़ा

सीतापुर। बाढ़ के पानी से जूझ रहे ग्रामीणों का हाल जानने के लिए मंगलवार को धौरहरा लोकसभा क्षेत्र के सांसद आनंद भदौरिया हरगांव विधानसभा के प्रभावित गांवों में पहुंचे। उन्होंने गांवों में घूमकर जमीनी हालात देखे और ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी परेशानियां सुनीं। बाढ़ के बीच ग्रामीणों ने राहत, खाद्य सामग्री, स्वास्थ्य सेवाओं और अन्य जरूरी सुविधाओं से जुड़ी समस्याएं सांसद के सामने रखीं। सांसद ने चेनिया, भदफर, रुमापुर, मंझरी पासिन, बेलवा, बेलवा डिंगुर, चंदवा सोता टिकौना, तेजवापुर, शेखनापुर, कुसेया और पट्टी दहेली समेत कई बाढ़ प्रभावित गांवों का दौरा किया। उन्होंने प्रभावित परिवारों की स्थिति देखी और अधिकारियों से राहत कार्यों की जानकारी ली। मौके पर मौजूद तहसील प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग और बाढ़ नियंत्रण टीम के अधिकारियों से सांसद ने राहत एवं बचाव कार्यों की प्रगति जानी। उन्होंने प्रभावित लोगों तक आवश्यक खाद्य सामग्री, स्वास्थ्य सुविधाएं और अन्य जरूरी सहायता तत्काल पहुंचाने के निर्देश दिए।

## प्रसव के बाद रक्तस्राव से प्रसूता की मौत



सीतापुर। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कमलापुर में प्रसव के बाद अत्यधिक रक्तस्राव से प्रसूता की मौत का मामला सामने आया है। मृतका के पति ने अस्पताल की नर्स और चिकित्सकीय स्टाफ पर गंभीर लापरवाही, अतिरिक्त धनराशि मांगने, समय पर रेफर नहीं करने और एंबुलेंस उपलब्ध न कराने के आरोप लगाते हुए थाना कमलापुर में तहरीर दी है। मामले ने स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्थाओं पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। ग्राम मानपुर, मजरा मंगूपुर निवासी संजीत के मुताबिक उसकी पत्नी को प्रसव पीड़ा होने पर 14 सितंबर को दोपहर करीब दो बजे सीएचसी कमलापुर लाया गया था।

रात करीब नौ बजे प्रसव हुआ और बच्चे का जन्म हुआ। आरोप है कि प्रसव के बाद महिला की हालत बिगड़ने लगी और अत्यधिक रक्तस्त्राव होने लगा। तहरीर में कहा गया है कि इस दौरान अस्पताल में पर्याप्त चिकित्सकीय स्टाफ मौजूद नहीं था। संजीत ने आरोप लगाया कि अस्पताल में मौजूद नर्स बेबी ने कथित तौर पर अतिरिक्त धनराशि की मांग की। पैसे नहीं देने पर समुचित उपचार नहीं किए जाने का आरोप भी लगाया गया है। प्रसव के बाद जब महिला की हालत गंभीर हुई तो नर्स के वहां से चले जाने की बात तहरीर में कही गई है। परिजनों का आरोप है कि वापस बुलाने पर भी नर्स ने आने से इनकार कर दिया और मरीज की गंभीर हालत को कथित तौर पर गंभीरता से नहीं लिया। परिजनों के मुताबिक महिला का रक्तस्राव बढ़ता गया। उन्होंने तत्काल उच्च चिकित्सा केंद्र रेफर करने और एंबुलेंस उपलब्ध कराने की मांग की, लेकिन आरोप है कि समय पर रेफर नहीं किया गया। यह भी कहा गया कि डॉक्टर के आने के बाद ही रेफर करने का निर्णय होगा। परिजनों का आरोप है कि काफी देर तक डॉक्टर मौके पर नहीं पहुंचे और इसी बीच महिला की हालत बिगड़ती चली गई। आखिरकार उसकी मौत हो गई। मृतका के पति ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराकर संबंधित चिकित्सक, नर्स और जिम्मेदार कर्मचारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। मामला सामने आने के बाद सीएचसी की कार्यप्रणाली और प्रसव के दौरान मरीजों को मिलने वाली चिकित्सकीय सुविधाओं पर सवाल खड़े हो गए हैं।

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि., सीतापुर**

**पत्रांक : 2715/ई-टेण्डर/2026-27** **दिनांक : 07.09.2026**

**ई-निविदा सूचना**

**(प्रथम आमंत्रण)**

महामहिम राज्यपाल महोदय उ.प्र. की ओर से अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड उ.प्र. लोक निर्माण विभाग, सीतापुर में रजिस्टर्ड मार्ग श्रेणी-ए,बी,सी,डी ठेकेदारों से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्रम सं. | जनपद खण्ड/का नाम | विधान सभा का नाम | कार्य का नाम | निविदा की लागत (लाख में) | धरोहर धनराशि (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य समस्त कर सहित (रु. में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि एवं अनुरक्षण की अवधि (वर्षा ऋतु सहित) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | सीतापुर/ प्रा.खण्ड | बिसवां | पिपरी अनन्तपुर स्कूल के पास से सरैयाकला प्रथम भाग का अवशेष मरम्मत का कार्य। | 14.50 | 1.45 | 860.00 | 02 माह |

बिड डाक्यूमेन्ट वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक **19.09.2026 से 29.09.2026** तक उपलब्ध है जो कि दिनांक **29.09.2026** को समय अपरान्ह 12.00 बजे तक अपलोड किये जा सकते है। इसकी तकनीकी बिड दिनांक **29.09.2026** को अपरान्ह 12.30 बजे खोली जायेगी।

निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

**(एम. के. वर्मा)**
**अधिशासी अभियन्ता**
**प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि., सीतापुर**

**UPID-256328 Date: 15.09.2026 Website : www.upgov.nic.in**

# राम मंदिर निर्माण में शामिल कंपनियों को बैंक गारंटी देनी होगी : नृपेंद्र मिश्रा

## राम मंदिर निर्माण पूर्ण, अंतिम भुगतान और ऑडिट की प्रक्रिया तेज

जिला संवाददाता (vol)



**अयोध्या।** श्रीराम जन्मभूमि पर भव्य राम मंदिर का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है। अब श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट और भवन निर्माण समिति का फोकस निर्माण से जुड़ी कंपनियों के अंतिम भुगतान, गुणवत्ता सुनिश्चित करने और अंतरराष्ट्रीय रामकथा संग्रहालय के विकास पर है। भवन निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा ने रामकथा संग्रहालय में लगातार तीसरे दिन चल रही बैठक से पहले यह जानकारी दी। नृपेंद्र मिश्रा ने बताया कि मंदिर का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। पिछले दो दिनों में हुई विस्तृत बैठकों में मुख्य रूप से एलएंडटी और टाटा सहित निर्माण कार्य में लगी कंपनियों के अंतिम भुगतान से जुड़े विषयों पर चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि पिछले पांच वर्षों के दौरान निर्माण कार्य के साथ कंपनियों को रनिंग पेमेंट किया जाता रहा है। अब अंतिम भुगतान और फाइनल सेटलमेंट की प्रक्रिया शुरू हो गई है। अनुबंध की शर्तों के अनुसार अंतिम भुगतान से पहले संबंधित कंपनियों को परफॉर्मेंस बैंक गारंटी देनी होगी, जिससे आने वाले वर्षों में भी निर्माण कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित की जा सके। नृपेंद्र मिश्रा ने बताया कि अंतिम बिलों में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए थर्ड पार्टी ऑडिट भी कराया जा रहा है। पीएमसी के रूप में टाटा के अलावा इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड को करीब 60 से 70 प्रतिशत अंतिम बिलों के ऑडिट की जिम्मेदारी दी गई है। इसके लिए दो माह का समय निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि मंदिर परिसर के बाहर निमार्णाधीन ऑडिटोरियम के काम में करीब तीन से चार महीने का विलंब हुआ है। इसके बावजूद जनवरी-फरवरी तक इसके पूरा होने की उम्मीद है। भवन निर्माण समिति के अध्यक्ष ने बताया कि अब समिति का प्रमुख ध्यान अंतरराष्ट्रीय रामकथा संग्रहालय के विकास पर है। संग्रहालय में प्रस्तावित 20 गैलरियों की स्टोरी लाइन को अंतिम रूप दिया जा चुका है। इन गैलरियों के निर्माण और तकनीकी कार्यों के लिए 10 अक्टूबर से टेंडर प्रक्रिया शुरू होगी। उन्होंने बताया कि प्रत्येक गैलरी का विषय पहले ही तय किया जा चुका है। संग्रहालय के निदेशक संजीव कुमार सिंह ने पूरी स्टोरी लाइन तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। गैलरियों में इमर्सिव टेक्नोलॉजी, 3डी और अन्य आधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल किया जाएगा। टेंडर में हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर दोनों से जुड़े कार्य शामिल होंगे। अनुमान है कि अक्टूबर के अंत तक टेंडर प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। इसके बाद गैलरियों को विकसित करने में करीब छह माह का समय लगेगा। रामकथा संग्रहालय में भगवान श्रीराम के जीवन चरित्र के साथ राम मंदिर आंदोलन और अयोध्या से जुड़े पुरातात्विक साक्ष्यों को भी प्रदर्शित किया जाएगा। प्रस्तावित गैलरियों में एक गैलरी पिछले करीब 500 वर्षों के राम मंदिर आंदोलन, न्यायालय की भूमिका और कानूनी संघर्ष पर केंद्रित होगी। इसके लिए विभिन्न अदालतों और संबंधित स्थानों से आवश्यक अभिलेख जुटाए जा रहे हैं। एक अन्य प्रमुख गैलरी अयोध्या में हुई खुदाई से प्राप्त वस्तुओं और वैज्ञानिक साक्ष्यों पर आधारित होगी। नृपेंद्र मिश्रा ने बताया कि इसका उद्देश्य उपलब्ध पुरातात्विक सामग्री के माध्यम से अयोध्या के इतिहास को वैज्ञानिक आधार पर प्रस्तुत करना है।

## किसानों की समस्याओं का त्वरित समाधान होना जरूरी : कुलजीत सिंह

**रायबरेली।** कृषक समृद्धि आयोग, उत्तर प्रदेश दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री कुलजीत सिंह ने जनपद भ्रमण के दौरान विकास भवन सभागार में कृषि एवं कृषि से संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर किसानों के हित में संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में कृषि योजनाओं की प्रगति, किसानों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं, बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों में किसानों की स्थिति, खाद एवं बीज की उपलब्धता, पंजीकृत खाद दुकानों की स्थिति तथा गौशालाओं में बाढ़ के पानी की स्थिति सहित वृहद एवं कान्हा गौशालाओं की व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक के उपरांत सदस्य कृषक समृद्धि आयोग द्वारा प्रेसवार्ता कर मीडिया प्रतिनिधियों को कृषक समृद्धि आयोग के उद्देश्यों एवं जनपद भ्रमण के दौरान की गई समीक्षा के संबंध में जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि प्रदेश के किसानों के उत्थान, उन्हें सशक्त एवं समृद्ध बनाने तथा उनकी समस्याओं का प्रभावी ढंग से समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश में कृषक समृद्धि आयोग का गठन किया गया है, जिसके अध्यक्ष मुख्यमंत्री जी हैं। उन्होंने बताया कि आयोग का प्रमुख उद्देश्य प्रदेश के विभिन्न जनपदों का भ्रमण कर जमीनी स्तर पर किसानों के लिए संचालित सरकार की कल्याणकारी एवं कृषि संबंधी योजनाओं के क्रियान्वयन की वास्तविक स्थिति की जानकारी प्राप्त करना, पात्र किसानों को योजनाओं का लाभ सुनिश्चित कराना तथा किसानों की समस्याओं एवं सुझावों से अवगत होकर उन्हें शासन के संज्ञान में लाना है, ताकि समस्याओं का समयबद्ध एवं प्रभावी निराकरण कराया जा सके। समीक्षा बैठक के दौरान जनपद में कृषि एवं कृषि से संबंधित विभागों द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं में किए गए कार्यों की प्रगति संतोषजनक पाई गई है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इसी प्रकार निरंतर बेहतर कार्य करते हुए योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र किसान तक पहुंचाया जाए। उन्होंने बाढ़ प्रभावित किसानों के संबंध में कहा कि बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों का सर्वेक्षण एवं क्षति का आकलन कर रिपोर्ट तैयार की जा रही है। रिपोर्ट प्राप्त होने के 24 घंटे के भीतर पात्र बाढ़ प्रभावित किसानों को मुआवजा उपलब्ध कराने की कार्ययोजना बनाई गई है, ताकि आपदा की स्थिति में किसानों को शीघ्र आर्थिक सहायता मिल सके और उन्हें अनावश्यक कठिनाइयों का सामना न करना पड़े।

## पीआरडी जवान मधुर हुए सम्मानित, टीजीटी में चयन



**सुलतानपुर।** विकास खंड दुबेपुर में तैनात एनरोल्ड पीआरडी स्वयंसेवक मधुर कुमार पुत्र श्री राम बली निवासी ग्राम चकरपुर का चयन टीजीटी परीक्षा 2022 शारीरिक शिक्षा विषय में हुआ है। मधुर ने पीआरडी की ड्यूटी का निर्वहन करते हुए कठिन परिश्रम से यह सफलता हासिल की। जिला युवा कल्याण अधिकारी कार्यालय में जिला युवा कल्याण अधिकारी मयंक पटेल द्वारा मधुर कुमार को सम्मानित किया गया। श्री पटेल ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान पूर्व जिला युवा कल्याण अधिकारी राघवेंद्र भूषण पांडेय, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी चांद मोहम्मद, सिंटू सिंह, स्मृति प्रजापति, प्रियंका मौर्या, कनिष्ठ सहायक सीमा तिवारी, पीआरडी स्वयंसेवक विवेक कुमार सिंह, अरुण कुमार सिंह, गीता देवी, कविता आदि मौजूद रहे।

## राजेश तिवारी बने कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता राहुल गांधी ने सौंपी बड़ी जिम्मेदारी



**सुलतानपुर (वीओएल)।** कांग्रेस पार्टी ने आगामी विधानसभा चुनावों को देखते हुए संगठन में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देते हुए कद्दावर नेता और तेज-तर्रार वक्ता राजेश तिवारी को उत्तर प्रदेश का प्रदेश प्रवक्ता/पैनलिस्ट नियुक्त किया है। यह नियुक्ति कांग्रेस मीडिया कमेटी के चेयरमैन एवं राज्यसभा सदस्य पवन खेड़ा द्वारा जारी सूची के माध्यम से की गई। पार्टी की ओर से मिली इस जिम्मेदारी के बाद राजेश तिवारी अब विभिन्न टेलीविजन डिबेट और मीडिया मंचों पर कांग्रेस का पक्ष मजबूती से रखेंगे। राजेश तिवारी इससे पहले भी कई राज्यों में पार्टी के लिए महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभा चुके हैं। उन्हें कांग्रेस नेता एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की टीम के अहम सदस्यों में माना जाता है। राजेश तिवारी की नियुक्ति की खबर से जिले के कांग्रेस कार्यकताओं और समर्थकों में खासा उत्साह है। कार्यकताओं ने इसे संगठन में उनकी सक्रियता, राजनीतिक समझ और प्रभावी वक्तृत्व क्षमता का सम्मान बताया। राजेश तिवारी ने इस जिम्मेदारी के लिए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, अमेठी सांसद किशोरी लाल शर्मा, राज्यसभा सदस्य राजीव शुक्ला, पवन खेड़ा, उत्तर प्रदेश प्रभारी राजेन्द्र पाल गौतम, प्रदेश अध्यक्ष अजय राय और पूर्व विधान परिषद सदस्य दीपक सिंह का हृदय से आभार व्यक्त किया।

संक्षेप

## करंट से किसान की मौत

**मिल्कीपुर-अयोध्या।** इनायत नगर थाना क्षेत्र के पुलिस चैकी टकसरा पूरे बहोरी गांव में मंगलवार, 15 सितंबर की सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया। पशुओं को चारा देने गए 60 वर्षीय किसान की विद्युत करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। मृतक की पहचान पुजारी पुत्र रामराज के रूप में हुई है। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुजारी रोज की तरह मंगलवार सुबह करीब 7 बजे अपने पशुओं को चारा देने के लिए पशुशाला में गए थे। पशुशाला में विद्युत वायरिंग में करंट उतर रहा था, जिसकी चपेट में वह आ गए। जब काफी देर तक वह पशुशाला से बाहर नहीं आए तो परिवार के लोगों को चिंता हुई। परिजनों ने उन्हें आवाज दी, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। अनहोनी की आशंका पर परिवार के सदस्य पशुशाला की ओर गए। अंदर का दृश्य देखकर उनके होश उड़ गए। पुजारी जमीन पर पड़े हुए थे और विद्युत तार उनके शरीर से चिपका हुआ था। यह देख परिवार में चीख-पुकार मच गई।

## श्रीकृष्ण बरही पर गूंजा बिरहा

**जयसिंहपुर- सुलतानपुर।** तहसील क्षेत्र के सेवतरी गांव स्थित बाबा जहली दास धाम पर श्रीकृष्ण की बरही का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। हर वर्ष की तरह इस बार भी आयोजित धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर हिस्सा लिया। बरही कार्यक्रम के दौरान आयोजक मंडल की ओर से प्रसिद्ध बिरहा गायक राधेश्याम रसिया की टीम को आमंत्रित किया गया था। राधेश्याम रसिया ने बिरहा और सोहर गीतों की प्रस्तुति देकर मौजूद लोगों का मन मोह लिया। उनके साथ आए कलाकारों ने पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत कर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। बिरहा और लोकगीतों की प्रस्तुति के दौरान श्रद्धालु देर तक कार्यक्रम का आनंद लेते रहे। श्रीकृष्ण बरही के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे। बाबा जहली दास धाम परिसर में देर तक उत्सव का माहौल बना रहा। कलाकारों ने भगवान श्रीकृष्ण से जुड़े प्रसंगों और लोक परंपराओं को गीतों के माध्यम से प्रस्तुत किया।

## विधायक अदिति सिंह ने जेपी नड्डा से की मुलाकात



**रायबरेली।** आम जनमानस को बेहतर और अत्याधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण पहल करते हुए सदर विधायक अदिति सिंह ने नई दिल्ली में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जे0पी0 नड्डा से भेंट की। इस दौरान उन्होंने एम्स रायबरेली में प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन के अंतर्गत निमार्णाधीन क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल ब्लॉक के निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण कराने तथा परियोजना की अवशेष धनराशि जल्द अवमुक्त किए जाने के संबंध में पत्र सौंपा। सदर विधायक अदिति सिंह ने केंद्रीय मंत्री को अवगत कराया कि एम्स रायबरेली में क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल ब्लॉक का निर्माण रू0 33.24 करोड़ की स्वीकृत लागत से कराया जा रहा है। परियोजना के लिए अब तक रू0 17.16 करोड़ की धनराशि अवमुक्त की जा चुकी है, जबकि शेष धनराशि उपलब्ध न होने के कारण निर्माण कार्य निर्धारित समयावधि में पूर्ण नहीं हो सका है। उन्होंने कहा कि एम्स रायबरेली केवल एक संस्थान नहीं, बल्कि पूरे रायबरेली और आसपास के जनपदों के लाखों लोगों के लिए बेहतर स्वास्थ्य और जीवन की उम्मीद है। विशेषकर गंभीर बीमारी, दुर्घटना अथवा आपातकालीन परिस्थितियों में क्रिटिकल केयर की सुविधा अत्यंत महत्वपूर्ण होती है।

**'रायबरेली के किसी परिवार को इलाज के लिए मजबूर होकर बाहर न जाना पड़े'**

अदिति सिंह ने कहा कि जब किसी परिवार में कोई व्यक्ति गंभीर रूप से बीमार पड़ता है तो पूरा परिवार चिंता और परेशानी में घिर जाता है। ऐसे समय में यदि अत्याधुनिक उपचार की सुविधा अपने ही जनपद में उपलब्ध हो, तो मरीज को समय पर उपचार मिलने के साथ-साथ परिवार को आर्थिक और मानसिक परेशानी से भी राहत मिलती है। उन्होंने कहा कि एम्स रायबरेली में क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल के शीघ्र शुरू होने से गंभीर मरीजों को अत्याधुनिक उपचार की सुविधा स्थानीय स्तर पर उपलब्ध होगी और उन्हें लखनऊ अथवा अन्य बड़े शहरों में रेफर करने की आवश्यकता काफी हद तक कम हो सकेगी। विधायक ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री से आग्रह किया कि परियोजना की अवशेष धनराशि शीघ्र जारी कराने एवं संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए जाएं, ताकि क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल ब्लॉक का निर्माण जल्द पूरा हो और इसे रायबरेली की जनता की सेवा के लिए समर्पित किया जा सके।

**जनता की स्वास्थ्य सुरक्षा को लेकर प्रतिबद्ध हैं विधायक** : अदिति सिंह ने कहा कि रायबरेली की जनता ने हमेशा अपना स्नेह और विश्वास दिया है और जनता से जुड़े हर महत्वपूर्ण विषय को मजबूती से उठाना उनका दायित्व है। स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार उनकी प्राथमिकताओं में है और इसके लिए राज्य से लेकर केंद्र सरकार तक हर आवश्यक स्तर पर लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य है कि रायबरेली में ऐसा मजबूत स्वास्थ्य तंत्र विकसित हो, जहां गंभीर बीमारी की स्थिति में किसी गरीब या मध्यमवर्गीय परिवार को बेहतर इलाज के लिए अपना घर छोड़कर दूसरे शहर जाने की मजबूरी न हो। एम्स रायबरेली में निमार्णाधीन क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसके शीघ्र पूर्ण होने से रायबरेली ही नहीं, बल्कि आसपास के क्षेत्रों के लोगों को भी गंभीर एवं आपातकालीन उपचार की अत्याधुनिक सुविधा मिल सकेगी। विधायक अदिति सिंह ने विश्वास व्यक्त किया कि माननीय केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जी के सकारात्मक सहयोग से परियोजना की बाधाएं शीघ्र दूर होंगी और रायबरेलीवासियों को जल्द ही क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल की सुविधा प्राप्त होगी।

## सूर्यकांत पाण्डेय ने फिर थामा सपा का दामन

**अयोध्या।** भाकपा से दो बार अयोध्या विधानसभा का चुनाव लड़ चुके, शहीद शोध संस्थान के प्रबंध निदेशक सूर्य कांत पाण्डेय ने आज सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया। श्री पाण्डेय इसके पूर्व 2016 तक समाजवादी पार्टी में रह चुके हैं। उन्होंने सपा के टिकट से फैजाबाद नगर पालिका अध्यक्ष का चुनाव भी 2002 में लड़ा था। श्री पाण्डेय को पार्टी में शामिल कराने का प्रयास पूर्व मंत्री तेज नारायण पाण्डेय ने किया। श्री पाण्डेय के साथ तीन दर्जन विभिन्न क्षेत्रों के लोगों ने भी सपा की सदस्यता ग्रहण किया। इस अवसर पर बोलते हुए श्री पाण्डेय ने कहा कि देश घनघोर संकट में है। इस संकट से देश को बचाने के लिए सभी धर्मनिरपेक्ष और समाजवादी विचारधारा के लोगों को एकजुट होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि देश में अघोषित आपातकाल से भी खौफनाक हालात पैदा कर दिया गया है।

## आस्था का महासंगम, शिव महापुराण कथा में उमड़ा जनसमूह



**रायबरेली।** भगवान शिव के प्रति अटूट विश्वास एवं जन-जन द्वारा चढ़ाये जा रहे श्रद्धा के पुष्प से अलौकिक परंपरा महादेव की ऊर्जा से युक्त है। ऊंचाहार में चल रही श्री शिव महापुराण कथा के पंचम दिवस आस्था का विराट जनसैलाब उमड़ा। पं. प्रदीप मिश्रा जी के श्रीमुख से भगवान महादेव की महिमा और सनातन संस्कृति का संदेश सुनने के लिए लाखों श्रद्धालु कथा स्थल पहुंचे। विशाल पंडाल से लेकर आसपास के मैदानों और मार्गों तक शिवभक्तों का जनसमुद्र दिखाई दिया। हर-हर महादेव के जयघोष से पूरा क्षेत्र शिवमय हो उठा। पंचम दिवस पं. प्रदीप मिश्रा जी ने भगवान शिव की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि महादेव सनातन जीवन-दर्शन के आधार हैं। शिवभक्ति मनुष्य को त्याग, तपस्या, संयम, करुणा और लोककल्याण की प्रेरणा देती है। उन्होंने श्रद्धालुओं से शिव के प्रति आस्था को जीवन और आचरण का हिस्सा बनाने का संदेश दिया। कथा के दौरान लाखों श्रद्धालु भाव-विभोर होकर कथा का श्रवण करते रहे। कथा के पंचम दिवस तेलंगाना के राज्यपाल श्री शिव प्रताप शुक्ल भी पहुंचे। उन्होंने पूज्य पं. प्रदीप मिश्रा जी का आशीर्वाद लिया और भगवान महादेव के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की। उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति भारत की आत्मा है और भगवान शिव त्याग, तपस्या, करुणा एवं लोककल्याण के प्रतीक हैं। ऐसी कथाएं समाज को संस्कारों से जोड़ने और नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से परिचित कराने का

**● ऊंचाहार में तेलंगाना के राज्यपाल सहित दिग्गजों का जमावड़ा**

महत्वपूर्ण कार्य करती हैं। महामहिम राज्यपाल ने इस विराट आयोजन के लिए कैबिनेट मंत्री श्री मनोज कुमार पांडेय के प्रयासों की विशेष सराहना की। उन्होंने मनोज पांडेय जी से अपने आत्मीय संबंधों का उल्लेख करते हुए कहा कि उनके साथ लंबे समय से आत्मीयता और विश्वास का रिश्ता रहा है। उन्होंने कहा कि मनोज पांडेय जी ने जिस श्रद्धा, संकल्प और समर्पण के साथ ऊंचाहार में इस विशाल धार्मिक आयोजन को साकार किया है, वह प्रशंसनीय है। कैबिनेट मंत्री श्री मनोज कुमार पांडेय ने कहा कि ऊंचाहार में शिव महापुराण कथा का आयोजन क्षेत्र की जनता की भगवान महादेव के प्रति अटूट आस्था का प्रतीक है। लाखों श्रद्धालुओं का उमड़ा जनसमुद्र सनातन आस्था की जीवंत शक्ति का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन कथा के साथ भक्ति, सेवा, संस्कार और सनातन संस्कृति का विराट संगम बन गया है। इस अवसर पर राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला, राज्यमंत्री जसवंत सिंह सैनी, राज्यमंत्री मनोहर लाल कोरी, लोक गायिका एवं पद्मश्री मालिनी अवस्थी, वरिष्ठ आईएएस वेदपति मिश्र, विधायक सुभाष त्रिपाठी, विधायक पूनम संघवार, सांसद अशोक रावत, विधायक संजय कुमार जायसवाल तथा पूर्व विधायक हरिओम यादव समेत बड़ी संख्या में मंत्री, विधायक, जनप्रतिनिधि एवं विशिष्टजन मौजूद रहे।

## गुमनामी बाबा की पुण्यतिथि की पूर्व संध्या पर किया नमन

**अयोध्या।** गुमनामी बाबा की 41वी पुण्यतिथि की पूर्व संध्या पर गुप्ताहर घाट स्थित उनके समाधि स्थल पर श्रद्धा पूर्वक किया गया उनको नमन, भाजपा नेता दिनेश जायसवाल ने कहा इसी स्थान पर गुमनामी बाबा की अंत्येष्टि की गई थी जो कि बाद में समाधि स्थल के नाम से प्रसिद्ध हुई, ऐसा मानना है कि गुमनामी बाबा ही नेताजी सुभाष चंद्र बोस थे भाजपा नेता अधिवक्ता राजीव शुक्ला ने कहा गुमनामी बाबा का जीवन लंबे समय तक इसी अयोध्या जो पहले फैजाबाद था उसमें बीता है गुमनामी बाबा जिन वस्तुओं का उपयोग करते थे वह नेताजी सुभाष चंद्र बोस द्वारा इस्तेमाल की गई वस्तुओं से मेल खाती है ऐसा प्रतीत होता है कि गुमनामी बाबा ही नेताजी सुभाष चंद्र बोस थे आज उनकी पुण्यतिथि के पूर्व संध्या पर हम सभी उन्हें नमन कर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित कर रहे हैं गुमनामी बाबा का निधन 16 सितंबर 1985 को हुआ था।

## दहेज में एक लाख रुपये व अपाचे बाइक की मांग, पांच पर मुकदमा

**गोसाईगंज, सुलतानपुर (वीओएल)।** थाना क्षेत्र के मंगूर गांव में शादी तय होने के बाद दहेज की मांग को लेकर विवाद का मामला सामने आया है। मंगूर निवासी राम सवारे की तहरीर पर पुलिस ने वर पक्ष के पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। राम संवारे ने तहरीर में बताया कि उनकी बेटी रीना की शादी दोस्तपुर थाना क्षेत्र के बस्ती पहाड़पुर निवासी नितिन के साथ तय हुई थी। शादी तय होने के दौरान वर पक्ष को 51 हजार रुपये नकद, सोने की अंगूठी, परिवार के सदस्यों के कपड़े समेत अन्य सामान दिया गया था। आरोप है कि इसके बाद नितिन और उसके परिजनों ने एक लाख रुपये नकद, अपाचे बाइक और सोने की चेन की मांग शुरू कर दी। मांग पूरी करने में असमर्थता जताने पर शिकायतकर्ता 16 जून को आरोपियों के घर पहुंचा और दिए गए रुपये व सामान वापस करने की बात कही। आरोप है कि इस पर आरोपियों ने गालीगलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी और शादी करने से इन्कार कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर नितिन, उसकी मां सावित्री देवी, पिता हौसिला प्रसाद, भाई विपिन और बहन अर्चना के खिलाफ बीएनएस की धारा 3(5), 352, 351(3) और दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3 व 4 के तहत मुकदमा दर्ज किया है। एफआईआर 14 सितंबर को दर्ज हुई। थानाध्यक्ष अखंड देव मिश्रा ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

## जहां जन्म हुआ वहीं नौकरी की और वहीं से सेवानिवृत्त : डॉ. रस्तोगी



**सुलतानपुर (वीओएल)।** मंगलवार को जिले के सुप्रसिद्ध हड्डी रोग विशेषज्ञ डा. सीएल रस्तोगी का स्वशासी राजकीय महाविद्यालय के मुख्य चिकित्साधिक्षक कार्यालय में विदाई समारोह आयोजित किया गया। जिसमें मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डां. प्रियांक वर्मा, मुख्य चिकित्साधिक्षक डॉ. एसी गुप्ता, महिला चिकित्सालय के सीएमएस डॉ.आरके यादव, डां.एसके पांडेय, ट्रामा सेंटर के हड्डी रोग विशेषज्ञ डां.समीर सुमन, डां.पवन सिंह, डां.आरए वर्मा, डां.गौरव, डां.अमोल रिबेलो डां.तारिक खान, डां.एसके श्रीवास्तव, डां.वसीम, डां.रवींद्र कुमार यादव, मैनेजर मीनू पाल, विजय चैधरी, अवनीश शाह, रुद्र प्रताप, फार्मासिस्ट लक्ष्मण स्वरूप, अनुराग गुप्ता, अनुराग पांडेय, विवेक श्रीवास्तव, अभिषेक, संजू व नर्सिंग स्टाफ मौजूद रही, डां.सीएल रस्तोगी बेहद सरल व शालीन व्यक्तित्व और अपने कार्यों को लेकर जिम्मेदार प्रशासनिक अधिकारी रहे है, अस्थि रोग विशेषज्ञ के साथ ही सर्जरी के जादूगर माने जाते है, डां.सीएल रस्तोगी जनपद के डाक्टरों की पहली पसंद माने जाते है, डां.रस्तोगी के सेवानिवृत्त से स्वशासी राजकीय महाविद्यालय का न सिर्फ एक डाक्टर रिटायर्ड हुआ बल्कि एक समाजसेवी, एक बेहतरीन इंसान, मरीजों का एक अच्छा दोस्त और गरीबों की उम्मीद जो कभी भी सख्त लहजे में मरीज और उनके तीमारदारों से पेश न आया हो, डां.सीएल रस्तोगी का मेडिकल कॉलेज से रिश्ता जन्म से शुरू हुआ है, यही पैदा हुए यही नौकरी की शुरूआत और यही से सेवानिवृत्त का सौभाग्य मिला, विदाई समारोह में प्राचार्य डां.प्रियांक वर्मा, सीएमएस डां.एसी गुप्ता व मुख्य चिकित्साधिक्षक डां.आरके यादव ने डां.सीएल रस्तोगी की कार्यों की मुक्त कंठ से सराहना की तथा मौजूद डाक्टर्स व स्वशासी राजकीय महाविद्यालय के स्टाफ ने डां. सीएल रस्तोगी का सदैव आशीर्वाद के साथ सहयोग की अपेक्षा की, डां. सीएल रस्तोगी ने आश्वस्त करते हुए कहाकि जहां भी मेरी जरूरत आपसब को महसूस होगी मैं आपके साथ खड़ा मिलूंगा, कार्यक्रम का संचालन चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ के अध्यक्ष ओमप्रकाश गौड ने किया, सीएमएस कार्यालय स्टाफ ने डां.सीएल रस्तोगी के वाहन की सजावट करके उन्हें विदाई का तोहफा दिया।

## गनपत सहाय पीजी कालेज में नारी शक्ति कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**सुलतानपुर (वीओएल)।** गनपत सहाय महाविद्यालय के सीताकुंड परिसर में महाविद्यालय के प्रबंधक डॉ ओम प्रकाश पाण्डेय श्बजरंगीश के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना की सभी इकाईयों और जिला पुलिस प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में नारी शक्ति मिशन कार्यक्रम के 5 वें चरण के फेज 2 के अंतर्गत महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो अंग्रेज सिंह राणा की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर क्षेत्राधिकारी राघवेंद्र सिंह तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर कोतवाल सुरेश कुमार मिश्र तथा महिला थाना प्रभारी हंसमती की उपस्थिति रही। मुख्य अतिथि द्वारा अपने संबोधन में छात्राओं को राज्य सरकार के दिशानिर्देश में नारी शक्ति मिशन के अंतर्गत चलाये जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों के बारे में बताया और साथ ही महिला सहायता हेतु चलाए जा रहे विभिन्न दूरभाष नंबर जैसे 112, 1090, 108, 181, 1930, आदि के विषय में विस्तार से चर्चा की। महाविद्यालय के प्राचार्य ने छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि सरकार और पुलिस प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे इस प्रकार के कार्यक्रम स्वागत योग्य है इससे न केवल समाज में महिलाओं की भागीदारी बढ़ेगी अपितु महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा मिलेगा। आप लोगों को यदि किसी भी प्रकार की समस्या हो या आपके आस पास कोई समस्या चल रही है तो आप लोग ऊपर दिए नंबर पर कॉल करके अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। कार्यक्रम संयोजक डॉ विष्णु शंकर अग्रहरि द्वारा मंच का संचालन किया गया। इस अवसर पर डॉ भोलानाथ, डॉ अजय मिश्र, डॉ दीपा सिंह, डॉ रीना त्रिपाठी, डॉ उर्मिला मिश्रा, डॉ शैलजा, डॉ पूजा श्रीवास्तव, डॉ शिखा श्रीवास्तव, राजकुमार पाण्डेय, आशुतोष श्रीवास्तव, जयेन्द्र त्रिपाठी, नंदलाल एवं बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रही।

## शिक्षा, रोजगार व बुलडोजर नीति के खिलाफ आंदोलन तेज होगा

जिला संवाददाता (vol)



**अयोध्या।** शिक्षा और रोजगार के सवाल को लेकर उत्तर प्रदेश में चल रही आल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आइसा) की जेन जी राइजिंग महाजुटान यात्रा इलाहाबाद, बनारस, आजमगढ़, गोरखपुर होते हुए मंगलवार को फैजाबाद के प्रेस क्लब पहुंची। महाजुटान में बड़ी संख्या में उपस्थित छात्रों-युवाओं को संबोधित करते हुए जंतर- मंतर आन्दोलन की प्रमुख नेता व आइसा की राष्ट्रीय अध्यक्ष नेहा वोरा ने कहा कि ये यात्रा सिर्फ यात्रा नहीं है, ये एन ई पी 2020 के जरिए शिक्षा को बेचने की नीति के खिलाफ जुटान है। सरकारी स्कूल बंद किए जा रहे हैं ताकि गरीब, दलित, आदिवासी, मुसलमान और लड़कियों को शिक्षा से बाहर किया जा सके। हम स्कूल बचाने और हर स्कूल में टीचर, लैब, लाइब्रेरी की लड़ाई लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि अयोध्या की जनता यहाँ कायम किए गए चंदा चोरी और लूट के राज से त्रस्त है और शिक्षा रोजगार के सवाल पर पूरी एकता के साथ आने वाले समय में इस आंदोलन को तेज करेंगे। दलितों मुसलमानो और गरीबों के घरों और स्कूलों पर चल रहे बुलडोजर को तोड़ के रख देने की हमारी ताकत अयोध्या में हुई आज के इस महाजुटान से और बढ़ी है। आइसा प्रदेश अध्यक्ष मनीष कुमार ने कहा कि यूपी में शिक्षकों के लाखों पद खाली हैं, लेकिन सरकार भर्ती नहीं कर रही। विश्वविद्यालयों में छात्र संघों पर प्रतिबंध है ताकि छात्र रोजगार का सवाल न उठा सकें। ये महाजुटान शिक्षा और रोजगार को एक ही लड़ाई के दो हिस्से के तौर पर जोड़ रही है। कार्यक्रम को साहित्यकार व कवि डाक्टर अनिल कुमार सिंह, वरिष्ठ पत्रकार के पी सिंह, भाकपा जिला सचिव अशोक कुमार तिवारी, आइसा प्रदेश उपाध्यक्ष विवेक सुल्तानवी भाकपा (माले) नेता राजेश वर्मा, छात्र नेता चंद्रभान आदि लोगों ने संबोधित किया। कार्यक्रम में कोरस के साथी समता, रुनझुन, बन्टू, अंकुर द्वारा जनगीत प्रस्तुत किए गए, संचालन प्रदेश सचिव शशांक ने और धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम आयोजक भाकपा (माले) जिला प्रभारी अतीक अहमद ने किया। कार्यक्रम में जन संस्कृति मंच के महासचिव मनोज सिंह, वरिष्ठ साहित्यकार आशाराम जागरथ, राम तीरथ पाठक, आर डी आनन्द, मया राम वर्मा, अशोक यादव, सत्यभान सिंह जनवादी, कमलेश यादव, उमाकांत विश्वकर्मा, राम सिंह, अजय शर्मा चंचल, सुनीता गौड़, रमेश कुमार सहित छात्रों-युवाओं के अलावा कई वकील, पत्रकार, बुद्धिजीवी को उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### विकास खंडों में लगेंगे भर्ती शिविर

**देवरिया।** ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उप जिलाधिकारी सदर ने बताया कि एसआईएस इंडिया लिमिटेड, क्षेत्रीय कार्यालय जौनपुर की ओर से शिक्षित बेरोजगार युवाओं को सुरक्षा क्षेत्र में प्रशिक्षण के उपरांत स्थायी रोजगार उपलब्ध कराने के लिए जनपद के विभिन्न विकास खंडों में तिथिवार भर्ती शिविर आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि देवरिया सदर विकास खंड में 21 व 22 सितंबर, बैतालपुर में 23 व 24 सितंबर, गौरीबाजार में 25 एवं 26 सितंबर, रामपुर कारखाना में 5 व 6 अक्टूबर, पथरदेवा में 7 व 8 अक्टूबर, तरकुलवा में 9 व 10 अक्टूबर तथा देसही देवरिया विकास खंड में 12 एवं 13 अक्टूबर 2026 को भर्ती शिविर आयोजित किए जाएंगे।

### सीएम सामूहिक विवाह समारोह 18-19 को

**रायबरेली।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत जनपद रायबरेली में दो स्थानों पर सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया जाएगा। 18 सितम्बर को राणा बेनीमाधव मैदान, निकट विकास खण्ड अमावां तथा 19 सितम्बर को विधानसभा ऊंचाहार के डॉ० अंबेडकर राजकीय महिला महाविद्यालय परिसर में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी जिला समाज कल्याण अधिकारी आर बी सिंह ने दी है।

### विद्युत व्यवस्था को लेकर विधायक ने अधिकारियों को दिये निर्देश

**अयोध्या।** विद्युत व्यवस्था में जनअपेक्षाओं के अनुरूप सुधार और उपभोक्ताओं की समस्याओं के त्वरित निस्तारण को लेकर अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने मंगलवार को सर्किट हाउस सभागार में विद्युत विभाग के अधिकारियों व भाजपा पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में क्षेत्र की विभिन्न विद्युत समस्याओं को लेकर चर्चा हुई। पार्टी पदाधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं, जिस पर विधायक ने तत्काल समाधान के निर्देश दिए। बैठक में ढीले विद्युत तार और जर्जर खंभों की समस्या प्रमुखता से उठी। विधायक ने अधिकारियों को ऐसे तारों और खंभों को चिह्नित कर तत्काल दुरुस्त कराने के निर्देश दिए। नहरबाग क्षेत्र में हाईटेंशन तार के लटकने की समस्या को भी गंभीरता से लेते हुए आवश्यक कार्रवाई के लिए कहा गया। वहीं मझवा गद्दोपुर में करीब 250 मीटर दूरी से विद्युत कनेक्शन दिए जाने की समस्या भी बैठक में उठाई गई। आबादी वाले क्षेत्रों में स्थापित ट्रांसफार्मरों को सुरक्षा की दृष्टि से जाली से कवर कराने के निर्देश भी विधायक ने अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि विद्युत व्यवस्था से जुड़ी समस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप त्योहारी सीजन में शहरी क्षेत्रों में 24 घंटे और ग्रामीण क्षेत्रों में 20 घंटे विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जनता के फोन अवश्य उठाएं तथा विद्युत संबंधी शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई करें।

### विद्युत की खराब व्यवस्था व सांड़ से ग्रामीण परेशान

**सोहावल-अयोध्या।** मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट ने मासिक पंचायत कर सात बिंदुओं का ज्ञापन आई ए एस एसडीएम सोहावल आदित्य विक्रम अग्रवाल को सौंपा। पंचायत में प्रमुख मुद्दा क्षेत्र में विद्युत व्यवस्था खराब होने से क्षेत्र की जनता परेशान है। ग्रामीण क्षेत्र में पांच से छः घंटा विद्युत कटौती की जा रही है। रात दिन मिलाकर दर्जनों बार बिजली ट्रिप की जाती है। क्षेत्र वासियों का जीना दुश्वार हो गया है। सरकार द्वारा मिट्टी का तेल भी बंद कर दिया गया है। ग्रामीण मोमबत्ती के सहारे जीवन यापन कर रहे हैं। ग्रामीणों को सांप बिच्छू का डर लगा रहता है। इसी तरह सोहावल क्षेत्र में आवारा पशु हिंसक सांड़ों से जनता परेशान है। रोड पर बैठे सांड़ों द्वारा के हमले से सैकड़ों लोग चोटहिल हो चुके हैं। दर्जनों लोगों की जान जा चुकी है। सरकार द्वारा गौशाला के नाम पर काफी टैक्स भी ले रही है। फिर भी प्रशासन इस पर फेल नजर आ रहा है। मंगलसी ग्राम पंचायत में आंगनबाड़ी के पास खुले में ट्रांसफार्मर पर जाली लगाई जाय। ग्राम पंचायत पिलखांवा के मजरे अरकुना में लूज तार को सही कराया जाय। लूज तार कभी भी बड़ी दुर्घटना को दावत दे सकता है।

# जनभागीदारी से सफल होगा सेवा संकल्प अभियान : सांसद



**देवरिया।** सेवा संकल्प अभियान की तैयारियों को लेकर मंगलवार को विकास भवन स्थित गांधी सभागार में बैठक हुई। सदर सांसद शशांक मणि त्रिपाठी की अध्यक्षता में हुई बैठक में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने अभियान को सफल बनाने की रणनीति पर चर्चा की। सदर सांसद ने कहा कि सभी अधिकारी और कर्मचारी आपसी समन्वय के साथ जनभागीदारी सुनिश्चित करते हुए सेवा संकल्प अभियान को सफल बनाएं। यह अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्षों के सेवाकाल के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का विशेष अवसर है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के 12 वर्षों और प्रदेश सरकार के 10 वर्षों के कार्यकाल में जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से बड़ी संख्या में लोगों को लाभ मिला है। लाभार्थी योजनाओं से अपने जीवन में आए सकारात्मक बदलावों को रील्स के माध्यम से साझा करें, ताकि अन्य लोग भी योजनाओं के प्रति जागरूक होकर उनका लाभ उठा सकें।

उन्होंने बताया कि 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलने वाले अभियान के दौरान 12 प्रमुख कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। गांव से लेकर जिला मुख्यालय तक होने वाले इन कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों और आमजन की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। अभियान के शुभारंभ अवसर पर 17 सितंबर को सेवा दिवस के तहत 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम आयोजित होगा। इसके अंतर्गत जनपद के घरों में लाभार्थियों सहित आमजन दीप प्रज्वलित करेंगे। मुख्य विकास अधिकारी राजेश कुमार सिंह ने बताया कि अभियान के माध्यम से जनकल्याणकारी उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने के साथ ही प्रत्येक नागरिक को विकसित भारत-2047 के सामूहिक राष्ट्रीय संकल्प से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान केंद्र सरकार के पिछले 12 वर्षों और राज्य सरकार के पिछले 10 वर्षों में संचालित विकास कार्यों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर विधानसभावार, विकासखंडवार और ग्राम पंचायतवार कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों के माध्यम से अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाया जाएगा। अभियान के 12 प्रमुख कार्यक्रमों के अतिरिक्त प्रमुख स्मारकों पर लेजर शो, महायज्ञ, प्रार्थना सभाएं, ग्राम चौपाल और सीधा संवाद कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। इन आयोजनों के माध्यम से समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों और अंत्योदय वर्ग तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने तथा उन्हें अभियान से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। अभियान के तहत पहला कार्यक्रम 'आशीर्वाद का दीया' दूसरा 'मेरे सपनों का भारत', तीसरा 'नमो सेवा गाथा' (नुक्कड़ नाटक मंचन), चौथा 'आंगन मिलन सेवा', पांचवां 'सेवा की कहानी' (डिजिटल एवं रील अभियान), छठवां 'सेवा ज्योति कलश यात्रा—विकसित भारत संकल्प यात्रा', आठवां 'सेवा मेरा योगदान', नौवां 'सेवा सेतु अभियान', दसवां 'सेवा के रंग, राष्ट्र के संग', ग्यारहवां 'सेवा फर्स्ट इनोवेशन चैलेंज' तथा बारहवां 'सुशासन सेवा संवाद' आयोजित किया जाएगा।

## आयुष चिकित्सकों के मानदेय में विसंगति दूर करने की मांग

**कुशीनगर।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत कार्यरत आयुष चिकित्सकों के मानदेय में व्याप्त विसंगति को दूर करने की मांग को लेकर आयुष डॉक्टर्स वेलफेयर एसो. (उ.प्र.) की ओर से मंगलवार को मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश के नाम डीएम कुशीनगर को ज्ञापन सौंपा गया। चिकित्सकों ने शासन से आयुष चिकित्सकों के हित में शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेते हुए मानदेय में समानता सुनिश्चित करने की मांग की।

ज्ञापन में कहा गया है कि उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों में लगभग 4,000 आयुष चिकित्सक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत लंबे समय से अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। ये चिकित्सक प्रदेश की जनता को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के साथ-साथ विशेष रूप से ग्रामीण व दूरस्थ क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। चिकित्सकों ने ज्ञापन के माध्यम से बताया कि वर्ष 2009-10 एवं 2010-11 में आयुष चिकित्सकों व एमबीबीएस चिकित्सकों का मानदेय 24,000 प्रतिमाह समान था। इसके बाद समय के साथ एमबीबीएस चिकित्सकों का मासिक मानदेय बढ़कर लगभग 1,00,000 तक पहुंच गया है, जबकि आयुष चिकित्सकों का मानदेय वर्तमान में 32,000 प्रतिमाह है। चिकित्सकों ने इसी अंतर को मानदेय की गंभीर विसंगति बताते हुए इसे दूर करने की मांग की है। एसो. का कहना है समान परिस्थितियों में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत कार्यरत चिकित्सकों के बीच इस प्रकार की मानदेय विसंगति लंबे समय से बनी हुई है। आयुष चिकित्सक भी स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं को धरातल पर लागू करने, मरीजों को उपचार उपलब्ध कराने तथा ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने में निरंतर अपना योगदान दे रहे हैं। ज्ञापन में प्रदेश के लगभग 4,000 आयुष चिकित्सकों के व्यापक हित को ध्यान में रखते हुए मानदेय संबंधी विसंगति को दूर करने के लिए शासन स्तर से आवश्यक सकारात्मक निर्णय लेने का अनुरोध किया गया। चिकित्सकों ने यह भी कहा कि उनकी मांग पर उचित कार्रवाई होने से आयुष चिकित्सकों का मनोबल बढ़ेगा तथा वे और अधिक उत्साह के साथ स्वास्थ्य सेवाओं में अपना योगदान दे सकेंगे। ज्ञापन में एसो. ने यह भी उल्लेख किया कि यदि मांग पर निर्धारित समय तक सकारात्मक कार्रवाई नहीं होती है तो 21 सितंबर 2026 को प्रातः 8 बजे प्रदेशभर के आयुष चिकित्सक लोकतांत्रिक एवं शांतिपूर्ण तरीके से मुख्यमंत्री एवं उपमुख्यमंत्री/स्वास्थ्य मंत्री के समक्ष अपनी मांगों के समर्थन में विरोध-प्रदर्शन के लिए बाध्य होंगे।

## डीएम ने बरहज ब्लॉक परिसर में निर्माणाधीन आवासीय भवन का किया औचक निरीक्षण



**देवरिया।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने मंगलवार को विकास खंड बरहज के परिसर में एक करोड़ 83 लाख रुपये की लागत से निमार्णाधीन आवासीय भवन का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति, भवन की संरचना, उपयोग में लाई जा रही निर्माण सामग्री तथा कार्य की गुणवत्ता का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने मौके पर उपस्थित संबंधित अधिकारियों से निर्माण कार्य की वर्तमान स्थिति और अब तक की प्रगति के संबंध में जानकारी प्राप्त की। बताया गया कि आवासीय भवन के निर्माण कार्य की शुरूआत अगस्त 2025 में हुई थी तथा इसे दिसंबर 2026 तक पूर्ण किया जाना निर्धारित है। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निर्माण कार्य में निर्धारित मानकों और गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भवन निर्माण में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए और कार्यदायी संस्था द्वारा स्वीकृत मानकों के अनुरूप ही निर्माण कराया जाए। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य की नियमित निगरानी करते हुए प्रगति की समीक्षा की जाए, ताकि कार्य निर्धारित समय सीमा में पूरा हो सके। उन्होंने निर्माण में प्रयुक्त होने वाली सामग्री की गुणवत्ता सुनिश्चित करने तथा कार्य में अनावश्यक विलंब न होने देने के निर्देश भी दिए। डीएम ने कहा कि निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की अनियमितता अथवा गुणवत्ता में कमी पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्था के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य में मानकों की अनदेखी किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उप जिलाधिकारी बरहज प्रवीण कुमार, अधिशासी अभियंता आरईडी सहित सम्बंधित अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

## एसके निगम बने कांग्रेस के प्रवक्ता

**देवरिया।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी ने देवरिया के बरहज निवासी एसके निगम (सव्यसाची कृष्णन निगम) को पार्टी का प्रवक्ता नियुक्त किया है। पार्टी की ओर से महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने के बाद बरहज समेत जिले के राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र में खुशी का माहौल है। कांग्रेस कार्यकताओं और उनके समर्थकों ने उन्हें बधाई देते हुए नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दी हैं। एसके निगम छात्र जीवन से ही सामाजिक और राजनीतिक गतिविधियों से जुड़े रहे हैं। लेखक, शिक्षक और सामाजिक-राजनीतिक कार्यकर्ता के रूप में उन्होंने अपनी अलग पहचान बनाई है। उन्होंने मास्टर ऑफ सोशल वर्क (एमएसडब्ल्यू) की शिक्षा प्राप्त की है। लोकनीति, सामाजिक सरोकार, विकास परियोजनाओं के प्रबंधन और समकालीन राजनीतिक विषयों पर उनकी सक्रियता रही है। कांग्रेस प्रवक्ता के रूप में एसके निगम पार्टी की नीतियों, विचारधारा और समसामयिक राजनीतिक मुद्दों को मीडिया तथा आम लोगों के बीच प्रभावी ढंग से रखने का काम करेंगे। विभिन्न सामाजिक और राजनीतिक विषयों पर उनकी समझ तथा लेखन के अनुभव को पार्टी की ओर से दी गई इस जिम्मेदारी में उपयोगी माना जा रहा है। एसके निगम लंबे समय से सामाजिक न्याय, लोकतांत्रिक मूल्यों, चुनावी राजनीति और जनसरोकार से जुड़े विषयों पर लिखते रहे हैं। उनके लेखन में सामाजिक और राजनीतिक मुद्दों के साथ आम लोगों से जुड़े सवालों को भी प्रमुखता मिली है। राजनीति और सामाजिक न्याय से जुड़े विषयों पर एसके निगम की कई पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। इनमें 'द आईएनसी (भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस)', 'ग्लोबल देसी', 'इलेक्टोरल जुगाड', 'सामाजिक न्याय के मसीहा' और 'मैं और बिस्मिल' प्रमुख हैं। इन पुस्तकों में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, चुनावी राजनीति, प्रवासी भारतीयों से जुड़े मुद्दे, सामाजिक न्याय और समकालीन राजनीतिक-सामाजिक विमर्श जैसे विषयों को केंद्र में रखा गया है। उनके लेखन और सामाजिक गतिविधियों के अनुभव को कांग्रेस के मीडिया संवाद में भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है।



## पुण्यतिथि पर पिता को अनोखी श्रद्धांजलि, बेटे ने विद्यालय को दी 'स्वच्छ जल' की सौगात

**कुशीनगर।** पिता की याद में आंखें नम हुईं तो श्रद्धांजलि सिर्फ फूलों तक नहीं रुकी, बेटे ने उनकी स्मृतियों को सेवा की ऐसी धारा से जोड़ दिया, जिसका लाभ अब हर दिन लोगों को मिलेगा। स्वर्गीय अरुण कुमार श्रीवास्तव की पुण्यतिथि पर उनके पुत्र डॉ. संदीप अरुण श्रीवास्तव ने सोमवार को पडरौना नगर के जगदलपुरम कालोनी मे, स्थित वीणा वादिनी कन्या इंटर कॉलेज में आरओ प्लांट स्थापित कराया। पुण्यतिथि पर किया गया यह प्रयास पिता की स्मृति को समाजोपयोगी कार्य में बदलने की ऐसी पहल रहा, जिसमें श्रद्धा भी थी और जनसेवा का संकल्प भी।

डॉ. संदीप अरुण श्रीवास्तव ने कहा कि छह वर्ष पूर्व कोरोना महामारी के कठिन दौर में उनके पिता का निधन हुआ था। पिता का स्नेह, अनुशासन, संस्कार और समाज के प्रति समर्पण आज भी परिवार को प्रेरणा देता है। ऐसे में उनकी पुण्यतिथि को केवल एक स्मृति दिवस के रूप में मनाने के बजाय उसे समाज के लिए उपयोगी बनाने का संकल्प लिया गया है। उन्होंने कहा कि किसी की स्मृति में किया गया ऐसा कार्य, जिससे दूसरे लोगों को लाभ मिले, वही सच्ची श्रद्धांजलि है। इसी विचार के तहत पिछले कुछ वर्षों से विभिन्न स्थानों पर आरओ प्लांट स्थापित कराने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे जरूरतमंद लोगों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सके।



**स्मृतियों को सेवा से जोड़ने की पहल :** कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिशनपुरा ब्लॉक प्रमुख विन्ध्यवासिनी श्रीवास्तव रहे। विद्यालय की प्राचार्या सरोज मिश्रा और प्रबंधक भुवनेश्वर त्रिपाठी, शिक्षक आनन्द मिश्रा सहित जगदीशपुरम कॉलोनी के नागरिकों और शहर के तमाम गणमान्य लोगों ने स्वर्गीय अरुण कुमार श्रीवास्तव के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में परिवार के आलोक श्रीवास्तव, डॉ. वैभव ज्योतिष श्रीवास्तव, अलंकार अरुण श्रीवास्तव, डॉ. सुरभि श्रीवास्तव, रश्मि श्रीवास्तव, दीपाली श्रीवास्तव और शालू श्रीवास्तव मौजूद रहे। परिवार के वरिष्ठ सदस्य एवं बड़े चाचा ज्योति कुमार श्रीवास्तव, माता विमला श्रीवास्तव तथा चाची मंजू श्रीवास्तव ने भी श्रद्धासुमन अर्पित किए। कार्यक्रम के अंत में डॉ. संदीप ने उपस्थित सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि समाज के किसी व्यक्ति के जीवन में थोड़ी भी सुविधा जोड़ पाना ही उनके पिता के प्रति सबसे सार्थक श्रद्धांजलि है।

## आईजीआरएस प्रकरणों के त्रुटिपूर्ण निस्तारण पर 4 अफसरों को नोटिस

**देवरिया।** आईजीआरएस के प्रकरणों के त्रुटिपूर्ण निस्तारण और लापरवाही पर जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने चार सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। नोटिस पाने वालों में स्ट्रीट लाइट लगवाने और हैंडपंप की मरम्मत से संबंधित शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही पर सहायक विकास अधिकारी (पंचायत), भाटपाररानी; नाली पर जबरन कब्जे की शिकायत के संबंध में सहायक विकास अधिकारी (पंचायत), सदर; साफ-सफाई से संबंधित शिकायत के संबंध में सहायक विकास अधिकारी (पंचायत), गौरी बाजार तथा नई नाली निर्माण की शिकायत के संबंध में सहायक विकास अधिकारी (पंचायत), भटनी शामिल हैं। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को आईजीआरएस शिकायतों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि संतोषजनक स्पष्टीकरण प्राप्त नहीं होने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## पेंशन योजनाओं से वंचित पात्रों के लिए शिविर कल

**देवरिया।** जिला समाज कल्याण अधिकारी सुधीर पाण्डेय ने बताया कि कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न पेंशन योजनाओं से पात्र वंचित लोगों को लाभान्वित करने के लिए 17 सितंबर को तहसील सभागार भाटपाररानी में शिविर आयोजित किया जाएगा। संबंधित विकास खंडों की ग्राम पंचायतों में कम संख्या में पेंशनर पाए जाने के आधार पर पात्र वंचित लोगों को चिन्हित कर शिविर में पेंशन योजनाओं का लाभ दिलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि तहसील भाटपाररानी के विकास खंड भाटपाररानी की बनकटा सम्भू, बेलही, भरौली, जसूई और पहाड़पुर ग्राम पंचायत तथा विकास खंड बनकटा की भवानी छापर, चकरवां उर्फ बनकुल, घारा, रामपुर और सिरसिया ग्राम पंचायतों को शिविर के लिए चिन्हित किया गया है। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि पात्र वंचित व्यक्ति शिविर में उपस्थित होकर पेंशन योजना का लाभ लेने के लिए आय प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड, बैंक पासबुक, परिवार रजिस्टर की प्रति/शैक्षिक प्रमाण-पत्र तथा अन्य आवश्यक अभिलेख साथ लाए।

## कुशीनगर में बिना नंबर प्लेट के फर्राटा भर रहीं नगर पालिका की गाड़ियां

**कुशीनगर।** जनपद से एक ऐसी प्रशासनिक लापरवाही और दोहरे चरित्र का मामला सामने आया है जो कानून के रखवालों की कार्यशैली पर बड़ा सवालिया निशान खड़ा करता है। एक तरफ जहां सरकार और प्रशासन सड़क सुरक्षा तथा यातायात नियमों को सख्ती से लागू करने का दावा करते हैं, वहीं दूसरी तरफ खुद सरकारी तंत्र के भीतर नियमों की सरेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। कुशीनगर नगर पालिका परिषद के जिम्मेदार अधिकारियों के संरक्षण में दो दर्जन से अधिक चार पहिया वाहन बिना नंबर प्लेट के शहर की सड़कों पर धड़ल्ले से दौड़ रहे हैं। गंभीर बात यह है कि जनता के लिए कड़े नियम बनाने और मामूली चूक पर भारी-भरकम जुमार्ना वसूलने वाली पुलिस और परिवहन विभाग की नजरों के सामने से ये अवैध गाड़ियां रोजाना गुजरती हैं, लेकिन मजाल है कि कोई इनका चालान काटने या अन्य कार्रवाई करने की हिम्मत जुटा सके।

शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने और नियमों का पालन करवाने की जिम्मेदारी जिन कंधों पर है, वे खुद इस गंभीर अनियमितता के मूकदर्शक बने हुए हैं। स्थिति यह है कि नगर पालिका की दो दर्जन से अधिक चार पहिया गाड़ियां बिना किसी वैध नंबर प्लेट के शहर के प्रमुख मार्गों पर फरार्टा भर रही हैं। इन वाहनों का उपयोग मुख्य रूप से कूड़ा उठाने, उसकी ढुलाई करने, विभिन्न वार्डों में निर्माण सामग्री पहुंचाने और अन्य विभागीय कार्यों के लिए किया जाता है।

शहर का सबसे व्यस्त और प्रमुख केंद्र 'गांधी चौक' हमेशा पुलिस छावनी की तरह मुस्तैद रहता है। यहां हर वक्त ट्रैफिक पुलिस और स्थानीय थाने के जिम्मेदार अधिकारी व सिपाही तैनात रहते हैं। इसके अलावा परिवहन विभाग की टीमें भी समय-समय पर चेकिंग अभियान का दावा करती हैं। गोरखपुर, देवरिया, सपहा और पडरौना की तरफ जाने वाले हर छोटे-बड़े वाहन को इसी चौराहे से गुजरना पड़ता है। इसके बावजूद, जब नगर पालिका के ये नंबर विहीन वाहन इन चौराहों से गुजरते हैं, तो तैनात सुरक्षाकर्मी या तो मुंह फेर लेते हैं या फिर जानबूझकर अनजान बन जाते हैं। नियम विरुद्ध इन वाहनों को रोकने, सीज करने या मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कानूनी कार्रवाई करने की जहमत तक नहीं उठाई। यह पूरी तरह से स्पष्ट करता है कि जिम्मेदारों के नाक के नीचे कानून का किस प्रकार मखौल उड़ाया जा रहा है। ?आखिर ऐसा क्यों है कि एक आम नागरिक यदि अपनी बाइक या कार पर हाई-सिक्योरिटी नंबर प्लेट या सामान्य नंबर प्लेट भी नियमानुसार न लगाए, तो उसे चौराहे पर रोककर तुरंत हजारों रुपये का चालान थमा दिया जाता है, जबकि सरकारी वाहन इस कानूनी बाध्यता से पूरी तरह परे नजर आते हैं? क्या सरकारी विभागों और उनके वाहनों के लिए देश का मोटर व्हीकल एक्ट लागू नहीं होता? अधिकारियों की इस लंबी खामोशी और निष्क्रियता से यह साफ जाहिर होता है कि दाल में कुछ काला नहीं, बल्कि पूरी दाल ही काली है।

इस पूरे प्रकरण का सबसे निराशाजनक और चिंताजनक पहलू यह है कि यह कोई छुपा हुआ या अनजाना मामला नहीं है। नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी को इस अवैध संचालन की पूरी और पुख्ता जानकारी है। गाड़ियां रोजाना कार्यालय परिसर से निकलती हैं और वापस वहीं लौटती हैं, अधिकारियों की नजरों के सामने से गुजरती हैं, फिर भी आज तक किसी भी जिम्मेदार अधिकारी ने इन वाहनों को नियम के तहत चलने की कोई पहल नहीं की।

जब शासन और प्रशासन खुद ही नियमों की धज्जियां उड़ाने पर उतारू हो जाए, तो आम जनता से यातायात नियमों के पालन की उम्मीद करना पूरी तरह बेईमानी होगी। कुशीनगर की सड़कों पर चल रहे इस दोहरे रवैये ने आम नागरिकों के बीच भारी चर्चा का माहौल पैदा कर दिया है।

### मानदेय बढ़ाने की मांग को लेकर प्रदर्शन

**अयोध्या।** स्वयं सहायता समूह कैडर संघ के बैनर तले जिले के 11 ब्लॉकों से पहुंचीं सैकड़ों महिलाओं ने मंगलवार को गांधी पार्क में एकत्र होकर मानदेय बढ़ाने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। महिलाओं ने नारेबाजी करते हुए कहा कि वर्तमान में उन्हें महज दो हजार रुपये मासिक मानदेय मिल रहा है। यह राशि करीब 65 रुपये प्रतिदिन के बराबर है। इतने कम मानदेय में परिवार चलाना मुश्किल है। महिलाओं ने न्यूनतम वेतनमान के आधार पर मानदेय निर्धारित करने की मांग की। उनका कहना था कि डिजिटल माध्यम से कार्य कराए जाने के बावजूद उन्हें मोबाइल या टैबलेट जैसी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराई गई हैं। इससे काम करने में काफी परेशानी होती है। महिलाओं ने पांच लाख रुपये तक की कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के साथ ही स्थायी नियुक्ति पत्र देने की भी मांग की।

## चोरी के मामले तीन लोगों पर रिपोर्ट दर्ज, दो भेजे गये जेल



**जौराबाजार, कुशीनगर।** फाजिलनगर क्षेत्र के रहसू बाजार में शनिवार की रात एक मेडिकल की दुकान का ताला तोड़कर चोरी के मामले में पुलिस तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर दो को जेल भेज दिया, एक आरोपी की तलाश जारी है। नदवाबिशुनपुर निवासी जयनाथ सिंह रहसू बाजार में मेडिकल की दुकान चलाकर जीवन यापन करते है। शनिवार की रात में दुकान बंद कर वह घर चले आए। रात में चोर दुकान का शटर तोड़कर काउंटर में रखे कुछ नकद रुपए सहित दवा उठा ले गए। रविवार की सुबह दुकान पर पहुंचे तो शटर टुटा देखकर आवाक रह गए। इसकी सूचना पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल करने के बाद जांच में जुटी गई थी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने सुंदरम पुत्र सत्येंद्र मद्धेशिया 20 वर्ष निवासी रहसू सुमाली पट्टी थाना पटहेरवा और सैफ पुत्र आलम अंसारी 22 वर्ष निवासी फुलवा पट्टी थाना कसया को गिरफ्तार किया गया। बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया। साहिल की तलाश में पुलिस लगी है। थाना प्रभारी चौराखास दिनेश कुमार ने बताया कि तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर दो को न्यायालय पेश किया गया जहा से जेल भेज दिया गया। एक आरोपी की पुलिस तलाश कर रही है। गिरफ्तार करने वाली टीम थाना प्रभारी दिनेश कुमार, उ0नि0 महेश मिश्रा, मिथिलेश सिंह, राजकुमार और सौरभ मिश्रा रहे।

# दिशा की बैठक में विकास कार्यों की हुई समीक्षा

जिला संवाददाता (vol)

**देवरिया।** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक सोमवार को विकास भवन के गांधी सभागार में सदर सांसद शशांक मणि त्रिपाठी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सलेमपुर सांसद रमाशंकर राजभर ने सह-अध्यक्ष के रूप में प्रतिभाग किया। इस दौरान सदर विधायक शलभ मणि त्रिपाठी, रामपुर कारखाना विधायक सुरेन्द्र चौरसिया, भाटपाररानी विधायक सभाकुंवर, रुद्रपुर विधायक जयप्रकाश निषाद, सांसद बांसगांव प्रतिनिधि संजय सिंह, एमएलसी प्रतिनिधि राजू मणि, जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी, पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर और मुख्य विकास अधिकारी राजेश कुमार सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

सदर सांसद शशांक मणि त्रिपाठी ने कहा कि जनपद के विकास के लिए अधिकारी सभी कार्यों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा कराएं। उन्होंने विकास परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि जनहित से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो। साथ ही, विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर विकास कार्यों को गति दी जाए। सदर सांसद ने निर्देशित किया कि जनपद में निर्मित सभी शौचालयों के उपयोग के लिए लोगों को जागरूक किया जाए तथा व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाए। साथ ही, शौचालयों के उपयोग एवं व्यवहार परिवर्तन पर भी विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि जनपद में विभागों द्वारा संचालित किए जाने वाले सभी कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों को अनिवार्य रूप से आमंत्रित किया जाए। गन्ने की खेती के क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा दिया जाए तथा कार्ययोजना तैयार कर



जनप्रतिनिधियों को भी अवगत कराया जाए।

सलेमपुर सांसद रमाशंकर राजभर ने विद्युत, स्वास्थ्य एवं अन्य जनसुविधाओं से संबंधित बिंदुओं पर विभागीय अधिकारियों से जानकारी ली। उन्होंने जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण और आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना, सड़क निर्माण, विद्युत आपूर्ति, जल जीवन मिशन, विद्यालयों की मूलभूत सुविधाओं, पेंशन, शौचालय निर्माण सहित विभिन्न विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराने तथा योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाने के निर्देश दिए गए। दिशा बैठक में बिना अनुमति अनुपस्थित रहने पर पीडब्ल्यूडी के अधीक्षण अभियंता (एसई) और परियोजना निदेशक (पीडी एनएचआई) का एक दिन का वेतन बाधित करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों की अनुपस्थिति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि महत्वपूर्ण बैठकों में सभी संबंधित अधिकारी अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें। डीएम मधुसूदन हुल्गी ने कहा कि दिशा बैठक का उद्देश्य विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा करना तथा जनप्रतिनिधियों और प्रशासन के बीच समन्वय को मजबूत करना है। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि बैठक में दिए गए निर्देशों का समयबद्ध अनुपालन सुनिश्चित करें। उन्होंने जनप्रतिनिधियों को आश्वस्त किया कि बैठक में दिए गए सभी निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित कराया जाएगा। मुख्य विकास अधिकारी ने पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों एवं निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा कराई। इसके बाद विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने अपनी-अपनी योजनाओं की अद्यतन प्रगति प्रस्तुत की। बैठक में जिला स्तरीय विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## अतिरिक्त एसडीएम ने अभ्युदय कोचिंग सेंटर का किया निरीक्षण, व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**देवरिया।** जिलाधिकारी के निर्देश पर अतिरिक्त उपजिलाधिकारी देवरिया अखिलेश सिंह ने राजकीय इंटर कॉलेज परिसर स्थित अभ्युदय कोचिंग सेंटर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र की प्रशासनिक व्यवस्था, आधारभूत सुविधाओं, पठन-पाठन की स्थिति एवं शैक्षणिक गुणवत्ता का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त उपजिलाधिकारी ने केंद्र प्रभारी से कक्षाओं के संचालन, शिक्षकों की उपस्थिति, विद्यार्थियों की संख्या तथा उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने छात्र-छात्राओं से भी संवाद कर पठन-पाठन की गुणवत्ता, कक्षाओं के संचालन और केंद्र पर उपलब्ध सुविधाओं के बारे में फीडबैक लिया। विद्यार्थियों से उनकी पढ़ाई और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की। उन्होंने केंद्र प्रभारी को विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने, नियमित रूप से कक्षाओं का संचालन सुनिश्चित करने तथा केंद्र की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए। साथ ही विद्यार्थियों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने पर भी जोर दिया।

# यूएस को दिखाया आईना

यह भारत की अध्यक्षता और मेजबानी में ब्रिक्स देशों की ऐतिहासिक और कूटनीतिक उपलब्धि है। बेशक प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व को शाबाशी देनी चाहिए। साल भर में 350 के करीब बैठकों के बाद यह निष्कर्ष सामने आया है कि ब्रिक्स का साझा घोषणा-पत्र जारी किया जा सका है। बीते पांच साल में कई अंतरराष्ट्रीय मंचों पर यह साझापन गायब रहा है। ब्रिक्स भारत ने अमरीका को आईना दिखाया है कि वह 'वैश्विक आक्रांता' न बने। हालांकि 'नई दिल्ली घोषणा-पत्र' में अमरीका-इजरायल का नाम नहीं है, लेकिन संदेश साफ है कि एकतरफा युद्ध स्वीकार्य नहीं है। दुनिया में जंग रुकनी चाहिए। आपसी संवाद, कूटनीति से विवादों के समाधान निकाले जा सकते हैं। आश्चर्य है कि ईरान, संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब के दरमियान युद्ध जारी है, लेकिन ब्रिक्स का घोषणा-पत्र सर्वसम्मति से पारित किया गया है। बेशक इन देशों की अपनी-अपनी आपत्तियां और आशंकाएं थीं, लेकिन नई दिल्ली में इनके राजदूतों,




राजनयिकों को एक साथ बिठाया गया, बातचीत कराई गई, उनकी लाल रेखाओं को समझा गया और शनिवार सुबह 4 बजे तक ब्रिक्स प्रतिनिधियों ने गहन मंथन किया, नतीजतन साझा घोषणा-पत्र पर सर्वसम्मति तय हुई। सबसे महत्वपूर्ण खबर तो यह सामने आई कि ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान और अबूधाबी के 'क्राउन प्रिंस' शेख मुहम्मद बिन जायद और उनके प्रतिनिधिमंडल की मुलाकात हुई। दोनों ने 30 मिनट तक संवाद किया। कुछ सवाल और शिकायतें उभरी होंगी, लेकिन संवाद के बाद कुछ तो 'बर्फ' पिघली होगी! युद्ध के खिलाफ ब्रिक्स के घोषणा-पत्र का पहला प्रभाव भी सामने आया, जब युद्धरत यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने बयान दिया कि वह जी-20 में मियामी (अमरीका) में रूसी राष्ट्रपति पुतिन से मिलेंगे और बात करने को तैयार हैं। रूस-यूक्रेन में बीते साढ़े चार साल से युद्ध जारी है। दोनों पक्षों की तबाही, बर्बादी, मौतें सामने आ चुकी हैं। यकीनन यह भारत के शांति-प्रयासों और लगातार आग्रहों का ही नतीजा है कि एकतरफा युद्ध के खिलाफ किसी घोषणा-पत्र ने 'बदलाव' की संभावनाएं पैदा की हैं। सिर्फ युद्ध ही नहीं, घोषणा-पत्र में आर्थिक प्रतिबंधों को भी 'मानवाधिकार का उल्लंघन' करार दिया गया है। ऐसे प्रतिबंध विश्व व्यापार संगठन, यूएन चार्टर और अंतरराष्ट्रीय कानूनों के खिलाफ भी हैं। राष्ट्रपति पुतिन ने ब्रिक्स सम्मेलन के दौरान खुलासा किया कि रूस पर 30,000 से अधिक पाबंदियां थोपी गईं, उनके बावजूद रूस आगे बढ़ता रहा। ईरान के राष्ट्रपति पेजेश्कियान ने भी अमरीकी पाबंदियों और नाकेबंदी का जिक्र किया, लेकिन यह भी भरोसा दिलाया कि अमरीका के थोपे गये, एकतरफा युद्ध और पाबंदियों से ईरान टूटने वाला देश नहीं है। हम आज जिंदा हैं, लिहाजा लड़ेंगे भी। ब्रिक्स घोषणा-पत्र में राष्ट्रपति ट्रंप के एकतरफा टैरिफवाद की भी मुखालफत की गई, उसे खारिज किया गया। भारत, चीन सरीखी महाशक्तियों पर भी ट्रंप ने टैरिफ थोपे, लेकिन उनकी अर्थव्यवस्थाओं को ठप नहीं कर सके। इन दोनों संदर्भों में भी अमरीका कठघरे में खड़ा है। घोषणा-पत्र में यह प्रस्ताव भी सर्वसम्मति से पारित किया गया कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद और आईएमएफ, विश्व बैंक, विश्व व्यापार संगठन आदि में व्यापक सुधारों को अब टाला नहीं जा सकता है। ये संस्थान पुराने ढर्रे से काम नहीं कर सकते। ब्रिक्स ने रूस, चीन से अपील की है कि वे सुरक्षा परिषद में भारत और ब्राजील की स्थायी सदस्यता के लिए पैरवी करें। गौरतलब यह है कि चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने किसी अंतरराष्ट्रीय मंच पर, इस संदर्भ में, सहमति जताई है। देखते हैं कि वह भारत की कितनी मदद करता है, क्योंकि वह अभी तक भारत के दावे का विरोध करता रहा है। हालांकि अमरीका, ब्रिटेन, फ्रांस और जापान के राष्ट्राध्यक्ष, शासनाध्यक्ष भारत का समर्थन करते रहे हैं।

## विचार

बाद में उत्पन्न होने वाली इच्छाओं की पूर्ति करने की अपेक्षा अपनी पहली इच्छा का दमन कर देना ही सरल और श्रेयस्कर है।
-फ्रेंकलिन.

प्रसिद्धि वीरता के कामों की सुगन्धि है।
-सुकरात.

ऐसी पुस्तक का प्रतिदिन अवश्य अध्ययन करें जो आपके आत्मिक, शारीरिक, सामाजिक अथवा आर्थिक उन्नति में सहायक हो।
-जैन धर्मग्रंथ.

जब तक मनुष्य के मन में काम, क्रोध, अहंकार और लोभ की अल्प मात्रा भी शेष रहती है, तब तक पंडित और मूर्ख दोनों एक समान होते हैं।
-संत कबीर.

मनुष्य का अज्ञानता जैसा दूसरा कोई शत्रु नहीं होता।
-चाणक्य.


# भाजपा का हमेशा वैचारिक एजेंडा रहा यूसीसी


शाहिद ए चौधरी

> यूसीसी धर्म-विशिष्ट व्यक्तिगत कानूनों की जगह विवाह, तलाक, विरासत व लिव-इन संबंधों के मामले में सभी नागरिकों के लिए समान नियम लाने का प्रयास है। वर्तमान में एक संघीय संसदीय कानून लाने की बजाय यूसीसी को आहिस्ता-आहिस्ता एक - एक राज्य में लाया जा रहा है।

गृहमंत्री अमित शाह द्वारा यह विश्वास व्यक्त करने के बाद कि एनडीए शासित सभी 21 राज्य 2029 तक समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू कर देंगे, बीजेपी के तीन सहयोगी दलों ने सावधान रहने की सलाह दी है, जो वास्तव में दबे शब्दों में प्रस्ताव का विरोध है। तेलगू देशम पार्टी (टीडीपी), जो आंध्र प्रदेश में सत्ता में है, ने कहा है कि इस विषय पर अभी तक कोई चर्चा नहीं हुई है और वह जब जरूरत पड़ेगी, तब इस प्रस्ताव पर विचार करेगी व सभी स्टेकहोल्डर्स से भी विचार-विमर्श करेगी। जनता दल (यूनाइटेड), जो बिहार में बीजेपी के नेतृत्व वाली सरकार का हिस्सा है, ने कहा है कि वह इस सिलसिले में अमित शाह से बातचीत करेगी। बीजेपी के एक अन्य सहयोगी दल लोक जनशक्ति पार्टी (राम विलास) ने कहा है कि वह समता व विविधता के प्रति समर्पित है और संविधान सभी समुदायों की अलग-अलग परम्पराओं व प्रथाओं का सम्मान करता है, जिसका सबूत यह है कि संविधान की विभिन्न अनुसूचियों व अनुच्छेदों के तहत अनुसूचित जातियों को अपवाद प्राप्त है।

लोक जनशक्ति पार्टी (राम विलास) के प्रमुख चिराग पासवान, जो केंद्र में मंत्री भी हैं, ने कहा है कि यूसीसी का प्रस्ताव सार्वजनिक किया जाना चाहिए, विभिन्न स्टेकहोल्डर्स के हितों का संज्ञान लिया जाये, विस्तृत विचार-विमर्श किया जाये और उसके बाद ही उनकी पार्टी अपना दृष्टिकोण स्पष्ट करेगी। इस पृष्ठभूमि में दो महत्वपूर्ण सवाल उठते हैं। एक, अमित शाह ने इस समय ही यूसीसी लागू करने की घोषणा क्यों की है? दूसरा यह कि टीडीपी, जद(यू) व लोजपा(राम विलास) को बीजेपी के सहयोगी दल होने के बावजूद यूसीसी पर आपत्ति क्यों है? इन प्रश्नों का उत्तर देने से पहले जरूरी मालूम होता है कि कुछ बातों पर रोशनी डाल दी जाये। बीजेपी के जो तीन प्रमुख वैचारिक उद्देश्य रहे हैं, उनमें अयोध्या में राम मंदिर व धारा 370 का निराकरण के अतिरिक्त यूसीसी का लागू करना रहा है। बीजेपी शासित उत्तराखंड में इसे लागू भी कर दिया गया है, जबकि गुजरात, असम व मध्य प्रदेश ने इस संदर्भ में कानून पारित कर दिया है। राजस्थान, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल व छत्तीसगढ़ ने कानून बनाने की प्रक्रिया आरंभ कर दी है, जबकि राजस्थान की काबिना ने




ड्राफ्ट विधेयक को मंजूरी दे दी है। महाराष्ट्र को छोड़कर इन सभी राज्यों में बीजेपी की अपने अकेले दम पर सरकारें हैं। महाराष्ट्र में बीजेपी के नेतृत्व में गठबंधन सरकार है, लेकिन शिव सेना (शिंदे) व एनसीपी (अजित पवार) इस स्थिति में नहीं हैं कि देवेंद्र फड़नवीस के समक्ष अपना कोई पक्ष रख सके। बहरहाल, यह हालात टीडीपी की नहीं हैं। इसलिए टीडीपी के संसदीय दल के नेता लवू श्री कृष्णा देवरयालू का कहना है, 'अभी तक इस विषय (यूसीसी) पर कोई वार्ता नहीं हुई है, लेकिन जब भी हमें जरूरत महसूस होगी तो इसका संज्ञान लेंगे। इसे अपनाने से पहले हम निश्चित रूप से सभी स्टेकहोल्डर्स को शामिल करेंगे।' गौरतलब है कि दोनों टीडीपी व जद(यू) का बीजेपी के वैचारिक मुद्दों पर स्वतंत्र निर्णय लेने का इतिहास रहा है। यह दोनों पार्टियां एनडीए के अंदर बाहर आती जाती रही हैं। जब 2019 में धारा 370 को निरस्त करने की प्रक्रिया चल रही थी तो जद(यू) के सांसदों ने बीजेपी का सहयोगी दल होने के बावजूद प्रस्ताव के समर्थन में मतदान नहीं किया था बल्कि संसद से वाक आउट किया था।

### समान नागरिक संहिता

दरअसल, स्वतंत्र राय रखना टीडीपी व जद (यू) की मजबूरी है। वह नहीं चाहतीं कि बड़ी मछली छोटी मछलियों को निगल ले। एक समय था जब बीजेपी पंजाब में अकाली दल की, महाराष्ट्र में शिव सेना की, बिहार में जद(यू) की, ओडिशा में बीजू जनता दल की, असम में असम गण परिषद की जूनियर पार्टनर हुआ करती थी। आज यह सब क्षेत्रीय पार्टियां कहां हैं, सब हाशिये पर पहुंच गई हैं। मायावती की बसपा ने भी अनेक बार बीजेपी से गठबंधन किया और आज यह उत्तर प्रदेश में भी कहीं नहीं है, जबकि 2007 में उसने लखनऊ में अपने दम पर सरकार बनायी थी। बिहार में जद(यू) भी सीनियर से जूनियर पार्टनर हो गई है। यह सब मुख्यतः इसलिए हुआ क्योंकि यह क्षेत्रीय पार्टियां अपने मत आधार को सुरक्षित नहीं रख सकीं, जिसमें बीजेपी सेंध मारने में कामयाब रही। टीडीपी बहुत मुश्किल से आंध्र प्रदेश में सत्ता में लौटी है। वह अपना जनाधार खोना नहीं चाहती, इसलिए फूंक-फूंककर कदम रख रही है। यूसीसी पर उसके नवीनतम स्टैंड को इसी पृष्ठभूमि में समझना चाहिए।

यूसीसी धर्म-विशिष्ट व्यक्तिगत कानूनों की जगह विवाह, तलाक, विरासत व लिव-इन संबंधों के मामले में सभी नागरिकों के लिए समान नियम लाने का प्रयास है। वर्तमान में एक संघीय संसदीय कानून लाने की बजाय यूसीसी को आहिस्ता-आहिस्ता एक-एक राज्य में लाया जा रहा है। उत्तराखंड में इसे सबसे पहले फरवरी 2024 में लाया गया था। फिर गुजरात (मार्च 2026), असम (मई 2026), मध्य प्रदेश (जुलाई 2026) में इसके विधेयक पारित किये गये। राजस्थान व महाराष्ट्र में प्रक्रिया जारी है, जबकि राजस्थान काबिना ने ड्राफ्ट विधेयक को मंजूरी दे दी है। यूसीसी के कुछ मुख्य प्रावधान इस प्रकार हैं- सभी धार्मिक समुदायों को निर्धारित समय अवधि (मसलन 60 दिन) में सभी विवाहों व तलाकों का पंजीकरण करना लाजमी होगा। बहु-पत्नी विवाह, बहु-पति विवाह और विशिष्ट परम्परागत प्रथाओं को या तो सीधे प्रतिबंधित कर दिया गया है या सीमित कर दिया गया है। लिव-इन संबंधों का कानूनन पंजीकरण लाजमी है और उल्लंघन करने पर जुर्माना व कैद का प्रावधान है। महिलाओं व पुरुषों के लिए संपत्ति की विरासत में बराबर के अधिकार और इसमें जीवनसाथी, बच्चों व पैरेंट्स को भी शामिल किया गया है। अपवाद यह है कि अनुसूचित जन जातियों को यूसीसी के सभी नियमों के दायरे से बाहर रखा गया है ताकि उनके परम्परागत रीति-रिवाज व आदिवासी पहचान को सुरक्षित रखा जा सके।

दूसरी ओर यूसीसी आलोचकों का कहना है कि जिस तरह इसे अनेक राज्यों में पारित किया गया है उसमें अनेक समस्या परक प्रावधानों को बरकरार रह गये हैं- पुरुषों व महिलाओं के लिए विवाह की न्यूनतम आयु अलग-अलग है (क्रमशः 21 व 18 वर्ष), दाम्पत्य अधिकारों की पुनर्स्थापना, तलाक के सीमित ग्राउंड्स। दूसरा यह कि इसकी ड्राफ्टिंग बहुत कमजोर है कि कुछ वाक्य तो पूर्णतः समझ से बाहर हैं। यह स्पष्ट विषमताएं हैं जो केवल वकीलों को व्यस्त रखने का ही काम करेंगी। तीसरा यह कि आदिवासी समुदाय को यूसीसी से बाहर रखा गया है। यूसीसी का विस्तार सभी के लिए होना चाहिए और कोई भी अपवाद इसके उद्देश्य को ही खत्म कर देता है। अगर एक समुदाय को छूट दी जायेगी तो दूसरे समुदायों को छूट की मांग करने से कैसे रोका जा सकता है। अंतिम यह, जैसा कि भाकपा(एम) के उत्तराखंड सचिव इंद्रेश मैखुरी कहते हैं, 'यह लोगों के लिए समता नहीं ला रहा है बल्कि युवा वयस्कों व उनके व्यक्तिगत संबंधों को टारगेट कर रहा है।' यूसीसी हमेशा से ही बीजेपी के वैचारिक उद्देश्य का हिस्सा रहा है। उसकी राज्य सरकारें इस पर कानून भी बना रही हैं। लेकिन अमित शाह द्वारा इस पर अचानक प्रेस कांफ्रेंस करना और वह भी एनडीए के सहयोगी दलों को विश्वास में लिए बिना, राजनीति से प्रेरित लगता है। इस समय छात्र आंदोलनों की वजह से पूरे देश में शिक्षा सुधार, रोजगार व महंगाई आदि बहुत बड़ा मुद्दा बन गये हैं। इसलिए अनुमान यह है कि इससे सियासी नैरेटिव बदलने का प्रयास है।

## सोशल मीडिया

सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व यूपी सरकार में माननीय कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर जी, आपको जन्म दिवस की हार्दिक शुभ कामनाएं। केशव प्र. मौर्य.



मोदी सरकार ने चुप चाप यूपीआई पर फीस लगाने का रास्ता खोल दिया है, अब 2000 से ऊपर के मर्चेंट यू. पी. आई. लेन-देन पर एम. डी. आर. लगाया जा सकता है। राहुल गांधी.



महिलाएं अब केवल पढ़ाई और रोजगार के अवसरों तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि अपनी आबादी के अनुपात में प्रत्येक क्षेत्र में बराबर की भागीदारी भी बनेंगी। सीएम योगी.



# भविष्य निर्माण

व्यक्ति के मनोमस्तिष्क में विद्यमान विचार और चिंतन ही भविष्य के उसका व्यक्तित्व निर्धारित करते हैं। ठीक उसी तरह जैसे एक बीज आगे चलकर वट वृक्ष बनता है। उल्लसित वर्तमान और उज्जवल भविष्य का निर्धारण पूर्णतया सत् श्रद्धा के हाथ में है। उसी का महत्व, मर्म, उपार्जन, अभिवर्द्धन सिखाने के लिए भूतकाल की कथा-गाथाओं को पुरातन उपाख्यानों में पुराण के नाम से जाना और जनाया जाता है। भूत भविष्य और वर्तमान की सुखद संभावनओं का निर्माण अंतःकरण के जिस क्षेत्र से विनिर्मित होता है, उसका स्वरूप समझना हो तो एक श्रद्धा शब्द का उपयोग करने से वह प्रयोजन पूरा हो सकता है। बीज ही वृक्ष बनता है और श्रद्धा ही व्यक्तित्व का रूप धारण करती है। मनुष्य जो कुछ बनता है- जो कुछ पाता है वह समूचा निर्माण श्रद्धा शक्ति के चमत्कार के अतिरिक्त और कुछ नहीं है। यदि इस ब्रह्म विज्ञान के, आत्मविज्ञान के गूढ़ रहस्य को समझा जा सके तो प्रतीत होगा कि तत्वदर्शियों के वेदान्त प्रतिपादन सनातन सत्य की अयमात्मा ब्रह्म प्रज्ञानं ब्रह्म, तत्वमसि, सोहम, शिवोहम, सच्चिदानन्दोहम, आदि सूत्र में घोषित किया है। पतन से बचने और उत्थान अपनाने का सुनिश्चित उपाय बताते हुए शस्त्रकार इस उत्तरदायित्व को मनुष्य के अपने कंधों पर ही लाद देते हैं, वे कहते हैं- उद्धरेत् आत्मनात्मानं अवसादयेत् अर्थात अपना उद्धार आप करो- अपने को गिराओ मत। उसका सुनिश्चित मत है कि उत्थान पतन की मुहिम हर मनुष्य स्वतः संभालता है। परिस्थितियां तो उसका अनुगमन भर करती हैं। दिशा निर्धारण और प्रगति प्रयास अपना होता है। साधन और सहयोग तो उसी चुम्बकत्व के सहारे खिंचते भर चले आते हैं। उत्थान या पतन में से जो भी अपना मन्तव्य हो-व्यक्तियों, साधनों एवं परिस्थितियों का सरंजाम भी उसी स्तर का होता चला जाता है। श्रद्धा की इसी गरिमा को देखते हुए अध्यात्म शास्त्र ने मानवी सत्ता में विद्यमान साक्षात् ईश्वरीय शक्ति के रूप में अभिवन्दन किया है।

अंतर्दृष्टि

श्रद्धा वह प्रकाश है जो आत्मा की, सत्य की प्राप्ति के लिए बनाये गये मार्ग को दिखाता रहता है। जब भी मनुष्य एक क्षण के लिए लौकिक चमक-दमक, कामिनी और कंचन के लिए मोहग्रस्त होता है तो माता की तरह ठण्डे जल से मुंह धोकर जगा देने वाली शक्ति यह श्रद्धा ही होती है। सत्य के सद्गुण ऐश्वर्य स्वरूप एवं ज्ञान की चाह अपनी बुद्धि से नहीं मिलती, उसके प्रति सविनय प्रेम भावना विकसित होती है। उसी को श्रद्धा कहते हैं। श्रद्धा सत्य की सीमा तक साधक को साधे रहती है, संभाले रहती है। श्रद्धा के बल पर ही मलिन चित्त अशुद्ध चिंतन का परित्याग करके बार-बार परमात्मा के चिंतन में लगा रहता है।

# फुर्सत केवल कामचोरी के लिए है...

व्यंग्यलोक

वे धूप का आनंद ले रहे हैं और कह रहे हैं टाइम नहीं है। राम बचन जी एक घण्टे तक पेस्ट कर रहे हैं और कह रहे हैं, यदि समय मिलता तो वे भी जीवन में कुछ रचनात्मक काम करते। श्याम सुंदर जी पान खाने बाजार जाते हैं तो दो घण्टे में लौटते हैं और वही समय नहीं होने का रोना रोते हैं। रामलाल जी मोहल्ले की पंचायत में शाम को बैठते हैं तो चार घण्टे तक उनको पता नहीं चलता कैसे समय बीत गया, लेकिन जब कोई काम की बात आती है तो उन्हें मरने की भी फुर्सत नहीं है। कुछ लोग हर सप्ताह या प्रतिदिन सिनेमा देखते हैं और कहते यही हैं कि टाइम नहीं है। टाइम नहीं है की समस्या अब सर्वव्यापी हो गयी है। किसी दफ्तर में जाकर बात करो, गप्प मारता हुआ कर्मी अनदेखी करके कहेगा- 'आज टाइम नहीं है कल आना। उसका कल कभी नहीं आता। या तो पान की पीक थूकता है या दफ्तर के सामने लगी थड़ियों पर चाय पीता रहता है। फाइल को आगे सरकाने का समय नहीं है। आज लिखेंगे कल लिखेंगे, इसी ऊहापोह में पूरा माह गुजर जाता है और कागज का निस्तारण नहीं होता। यह आलसीपन भी नहीं है और काम चोरी भी नहीं है, क्योंकि दोनों शब्द बोलकर देखें, काम करने की एवज में दो घण्टे तक वाद-विवाद कर लेगा अगला आपसे। बाजार से सामान लाने की नौबत आयी तो पतिदेव के सिर में दर्द है, इसलिए अभी तो टाइम नहीं है। पत्नी कौन-सी कम है, बच्चे की शर्ट के बटन टूट गये वह लगा तो देती, लेकिन पड़ोसन आ गयी, इसलिए समय ही नहीं मिला, क्योंकि पूरे मोहल्ले की आलोचना का रसदार दौर चल रहा था। बच्चे भला कौन-से कम शातिर हैं, अपना कोई काम नहीं करते, क्योंकि उन्हें पढ़ाई से फुरसत ही नहीं है। सारा काम मम्मी कर दें। वे तो बस बस्ता और टिफिन लेकर स्कूल जा सकते हैं। होमवर्क पूरा इसलिए नहीं कर पाते, क्योंकि उन्हें पतंग उड़ाने या कंचे खेलने या क्रिकेट में चौका लगाने के कारण समय ही नहीं मिला। हर आदमी ने टाइम नहीं है का नारा बुलंद कर रखा है। बेमजा बातों पर हँस रहा है-दाँत निपोर रहा है, लेकिन काम के लिए उसके पास फुरसत नहीं है। फुरसत केवल कामचोरी के लिए है। अधिकारी के पास जाओ तो उसे टाइम इसलिए नहीं है कि वह बैठक में बैठा चाय समोसे गटक रहा है। टीए-डीए बना रहा है। पीए यही तो कहता है कि साब को आज तो टाइम नहीं है। वे कभी किसी से नहीं मिलते, क्योंकि उनके पास टाइम नहीं है। पता करो, क्या कर रहे है तो जानकारी मिलती है कि अभी तो सो रहे हैं, बाथरूम में है या पूजा कर रहे है, इसलिए उनके पास तो टाइम है ही नहीं। मेरे एक मित्र हैं-कभी मिलने की बात करो तो कहेंगे घर पर तो टाइम है नहीं, दफ्तर आ जाना, वहाँ बातचीत करेंगे।


पूरन सरमा

# जब लंबी नींद के बाद भी महसूस हो थकावट...


स्वास्थ्य

पूरे सप्ताह काम में व्यस्तता के चलते हमारी नींद पूरी नहीं हो पाती है। यही वजह है कि हमें इंतजार होता है वीकेंड का, जब हम अपनी नींद पूरी करें। कई बार तो अपनी नींद पूरी करने के चक्कर में लोग शनिवार का पूरा दिन सोने में ही गुजार देते हैं। नतीजा होता है ओवर स्लीपिंग के कारण सप्ताह के और दिनों के मुकाबले ज्यादा थकान महसूस होना। अगर आपके साथ भी ऐसा होता है तो आपको अपनी नींद के पैटर्न में बदलाव करने की जरूरत है। क्योंकि हमारे देश में नींद न आने और कम सोने, ज्यादा सोने यानी नींद से जुड़ी आम समस्याएं लोगों में देखने को मिलती हैं। ऐसे में जरूरत से ज्यादा सोना, कैसे हमारे लिए खतरनाक साबित हो सकता है, आइये जानें।

**ओवर स्लीपिंग क्या है?**

हमारे लिए प्रतिदिन कम से कम 7 से 8 घंटे की नींद लेना आवश्यक होता है। यदि हम 7 से 8 घंटे की तयसीमा से ज्यादा सोते हैं तो यह हमारे स्वास्थ्य के लिए सही नहीं होता। ज्यादा सोने से हमारे शरीर के अंगों और कोशिकाओं में डेली रूटीन का जो चक्र निर्मित होता है, उसमें गड़बड़ी आ जाती है। इस पैटर्न से पूरे सप्ताह तो हम कम नींद लेते हैं और वीकेंड पर जब ज्यादा सोते हैं तो हममें पाचन संबंधी और हृदय संबंधी विकार पैदा हो सकते हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों तक का तो यहां तक मानना है कि जरूरत से ज्यादा सोने से हमें कम सोने की तुलना में ज्यादा थकान महसूस होती है, जिसके कारण चिड़चिड़ापन और काम में ध्यान न लगना जैसी समस्याएं पैदा हो जाती हैं। जो लोग वीकेंड पर बिस्तर पर ही ज्यादातर समय इसलिए रहते हैं कि उन्हें लगता है कि पूरे सप्ताह की थकान मिटाने के लिए नींद से बेहतर और कोई विकल्प नहीं है। लेकिन इस तरह जरूरत से ज्यादा सोने के कारण हमें ज्यादा आलसपन आता है, जो लोग पढ़ने, लिखने और दूसरे बौद्धिक कार्य करते हैं, उनके लिए तो यह और भी नुकसानदेय होता है, क्योंकि इससे उनकी प्रॉड्क्टविटी पर बुरा असर होता है। नींद का भी एक निश्चित शिड्यूल होना चाहिए, जो लोग अपने नींद के सही पैटर्न पर ध्यान नहीं देते, उनको स्वास्थ्य संबंधी कई समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। पूरे सप्ताह कम नींद लेना और सप्ताहांत पर ज्यादा सोना, उनके मेटाबॉलिक और कार्टियोवैस्कुलर सिस्टम में गड़बड़ी पैदा कर सकता है। विभिन्न स्वास्थ्य विशेषज्ञों का तो यह भी मानना है कि ज्यादा सोने से केवल नींद का चक्र ही नहीं गड़बड़ाता, इससे प्रतिदिन मेडिटेशन करने का रूटीन भी गड़बड़ा जाता है, जिसकी वजह से ज्यादा थकान महसूस होती है।

**सही नींद के लिए क्या करें**

यदि आप सप्ताह के पांच दिन अपने 7 से 8 घंटे की पूरी नींद लेते हैं तो सप्ताहांत पर ज्यादा सोने की जरूरत नहीं होती। घर के माहौल को शांतिपूर्ण बनाकर रखे और सोने का एक समय निर्धारित करें और प्रतिदिन उस निर्धारित समय पर विस्तर पर आकर लेट जाएं और सोने का प्रयास करें।

**कैफीन से परहेज रखें**

खाना खाने के बाद चाय और कॉफी पीने से परहेज करें। रात का डिनर लेने के बाद तो खास तौरपर इनसे दूर रहें, क्योंकि इनसे भी नींद नहीं आती और नींद न आने से अगले दिन का पूरा रूटीन गड़बड़ा जाता है।

**हल्का भोजन करें**

रात के समय ज्यादा गरिष्ठ भोजन करने की बजाय हल्का फुल्का भोजन करें ताकि पाचन संबंधी समस्या पैदा न हों और रात को आठ बजे से पहले ही अपना भोजन करें ताकि भोजन सही प्रकार से पच सके।

**नियमित व्यायाम करें**

अपनी व्यस्त दिनचर्या से समय निकालकर नियमित व्यायाम करें, ताकि आपको नींद आने में समस्या न हो। अच्छी नींद के लिए योगासन, मेडिटेशन, वर्कआउट या कोई स्पोर्ट्स की गतिविधि करें ताकि थकान से अच्छी नींद आए।

**फोन, लैपटॉप को रखें दूर**

रात के समय सोने से पहले अपने सारे ऑफिस के काम निपटाकर सोएं ताकि बेडरूम में लैपटॉप ले जाने की जरूरत ही न पड़े। सोने के समय खास तौरपर मोबाइल फोन से दूरी बनाकर रखें। जो लोग स्क्रॉलिंग करते समय नींद की आगोश में जाने की तकनीक अपनाते हैं, उन्हें यह समझना चाहिए स्क्रॉलिंग के दौरान घंटों गुजर जाते हैं और अगर एक बार नींद आने पर हम न सोएं तो फिर देर रात तक नींद नहीं आती, जिससे नींद न लेने के कारण अगले दिन ऑफिस में उबासियां आती हैं और किसी काम को करने का दिल नहीं होता। इसलिए नींद में बाधा पैदा करने वाले इन गैजेट्स से दूरी बना कर रखें। **डॉ. माजिद अलीम.**

## आप की बात

### नये भारत का संकल्प

वैश्विक चुनौतियों के बीच यह नये भारत के निर्माण का संकल्प लेने का समय है। नये भारत के निर्माण का संकल्प पूरा करने का यह सबसे उपयुक्त समय है। देश में आर्थिक प्रगति, शिक्षा, स्वास्थ्य, सामााजिक विकास, वित्तीय समावेशन, उद्यमिता आदि हर क्षेत्र में बेहतर कार्य हो रहे हैं। गरीबी उन्मूलन में भी बड़ी सफलता मिल रही है। ऐसे एक महान राष्ट्र के निर्माण और भारत को विश्व गुरु बनाने का संकल्प पूरा करने के लिए यह जरूरी है देश में गुणी शिक्षा का विकास हरेक स्तर पर हो। प्रत्येक बच्चे को विश्व स्तरीय शिक्षा के दायरे में लाया जाये। दुर्भाग्य से हमारे यहां प्राथमिक स्तर पर सरकारी शिक्षा का जो स्तर है वह बहुत ही सोचनीय है। जब यह सार्वजनिक रूप से विदित है कि 8वीं, 9वीं या कक्षा 10 के छात्र दूसरी कक्षा के हिंदी-अंग्रेजी के पाठ नहीं पढ़ पाते, जोड़, गुणा, भाग या घटाव के चौथी कक्षा के प्रश्न उनको समझ नहीं आते। नवीं, दसवीं के छात्र अंग्रेजी और हिंदी के मूल व्याकरण यानी इज, एम, आर का सही प्रयोग नहीं कर पाते, बीजगणित, ज्यामिति तो दूर की बात, वे गणतंत्र दिवस और स्वतंत्रता दिवस में भी भेद नहीं जानते, वह भी तब जब हम शिक्षा प्रसार, विस्तार के लिए करीब दो दशक से गहन प्रयास कर रहे हैं। ऐसी स्थिति में सार्वजनिक शिक्षा व्यवस्था पर गंभीर चिंतन जरूरी हो गया है।

दरअसल केन्द्र सरकार के मानव संसाधन विकास मंत्रालय और स्वतंत्र एजेंसियों की रिपोर्ट ने शिक्षा व्यवस्था की पोल पट्टी खोल कर रख दी है। हाल ही में प्रकाशित रिपोर्ट में जिन दो प्रमुख तथ्यों को उजागर किया गया है। उन पर चिंता, चर्चा और चिंतन तीनों करने की अविलंब आवश्यकता है। मुफ्त ड्रेस, बैग, किताब मिड डे मील, बिना फीस की शिक्षा, शिक्षकों की अच्छी तनख्वाह के बावजूद अगर निजी शिक्षण संस्थाओं में प्रवेश हेतु मारामारी है, वह भी मोटी फीस और अन्य कई शुल्क चुका कर अभिभावक यदि निजी शिक्षण संस्थाओं में नौनिहालों को भेजना पसंद कर रहे हैं और वहां के शिक्षा स्तर पर विश्वास कर रहे हैं, तो निश्चित रूप से यह गंभीर विषय है। इसके निदान हेतु केवल आधिकारिक या प्रशासनिक ही नहीं, सामाजिक चिंतन व चर्चा भी जरूरी है। हाल के वर्षों में उत्तर भारत के अधिकांश राज्यों की बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम में बेहतर सुधार देखने को मिल रहा है, लेकिन यह पठन-पाठन में सुधार के बजाय परीक्षाओं में बरती जाने वाली अनियमितता का परिणाम है। सीबीएसई, सीआईएससीई जैसे बोर्डों की बात छोड़ दी जाये तो अधिकांश राज्यों की बोर्ड परीक्षाओं में जमकर नकल होती है। गौरतलब यह भी है कि केन्द्रीय बोर्ड की परीक्षाओं में कोई विशेष तैयारी की जरूरत बोर्ड को नहीं पड़ती है, लेकिन यूपी, बिहार, छत्तीसगढ़ के बोर्ड या उत्तर भारत के अधिकांश राज्यों की बोर्ड परीक्षाओं में बड़ी तैयारियां होती हैं। लेकिन बावजूद इसके जमकर नकल होती है। शिक्षा के बिना नये भारत का निर्माण संभव नहीं है।

**विनोद कुमार शुक्ल, लखनऊ.**

### भारत की चुनौतियां

देश में गरीबी, बेरोजगारी और आर्थिक असमानता सबसे बड़ी चुनौती है। बेरोजगारी, आर्थिक असमानता और गरीबी जैसी चुनौतियां प्रगतिशील दुनिया में अधिक रहती हैं। इन चुनौतियों की मौजूदगी में महंगाई बहुत पीड़ादायक हो जाती है। यह भी कि महंगाई सबसे गरीब तबके को जितना प्रभावित करती है, उससे कुछ ज्यादा ही निम्न मध्यम वर्ग पर असर डालती है। कारण यह है कि सबसे गरीब तबका पढ़ाई, दवाई और दैनिक जीवन की अन्य जरूरतों को पूरा करने में सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से थोड़ा-बहुत आच्छादित होता है। जबकि निम्न मध्यम वर्ग के आय का अधिकांश हिस्सा पढ़ाई, दवाई, ईएमआई पर चला जाता है। ऐसे में खाने-पीने की चीजों, दैनिक जरूरतों और ऊर्जा आदि में महंगाई इस वर्ग को बहुत परेशान करती है। इसलिए महंगाई पर हमेशा नियंत्रण रखना भी जरूरी है।

**सतीश कुमार निगम, लखनऊ.**

संक्षेप

## गणेश चतुर्थी पर शहर से गांव तक गूंजा गणपति बप्पा मोरया



बहराइच। गणेश चतुर्थी के अवसर पर सोमवार से जिले में गणेश महोत्सव की शुरूआत हो गई। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक विभिन्न स्थानों पर भगवान गणेश की प्रतिमाएं पंडालों और मंदिरों में विधि-विधान के साथ स्थापित की गईं। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच गणपति की पूजा-अर्चना कर श्रद्धालुओं ने सुख-समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना की। शहर के ब्राह्मणीपुरा, गुदड़ी, किला, चांदपुरा, बशीरगंज और केडीसी मार्ग समेत विभिन्न स्थानों पर आकर्षक पंडाल सजाए गए हैं। गणेश प्रतिमा स्थापना के बाद श्रद्धालुओं ने पूरे भक्तिभाव के साथ पूजन-अर्चन किया। ग्रामीण क्षेत्रों में भी गणेश महोत्सव को लेकर उत्साह दिखाई दिया। पयागपुर, रिसिया समेत अन्य क्षेत्रों में भी जगह-जगह गणपति बप्पा की प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। गणेश महोत्सव के दौरान पंडालों में प्रतिदिन आरती, भजन-कीर्तन और धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। शाम होते ही श्रद्धालुओं की भीड़ पंडालों में पहुंचने लगी है। गणपति बप्पा मोरया के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना हुआ है। आयोजकों की ओर से श्रद्धालुओं की सुविधा और कार्यक्रमों की व्यवस्थाएं की जा रही हैं।

## निःशुल्क प्रशिक्षण कक्षाओं का शुभारम्भ

बहराइच मुख्यमंत्री अभ्युदय योजनांतर्गत स्व. ठाकुर हुकुम सिंह किसान स्नात्कोत्तर महाविद्यालय बहराइच में मुख्य अतिथि एमएलसी डॉ प्रज्ञा त्रिपाठी ने मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंता, पुलिस उपाध्यक्ष राज सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी राजेश चौधरी, सचिव किसान पीजी कॉलेज डॉक्टर मेजर एसपी सिंह, प्रधानाचार्य किसान पीजी कॉलेज डॉक्टर विनय सक्सेना के साथ निःशुल्क प्रशिक्षण कक्षाओं का शुभारंभ किया। इस अवसर पर जिला समाज कल्याण राजेश चौधरी ने बताया कि किसान पी.जी. कालेज यू.पी.एस.सी./यू.पी.पी.सी.एस, महिला पीजी कालेज टी.ई.टी/सी.टी.ई.टी/सुपर. टी .ई. टी/पी. ई.टी, राजकीय इंटर कॉलेज एन.ई.ई.टी/ई.ई .टी/एन. डी. ए, राजकीय आश्रम पद्धति बालिका विद्यालय रिसिया एन.ई.ई.टी व सी. यू. ई. टी व जिला समाज कल्याण विभाग गेंदघर में एस. एस. सी/यू. पी .एस.एस.एस.सी इत्यादि प्रतियोगी प्रवेश परीक्षाओं के लिए छात्र-छात्राओं को निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

## छात्राओं के वाहन के साथ अटेन्डेन्ट के अतिरिक्त एक अध्यापक भी करेंगे यात्रा

बहराइच। मा. उच्च न्यायालय, लखनऊ खण्डपीठ द्वारा जनहित याचिका संख्या 3436/2020 (गोमती नदी तट के निवासी, सचिव श्री गिरधर गोपाल के माध्यम से बनाम उत्तर प्रदेश राज्य, प्रमुख सचिव (आवास एवं शहरी विकास) में 07 सितम्बर 2026 को स्कूली वाहनों की सुरक्षा के सम्बन्ध में अत्यन्त महत्वपूर्ण निर्देश पारित किए गये हैं। मा. उच्च न्यायालय ने स्कूलों के स्वामित्व वाले अथवा स्कूलों से अनुबन्धित वाहनों के माध्यम से स्कूल आने-जाने वाले बच्चों, विशेषकर बालिकाओं/छात्राओं की सुरक्षा को लेकर गहरी चिन्ता व्यक्त की गई है। मा. न्यायालय द्वारा आदेशित किया गया है कि स्कूली वाहनों के ड्राइवर के अतिरिक्त एक परिचर (अटेन्डेन्ट) होगा और बालिका विद्यार्थी होने की दशा में परिचर अनन्य रूप से महिला होनी चाहिए साथ ही यह सुनिश्चित करना होगा कि ऐसी बस में एक अध्यापक अवश्य यात्रा करेगा।

यह जानकारी देते हुए सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन/प्रवर्तन) सुनील कुमार द्वारा जनपद के समस्त शिक्षण संस्थाओं के प्रबन्धन तन्त्र को निर्देशित किया गया है कि मा. उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेशों का पालन करना सुनिश्चित करें अन्यथा प्रवर्तन कार्य के दौरान ऐसा नहीं पाये जाने पर उ.प्र. मोटरयान नियमावली 2019 में दिए गये प्राविधानों का उल्लंघन माना जायेगा तथा प्रभावी प्रवर्तन कार्यवाही करते हुए चालान/बन्द करने की कार्यवाही की जायेगी। जिसकी समस्त जिम्मेदारी विद्यालय प्रबन्धन/प्रधानाचार्य की होगी।

# महर्षि बालार्क चिकित्सालय का डीएम ने किया औचक निरीक्षण



एस पी मिश्रा

**बहराइच।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने महर्षि बालार्क चिकित्सालय का औचक निरीक्षण कर चिकित्सकों व स्टाफ की उपलब्धता, दवाओं की उपलब्धता, भवन व परिसर की साफ-सफाई, औषधि वितरण काउण्टर, पंजीकरण काउण्टर, ओपीडी, पोषण पुनर्वास केन्द्र, इमरजेन्सी वार्ड, चिल्ड्रेन वार्ड इत्यादि का निरीक्षण कर मरीजों व उनके तीमारदारों से आवश्यक जानकारी प्राप्त की।

पंजीकरण काउण्टर के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी श्री पाण्डेय को बताया गया कि अब तक 260 पर्चे बनाये गये हैं। डीएम ने निर्देश दिया कि तीमारदारों की सुविधा के लिए बेन्चों की संख्या को बढ़ाया जाय तथा पर्याप्त प्रकाश व अन्य व्यवस्थाओं को बेहतर से बेहतर किया जाय जिससे मरीजों के साथ आने वाले तीमारदारों को किसी प्रकार की असुविधा न होने पाये। ओ.पी.डी. के निरीक्षण के दौरान गया कि चिकित्सालय में प्रतिदिन लगभग 02 से 03 हजार मरीजों को देखा जाता है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि ओ.पी.डी. के लिए टोकन व्यवस्था को लागू किया जाय जिससे मरीजों को अनावश्यक लाईन न लगाना पड़े।

डीएम श्री पाण्डेय ने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एस.के. वर्मा व मेडिकल कालेज के प्राचार्य प्रो. डॉ. संजय खत्री को निर्देश दिया कि चिकित्सालय आने वाले मरीजों और तीमारदारों शासन द्वारा अनुमन्य सभी सुविधाएं एवं सेवाएं मानक के अनुसार उपलब्ध करायी जायें। उन्होंने चिकित्सालय परिसर एवं कक्ष कक्षों की साफ-सफाई के स्तर को बनाये रखने का भी निर्देश दिया। इस अवसर पर विभिन्न संकायों के चिकित्सक व अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# चटनी-सॉस से मिठाई तक, खाद्य सुरक्षा पर उठे सवाल

## नियमित सैंपलिंग पर भी उठे सवाल



बहराइच। शहर में रेहड़ी-फड़ी, फास्ट-फूड स्टॉल और खान-पान की दुकानों पर साफ-सफाई और खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता को लेकर सवाल उठने लगे हैं। कई स्थानों पर खाद्य पदार्थ तैयार करने और परोसने के दौरान स्वच्छता मानकों का पालन नहीं किए जाने की शिकायतें सामने आ रही हैं। इसके साथ ही चटनी, सॉस, क्रीम और अन्य खाद्य सामग्री की गुणवत्ता तथा उनके स्रोत को लेकर भी लोगों में चिंता है। लोगों का सवाल है कि रेहड़ी-फड़ी और फास्ट-फूड स्टॉल पर इस्तेमाल होने वाली चटनी, सॉस और क्रीम आखिर कहां तैयार होती हैं और इनमें किन सामग्री का इस्तेमाल किया जाता है। क्या इन उत्पादों की नियमित सैंपलिंग कर प्रयोगशाला में जांच कराई जाती है, इसकी जानकारी भी सार्वजनिक किए जाने की मांग उठ रही है। इसी तरह मिठाई की दुकानों पर दूध, खोया, क्रीम, घी, खाद्य रंग और अन्य सामग्री की गुणवत्ता की जांच को लेकर भी सवाल हैं। लोगों का कहना है कि खाद्य पदार्थों की जांच केवल त्योहारों और विशेष अवसरों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि पूरे वर्ष नियमित रूप से अभियान चलाया जाना चाहिए। भरोसेमंद सूत्रों के अनुसार शहर में खाद्य सुरक्षा नियमों के पालन को लेकर कई सवाल सामने आ रहे हैं। हालांकि, इन दावों की आधिकारिक पुष्टि संबंधित विभाग की जांच के बाद ही हो सकेगी। यदि जांच में कहीं मिलावट अथवा मानकों के विपरीत घटिया सामग्री का इस्तेमाल पाया जाता है तो नियमानुसार कार्रवाई की जानी चाहिए। लोगों ने खाद्य सुरक्षा विभाग से पिछले दिनों रेहड़ी-फड़ी, फास्ट-फूड स्टॉल तथा मिठाई की दुकानों से लिए गए सैंपलों का विवरण सार्वजनिक करने की मांग की है। साथ ही यह स्पष्ट करने को कहा है कि चटनी, सॉस, क्रीम और मिठाइयों के कितने नमूने लिए गए, कितने नमूने प्रयोगशाला जांच में मानकों पर खरे नहीं उतरे।

# चित्रकूट इंटरसिटी एक्सप्रेस में यात्री सुविधाओं का अभाव



बांदा। ट्रेन से यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए रेलवे ने कई तरह की सुविधा मुहैय्या कराई है। बांदा जंक्शन पर भी महाप्रबंधक एवं मंडलीय अधिकारियों के द्वारा ट्रेनों का निरीक्षण किया जा रहा है। सांसदों एवं रेलवे के प्रतिनिधि भी अपने क्षेत्रों में यात्रियों को अधिक से अधिक रेल सुविधा देने की मांग कर रहे हैं। पिछले सप्ताह सामाजिक कार्यकर्ताओं ने अधिक से अधिक ट्रेनों को चलाने एवं यात्री सुविधाओं में बढ़ोतरी की मांग का ज्ञापन भी दिया था। यात्री शिक्षक मो.बाकर, महोखर के बीडी तिवारी, कर्वी के किशन कुमार मिश्रा आदि ने बताया कि बांदा स्टेशन पर स्थितियां इसके ठीक विपरीत हैं। गाड़ी संख्या 14123 चित्रकूट इंटरसिटी एक्सप्रेस जो वर्तमान में प्रतापगढ़ तक बढ़ा दी गई है एवं ट्रेनों में डिब्बे भी बढ़ा दिए गए हैं परंतु टेन्न में यात्री सुविधाओं का अभाव है, न तो यात्रियों के लिए साफ बेसिन है, न ही उसमें टोंटियां लगी है, सफाई करने वाला कोई कर्मचारी नहीं है। ट्रेनों के डिब्बे में बने शौचालयों की स्थिति बद से बत्तर है। टंकी में पानी नहीं है, न ही मल को साफ करने के लिए लगे उपकरण काम कर रहे हैं, शौच के उपरांत धोने वाला डिब्बा भी शोपीस बना हुआ है, टोंटियां भी गायब हैं। प्रतिदिन बांदा से यात्रा करने वाले सभी यात्रियों ने महाप्रबंधक, मंडलीय अधिकारियों, स्टेशन अधीक्षक एवं ट्रेनों की व्यवस्था देखने वाले सभी लोगों से गाड़ी संख्या 14123 में तत्काल सभी कोचों में बेसिन एवं शौचालय में टोटी लगाने सहित ट्रेन की युद्ध स्तर पर सफाई की मांग की है।

## सड़कों के गड्ढे व अतिक्रमण दूर करने को सौंपा ज्ञापन



बांदा। सद्भावना सेवा मंच के अध्यक्ष प्रमोद गुप्ता राजा के नेतृत्व में पदाधिकारियों सहित जनपद की विभिन्न समस्याओं को लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया। कलक्ट्रेट में प्रभारी अधिकारी को सौंपे ज्ञापन में कहा कि राष्ट्रीय व राज्य स्तरीय राजमार्ग में बड़े-बड़े गड्ढे होने के कारण दुर्घटनाएं हो रही हैं। राहगीरों को जान माल का भारी नुकसान हो रहा है। इसे दुरुस्त कराया जाए। जिला चिकित्सालय और रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज के चिकित्सकों के प्राइवेट चिकित्सालय संचालित हैं, इससे मरीजों सही इलाज नही हो रहा है। डाक्टर अपने चहेते अस्पताल में ईलाज का दबाव बनाकर मरीजों का शोषण कर रहे हैं। कुछ अस्पताल के डॉक्टर कर्मचारी कई वर्षों से जिला अस्पताल व मेडिकल कालेज, सीएचसी-पीएचसी में तैनात हैं उनको तत्काल प्रभाव से अन्य जनपद में स्थानांतरण किया जाए। बांदा-तिंदवारी मार्ग पर सेंटमैरी स्कूल के मेन रोड में अवैध तरीके से स्कूल बसों और छात्रों की गाड़ियां पार्किंग की जा रही है। मेन रोड होने के कारण अक्सर दुर्घटनाएं होती हैं। स्कूल के अंदर पर्याप्त जगह होने के बावजूद भी पार्किंग बाहर बनाई गई है जिसको बंद कराया जाए। बरसात के मौसम में विद्युत विभाग ग्रामीण इलाकों में बिजली कटौती कर रहा है। गर्मी और उमस से बीमारिया फैल रही हैं लोग परेशान है। निर्बाध विद्युत आपूर्ति हो। मंडी समिति तिंदवारी रोड में सड़क के दोनों तरफ अतिक्रमण है। इसे दूर कर मंडी परिसर में नये चबूतरे और टीन शेड बनाये जायें। शहर में जितनी भी सरकारी शराब की दुकानें है उन दुकानों के अगल बगल जमावड़ा लगाकर शराब पी जाती जिससे प्लास्टिक का कचरा कांच की बोतलें इकट्ठा होती है। इस पर सुधार हो। इस दौरान कुदरत उल्ला, राजकुमार गुप्ता राजू, दयाराम गुप्ता, जमुना प्रसाद गुप्ता, वृंदावन वैश्य, मनीष गुप्ता अमित, उर्मिला वर्मा, आर के समुद्रे, बबलू श्रीवास, शाहिद बेग चंपत, मोहम्मद यूसुफ मंसूरी, पीयूष आनंद, देवेंद्र मिश्रा, अंकित खंगार नोखे आदि रहे।

# मानव स्वास्थ के लिए अत्यन्त उपयोगी हैं मिलेट्स उत्पाद : डीएम



बहराइच। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने उप कृषि निदेशक विनय कुमार वर्मा व जिला उद्यान अधिकारी दिनेश चौधरी के साथ किसान स्नातकोत्तर महाविद्यालय के निकट महाराणा प्रताप चौक पर उत्तर प्रदेश मिलेट्स पुनरुद्धार कार्यक्रम द्वारा वित्तपोषित मिलेट्स स्टोर का निरीक्षण किया। मिलेट्स स्टोर पहुंचने पर संचालक श्रीमती पूनम सिंह ने पुष्पगुच्छ भेंट का डीएम का स्वागत किया तथा स्टोर पर उपलब्ध उत्पादों के बारे में जानकारी प्रदान की। उल्लेखनीय है कि माह जुलाई में ग्राम बेड़नापुर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा मिलेट्स स्टोर को अनुदान के रूप में रू. 20 लाख की धनराशि का डेमो चेक प्रदान किया गया था।

मिलेट्स स्टोर के निरीक्षण के दौरान उप कृषि निदेशक श्री वर्मा ने बताया कि आमजनमानस तक जनपद के किसानों द्वारा उत्पादित मिलेट्स उत्पादों जैसे चना, ज्वार, बाजरा, कोदो, सांवा, रागी, कुटकी, मक्का, शुद्ध तेल, घी, बेसन, आंटा इत्यादि की उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु मिलेट्स स्टोर की स्थापना की गई है। उन्होंने बताया कि मिलेट्स स्टोर स्थापित होने से जिले के उपभोक्ताओं को सुगमता के साथ मिलेट्स उत्पाद उपलब्ध हो सकेंगे। श्री वर्मा ने बताया कि मानव स्वास्थ्य के लिए मिलेट्स उत्पाद अत्यन्त उपयोगी हैं।

# अब नहीं जाना पड़ेगा लखनऊ

## मेडिकल कॉलेज बहराइच में शुरू हुई बीईआरई मशीन की सुविधा



**बहराइच।** महाराजा सुहेल देव स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय एवं महर्षि बालार्क चिकित्सालय, बहराइच के नाक, कान एवं गला बीईआरई विभाग में नवस्थापित बीईआरई मशीन का उद्घाटन एवं लोकार्पण सोमवार को दोपहर 3:30 बजे श्रीमती अनुपमा जायसवाल, पूर्व मंत्री एवं विधायक, सदर बहराइच के कर-कमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, बहराइच की गरिमामयी उपस्थिति रही।

इस अवसर पर विधायक अनुपमा जायसवाल ने कहा कि **अब सुनने की क्षमता की जांच के लिए मरीजों को लखनऊ जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।** यह सुविधा अब मेडिकल कॉलेज बहराइच में ही उपलब्ध होगी। उन्होंने इस सुविधा के लिए माननीय मुख्यमंत्री जी का आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य **डॉ. (प्रो.) संजय खत्री** ने कहा कि बीईआरई मशीन की सुविधा शुरू होना मेडिकल कॉलेज की एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इस सुविधा से मरीजों को बेहतर चिकित्सा सेवाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध हो सकेंगी। उन्होंने मरीजों के हित में यह सुविधा उपलब्ध कराने के लिए शासन एवं स्थानीय प्रशासन का धन्यवाद किया। बीईआरई एक विशेष श्रवण जांच है, जिसके माध्यम से यह पता लगाया जाता है कि कान से प्राप्त ध्वनि संकेत श्रवण तंत्र के माध्यम से मस्तिष्क तक किस प्रकार पहुंच रहे हैं। जांच के दौरान मरीज को हेडफोन या ईयरफोन के माध्यम से आवाज सुनाई जाती है तथा सिर पर छोटे-छोटे इलेक्ट्रोड लगाए जाते हैं। मशीन ध्वनि के प्रति श्रवण तंत्र और ब्रेनस्टेम की प्रतिक्रिया को रिकॉर्ड करती है। इस जांच में मरीज को बोलकर या किसी प्रकार का जवाब देने की आवश्यकता नहीं होती। बीईआरई जांच विशेष रूप से नवजात शिशुओं एवं छोटे बच्चों की सुनने की क्षमता की जांच**, ऐसे मरीज जो सामान्य ँ१ल्ल्ॅ ३ी२३ में सहयोग नहीं कर पाते, तथा सुनने की क्षमता में कमी का पता लगाने के लिए उपयोगी है। इसके माध्यम से कान से मस्तिष्क तक जाने वाले बीईआरई की कार्यप्रणाली का भी आकलन किया जा सकता है। मेडिकल कॉलेज में यह सुविधा शुरू होने से बहराइच एवं आसपास के जनपदों के मरीजों को काफी लाभ मिलेगा। अब उन्हें सुनने संबंधी इस महत्वपूर्ण जांच के लिए लखनऊ अथवा अन्य बड़े शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा।

# पटाखा फैक्ट्री की आड़ में चल रहे अवैध धंधे का भंडाफोड़

## भारी मात्रा में बारुद बरामद, दो गिरफ्तार



शहजाद अंसारी

बिजनौर। बजरंग फायर वर्क्स पटाखा फैक्ट्री में तीन दिनों तक चली जांच पूरी होने के बाद बड़ा खुलासा हुआ है। फैक्ट्री से भारी मात्रा में विस्फोट (कच्चा माल) बरामद हुआ है, जबकि अनुमति सिर्फ 50 किलोग्राम की थी। उधर निर्मित सुतली बम भी अनुमति से 10 गुना ज्यादा बरामद हुए हैं। पटाखा फैक्ट्री का संचालन करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर फैक्ट्री का लाइसेंस निरस्त करने के लिए रिपोर्ट प्रेषित कर दी गई है। पुलिस लाइन के सभागार में सोमवार को पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने प्रेसवार्ता के दौरान बताया कि थाना हीमपुर दीपा पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम, संदिग्ध व्यक्ति, वाहन चैकिंग एवं कानून-व्यवस्था के दृष्टिगत गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर ग्राम चैकपुरी स्थित बजरंग फायर वर्क्स पटाखा फैक्ट्री की राजस्व टीम, एफएसएसओ एवं फील्ड यूनिट के साथ संयुक्त रूप से चैकिंग की गयी। राजस्व विभाग, अग्निशमन और फील्ड यूनिट की संयुक्त चेकिंग में फैक्ट्री से एल्युमीनियम पाउडर 130 किलो, गंधक 559 किलो और पोटेशियम नाइट्रेट 548 किलो बरामद हुआ कुल कच्चे माल की बरामदगी का आंकड़ा 1237 किलोग्राम है। जबकि लाइसेंस में एक समय में कच्चा माल सिर्फ 50 किलो ही रखा जा सकता है। उधर, सुतली बम 39 क्विंटल 59 किलोग्राम बरामद हुए हैं। निर्मित आतिशबाजी सिर्फ 400 किलो रखने की ही अनुमति थी। इसके साथ ही इस फैक्ट्री में आतिशबाजी के साथ-साथ कारतूस भी बनाए जा रहे थे। 13 कारतूस और 23 कारतूस के खोखे बरामद हुए हैं। पुलिस ने फैक्ट्री को सील कर दिया है। पटाखा फैक्ट्री का संचालन करने वाले मोहम्मद यूसुफ निवासी मोहल्ला पीर शहीद काला नहटौर और गुफरान अहमद अंसारी निवासी नहटौर को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने खुलासा किया है कि वह फैक्ट्री को किराये पर लेकर सुतली बम वाले पटाखें एवं कारतूस बनाने का कार्य करते थे। कच्चा माल अमजद पुत्र यासीन निवासी दरगाह रोड पीरखेडा, तहसील बासी थाना क्लब, जनपद उस्मानाबाद (महाराष्ट्र) द्वारा उपलब्ध कराया जाता था तथा तैयार माल भी उसी के द्वारा खरीदा जाता था। आरोपियों के अनुसार रिजवान अहमद अंसारी (अभियुक्त गुफरान अहमद अंसारी का भाई, जो वर्तमान में सऊदी अरब में रहता है) कारोबार में पैसा लगाता था तथा मुनाफे को आपस में बांटा जाता था। जांच में यह भी सामने आया कि उक्त फैक्ट्री का लाइसेंस आशीष बालियान के नाम पर है। आशीष बालियान निवासी चैकपुरी से भी पुलिस ने लंबी पूछताछ की है। थाना हीमपुर दीपा पुलिस द्वारा राजस्व विभाग एवं जनपदीय फील्ड यूनिट की संयुक्त टीम के साथ पटाखा फैक्ट्री में मानक से अधिक मात्रा में भण्डारित भारी मात्रा में विस्फोटक पदार्थ, निर्मित सुतली बम वाले पटाखें, अवैध रूप से निर्मित/अर्धनिर्मित कारतूस एवं कारतूस निर्माण के उपकरण बरामद कर सामग्री के नमूने फील्ड यूनिट द्वारा सुरक्षित किये गये है।

# लकड़ी काटने गए दंपती का जंगल में शव मिलने से पुलिस में हड़कंप

बिजनौर। घर से लकड़ी काटने निकले पति-पत्नी के अलग-अलग शव में मिलने से सनसनी फैल गई। पत्नी का शव नदी में पड़ा मिला, जबकि पति का शव पेड़ से लटका मिला। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजने के बाद जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार थाना कोतवाली शहर के गांव जलालपुर निवासी देशराज उर्फ छोटे और उनकी पत्नी सुषमा सोमवार की सुबह शर्मा के बाग के पीछे नहर की पटरी पर लकड़ी काटने के लिए घर से निकले थे। परिजनों के अनुसार, दंपती पिछले तीन दिनों से लगातार इसी स्थान पर लकड़ी काटने जा रहे थे। सोमवार दोपहर तक जब दोनों वापस नहीं लौटे तो परिजनों ने उनकी तलाश शुरू कर दी। परिजनों व ग्रामीणों को तलाश के दौरान खून के निशान, चप्पल और दरांती पड़ी मिली। दोनों के अचानक गायब होने और मौके पर मिले इन सामानों के बाद परिजनों ने इस की तत्काल पुलिस को सूचना दी। इसके बाद पुलिस टीम ने इलाके में तलाश शुरू कर दी। काफी समय तक दंपत्ति का सुराग नहीं मिलने पर पुलिस ने रात में ड्रोन उड़ाकर भी आसपास के क्षेत्र को खंगाला, लेकिन अंधेरे में तलाश का कोई नतीजा नहीं निकला। मंगलवार की सुबह दोबारा तलाश शुरू की गई तो नदी में सुषमा का शव बरामद हुआ। इसके बाद कुछ दूरी पर देशराज का शव पेड़ से लटका मिला। दंपत्ति के अलग-अलग स्थानों पर शव मिलने की खबर फैलते ही गांव और आसपास के इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की गंभीरता को देखते हुए एएसपी सिटी डा0 कृष्ण गोपाल सिंह और सीओ सिटी अभय प्रताप सिंह भी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और पुलिस टीम से जानकारी लेते हुए मामले की जांच के निर्देश दिए। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही मौत को वास्तविक वजह का पता चल सकेगा।

## बंबा तालाब मार्ग में जलभराव व स्ट्रीट लाइट न होने से आक्रोश



बांदा/नरैनी। तहसील के बंबा तालाब में गणेश महाराज की प्रतिमा की स्थापना हो चुकी है, लेकिन नगर पंचायत की व्यवस्थाएं सवालों के घेरे में हैं। तालाब परिसर में सफाई का अभाव है। बिजली व्यवस्था भी दुरुस्त नहीं है। सबसे बड़ी समस्या तालाब के बगल से बने पथवीथ पर भरे ओवरफ्लो पानी की है। रास्ते पर पानी जमा होने से फिसलन बढ़ गई है और श्रद्धालु व राहगीर रोजाना गिरकर चोटिल हो रहे हैं। गणेश प्रतिमा की स्थापना के बाद परिसर में श्रद्धालुओं की आवाजाही बढ़ गई है। ऐसे में जलभराव के कारण लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है। खासकर बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों के लिए रास्ते से निकलना जोखिम भरा बना हुआ है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि पानी कई दिनों से भरा है, लेकिन नगर पंचायत की ओर से इसकी निकासी के लिए अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। सुबह-शाम के समय प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था न होने से समस्या और गंभीर हो जाती है। अंधेरे में पानी और फिसलन दिखाई नहीं देने के कारण हादसे का खतरा बना है। लोगों का कहना है कि धार्मिक आयोजन स्थल पर प्रतिमा स्थापना से पहले ही सफाई, प्रकाश और जलनिकासी की व्यवस्था सुनिश्चित की जानी चाहिए थी। न्यू इंडियन ग्रुप के संरक्षक जगवीर सिंह, अध्यक्ष आशीष सहित समिति के सदस्य प्रांशु, सक्षम, सीमित, रामकृपाल, विनोद, पवन, जीतू आदि ने नगर पंचायत से जलभराव की निकासी, परिसर की सफाई और पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था कराने की मांग की है।

# एआरटीओ की बड़ी कार्यवाही, 8 वाहन सीज




महोबा। मिशन सेफ फ्यूचर के तहत एआरटीओ दयाशंकर ने 15 सितंबर 2026 को स्कूल और यात्री वाहनों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की। चेकिंग अभियान से नियम तोड़ने वाले चालकों में हड़कंप मच गया। महोबकंठ थाना क्षेत्र में स्कूल वाहनों के भौतिक निरीक्षण के दौरान मानकों की अनदेखी मिलने पर 4 वाहनों का चालान कर उन्हें सीज किया गया। इसके साथ ही एआरटीओ ने सभी स्कूल वाहन चालकों को बच्चों की सुरक्षा के लिए अनिवार्य रूप से एक अटेंडेंट साथ रखने के सख्त निर्देश दिए। वहीं पनवाड़ी थाना क्षेत्र में भी यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर 4 यात्री वाहनों को बंद किया गया। एआरटीओ दयाशंकर ने साफ किया कि सड़कों पर सुरक्षित सफर सुनिश्चित करने के लिए नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर घर-घर जलेगा आशीर्वाद का दीप



बांदा। भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित बैठक में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अर्चना त्रिपाठी ने आगामी 17 सितंबर से एक माह तक चलने वाले सेवा संकल्प अभियान की समीक्षा की। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितम्बर को सभी लोग अपने व लाभार्थी परिवारों के घरों में दीपक जलाकर उनके दीघार्यु की कामना करें। पार्टी द्वारा प्रत्येक बूथ पर 60 दीपक जलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया गया है। कार्यक्रम का उद्देश्य जन भागीदारी, कल्याणकारी योजनाओं की पहुंच बढ़ाने, युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करना है। रक्तदान शिविर आयोजित किये जायेगें। ब्लाक स्तर पर शिविर लगाकर सभी जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। 17 सितम्बर को शाम 7 बजे घरों में आशीर्वाद का दिया जलाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दीघार्यु एवं आगे उनकी सफलता के लिए ईश्वर से प्रार्थना की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत ने क्षेत्रीय उपाध्यक्ष को आश्वासन दिया कि जिले में सभी कार्यक्रम सफल होंगे। क्षेत्रीय मंत्री विनोद कुशवाहा, जिला महामंत्री सुधीर कुशवाहा, निखिल सक्सेना, ममता त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष आनंदी साहू, पंकज रायकवार, अमित सेठ भोलू, जिला मीडिया प्रभारी उत्तम सक्सेना, दुर्गा चैरसिया, विष्णु प्रताप सिंह, देवेंद्र भदौरिया, संतोष नायक रूपा चैहान, संतोष राजपूत आदि मौजूद रहे।

# पूर्व सांसद ने की बिजली कटौती की शिकायत, 20 घंटे सप्लाई की मांग

बांदा। जिले के ग्रामीण इलाकों में रात के समय हो रही अघोषित बिजली कटौती को लेकर पूर्व सांसद और पूर्व मंत्री विशम्भर प्रसाद निषाद ने शिकायत की है। उन्होंने मंगलवार दोपहर 2 बजे दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के मुख्य अभियंता को शिकायती पत्र सौंपा। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में सरकार के निर्देश के अनुसार बिजली सप्लाई सुनिश्चित करने की मांग की है। पूर्व सांसद ने बताया कि जसपुरा, तिंदवारी, बड़ोखरखुर्द समेत जिले के लगभग सभी ब्लॉकों के ग्रामीण इलाकों में रात के समय अघोषित बिजली कटौती की जा रही है। इससे ग्रामीणों को कई तरह की दिक्कतें हो रही हैं। उन्होंने कहा कि रात में लंबे समय तक बिजली गुल रहने से ग्रामीण इलाकों में लोगों की जिंदगी पर असर पड़ रहा है। किसानों, छात्रों, राहगीरों की समस्यायें गिनायीं। पूर्व सांसद विशम्भर प्रसाद निषाद ने मुख्य अभियंता से जनहित में रात की अघोषित बिजली कटौती बंद कराने और सरकार के निर्देश के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों में 20 घंटे बिजली सप्लाई सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को जरूरी निर्देश देने की मांग की है।

संक्षेप

## फ्लिपकार्ट देगा 2.5 लाख से ज्यादा रोजगार के मौके

नई दिल्ली। फ्लिपकार्ट ने इस त्योहारी सीजन में 2.5 लाख से ज्यादा लोगों के लिए काम के मौके बनाए हैं। इनमें गिग वर्कर्स भी शामिल हैं। करीब 75 हजार लोग ऐसे हैं, जो पहली बार नौकरी या काम शुरू कर रहे हैं। ये काम देशभर में फ्लिपकार्ट के 7,000 से ज्यादा सेंटरों पर मिलेंगे। इनमें सामान रखने, सामान छांटने और डिलीवरी से जुड़े काम शामिल हैं। त्योहारों में बढ़ने वाली डिलीवरी को देखते हुए फ्लिपकार्ट ने 900 से ज्यादा नए डिलीवरी सेंटर शुरू किए हैं। कंपनी ने डिलीवरी के काम में करीब 1.4 लाख नए लोगों को काम देने की तैयारी की है। इस सीजन में बनाए गए कुल नए कामों में 60% डिलीवरी से जुड़े हैं। फ्लिपकार्ट मिनट्स और छोटे शहरों में बढ़ती मांग की वजह से डिलीवरी का काम भी बढ़ा है इससे महिलाओं और दिव्यांग लोगों के लिए भी रोजगार के मौके बढ़े हैं। फ्लिपकार्ट की सप्लाई चेन में अब 20% से ज्यादा कर्मचारी महिलाएं हैं। वहीं, गोदाम और डिलीवरी के काम में दिव्यांग लोगों की संख्या भी बढ़ रही है। जब कारोबार बढ़ता है, तो रोजगार और कमाई के नए मौके भी बढ़ते हैं। इस त्योहारों के सीजन में फ्लिपकार्ट के जरिए करीब 75,000 लोग पहली बार नौकरी या काम शुरू कर रहे हैं। भारत में ऑनलाइन खरीदारी तेजी से बढ़ रही है। ऐसे में हमारी कोशिश है कि ज्यादा से ज्यादा लोगों को नौकरी और अपना काम शुरू करने का मौका मिले। त्योहारों के सीजन में भारत में खरीदारी काफी बढ़ जाती है। इस दौरान सामान लोगों तक समय पर पहुंचाने में हमारी सप्लाई चेन की बड़ी भूमिका होती है। इस साल ग्राहकों की बढ़ती जरूरत को पूरा करने के लिए हम अपनी डिलीवरी और सामान पहुंचाने का नेटवर्क काफी बढ़ा रहे हैं। इसके साथ ही देशभर में रोजगार के नए मौके भी पैदा हो रहे हैं। त्योहारों के लिए 900 से ज्यादा नए डिलीवरी हब शुरू किए जा रहे हैं और करीब 1.4 लाख लोगों के लिए डिलीवरी से जुड़े काम के मौके बन रहे हैं।

## मातृभूमि का मूलमंत्र रीजनल इंडियन डाइनिंग अनुभव देना

नोएडा। कलीनरी हेरिटेज को नोएडा स्थित प्रीमियम रीजनल इंडियन रेस्टॉरेंट मातृभूमि के लॉन्च के साथ नई अभिव्यक्ति मिली है। एफर्मा हॉस्पीटेलिटी की इस नवीनतम पेशकश मातृभूमि को नोएडा में खोला गया। रेस्टॉरेंट साधारण लेकिन एक अलग आइडिया से प्रेरित है वह है। मातृभूमि का मूलमंत्र रीजनल इंडियन डाइनिंग अनुभव परोसना है। लेकिन खास बात है कि यहां इंडियन क्यूजिन को सिंगल कैटेगरी के रूप में पेश नहीं किया गया, बल्कि देशभर के अलग-अलग हिस्सों के खास फ्लेवर्स और उनकी खानपान संबंधी पहचान का जश्न मनाने की तैयारी की गई है।

## पोगो और कार्टून नेटवर्क ने स्कूल कॉन्टैक्ट प्रोग्राम फिर से शुरू किया

नई दिल्ली। वार्नर ब्रदर्स डिस्कवरी अपने प्रमुख स्कूल कॉन्टैक्ट प्रोग्राम का 19वां संस्करण मना रही है, और बच्चों के मनोरंजन क्षेत्र में भारत की सबसे बड़ी स्कूल आउटरीच पहल के निमार्ता के रूप में अपनी स्थिति की पुनः पुष्टि कर रही है। अगस्त में शुरू हुआ यह संस्करण पोगो और कार्टून नेटवर्क को सीधे देशभर की कक्षाओं में ले जाता है, जो 18 शहरों के 1,400 स्कूलों में 10 लाख बच्चों तक पहुंच रहा है।अपने 19वें वर्ष में, यह कार्यक्रम देश की सबसे पहचानी जाने वाली स्कूल आउटरीच पहलों में से एक बन गया है, जो पीढ़ियों से बच्चों तक पहुंच रहा है और भारत में एक्सपीरियंशियल, इन-स्कूल एंगेजमेंट के प्रति वार्नर ब्रदर्स डिस्कवरी की निरंतर प्रतिबद्धता को दशार्ता है। 2026 का संस्करण इस विरासत को आगे बढ़ाते हुए पोगो और कार्टून नेटवर्क की दुनिया को दिल्ली एनसीआर, देहरादून, पटना, चंडीगढ़, कोच्चि, विजयवाड़ा, विशाखापत्तनम, हैदराबाद, इंदौर, अहमदाबाद, कोलकाता, कानपुर, लखनऊ, चेन्नई और सूरत के स्कूलों तक ले जा रहा है। वार्नर ब्रदर्स डिस्कवरी में, हमारा मानना है कि सबसे मजबूत जुड़ाव तब बनता है जब बच्चे हमारे किरदारों को स्क्रीन पर और उससे परे भी अनुभव करते हैं, और हमारा स्कूल कॉन्टैक्ट प्रोग्राम इस बात का एक अहम स्तंभ है कि हम पोगो और कार्टून नेटवर्क को युवा दर्शकों के लिए किस तरह जीवंत बनाते हैं। अपने पसंदीदा और नए किरदारों के जरिए 10 लाख बच्चों तक पहुंचकर, हम अगली पीढ़ी के साथ अपने जुड़ाव को गहरा कर रहे हैं, साथ ही दयालुता, टीमवर्क, रचनात्मकता और आत्मविश्वास जैसे मूल्यों को स्थापित कर रहे हैं।

# सेंसेक्स में 778 अंकों की गिरावट




मुंबई। कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों, भू-राजनीतिक तनाव और वैश्विक बाजारों में कमजोर रुख के बीच घरेलू शेयर बाजार मंगलवार को भारी गिरावट के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 778 अंक टूटकर तीन महीने के निचले स्तर पर आ गया, जबकि निफ्टी 279 अंक गिरकर पांच महीने के निचले स्तर पर बंद हुआ।

बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 777.94 अंक यानी 1.04 प्रतिशत की बड़ी गिरावट के साथ 74,003.82 अंक पर बंद हुआ। मजबूती के साथ खुला सेंसेक्स कारोबार के दौरान एक समय 787.73 अंक फिसलकर 73,994.03 अंक के निचले स्तर तक आ गया था। इसी तरह, एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी 279.50 अंक यानी 1.19 प्रतिशत गिरकर 23,118.60 अंक पर बंद हुआ। यह छह अप्रैल, 2026 के बाद निफ्टी का सबसे निचला बंद स्तर है। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में भारत इलेक्ट्रॉनिक्स के शेयर में करीब छह प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। इसके अलावा इंटरग्लोब एविएशन (इंडिगो), टाइटन, बजाज फिनसर्व, अदाणी पोर्ट्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा और भारतीय स्टेट बैंक के शेयर भी नुकसान में रहे। दूसरी तरफ, एचसीएल टेक्नोलॉजीज 3.98 प्रतिशत, इन्फोसिस 3.64 प्रतिशत, टेक महिंद्रा 2.31 प्रतिशत, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) 2.18 प्रतिशत और एचडीएफसी बैंक 1.27 प्रतिशत चढ़े। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.89 प्रतिशत बढ़कर 107.7 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और बढ़ते वैश्विक बॉण्ड प्रतिफल से निवेशक धारणा प्रभावित होने के कारण घरेलू बाजार में गिरावट जारी रही। उन्होंने कहा कि प्रमुख केंद्रीय बैंकों की इस सप्ताह होने वाली बैठकों से पहले निवेशक सतर्क रहे और प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में नीतिगत सख्ती की बढ़ती आशंकाओं के बीच लंबे समय तक ऊंची ब्याज दरों की चिंता बनी रही। अमेरिकी ट्रेजरी बॉण्ड प्रतिफल कई वर्षों के ऊंचे स्तर के करीब रहने से उभरते बाजारों की धारणा प्रभावित हुई और विदेशी पूंजी की लगातार निकासी ने दबाव बढ़ाया। हालांकि, कृत्रिम मेधा (एआई) के विकास की रफ्तार कम होने संबंधी टिप्पणियों से पारंपरिक आईटी सेवाओं पर इसके असर पड़ने की आशंका कुछ कम हुई, जिससे आईटी शेयरों ने काफी अच्छा प्रदर्शन किया। व्यापक बाजार में मझोली कंपनियों के बीएसई मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक ने 2.50 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की जबकि छोटी कंपनियों का स्मालकैप सेलेक्ट 2.41 प्रतिशत के नुकसान में रहा।

# रुपया 38 पैसे लुढ़ककर 95.92 प्रति डॉलर पर



मुंबई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया मंगलवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 38 पैसे लुढ़ककर 95.92 (अस्थायी) पर रहा। पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष और ब्रेंट कच्चे तेल की ऊंची कीमतों से घरेलू मुद्रा पर दबाव है।

ब्रेंट कच्चे तेल की कीमत 108 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि तेल आयातकों की ओर से डॉलर की बढ़ती मांग ने भारत के बाहरी संतुलन और मुद्रास्फीति को लेकर चिंता बढ़ा दी है। इसके अलावा घरेलू बाजारों में कमजोरी, अमेरिकी डॉलर में मजबूती और वैश्विक बॉण्ड पर प्रतिफल बढ़ने की वजह से भी निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 95.84 प्रति डॉलर पर खुला। इसके बाद इसमें गिरावट आई और 95.92 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। यह पिछले बंद भाव से 38 पैसे की गिरावट है। रुपया शुक्रवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 95.54 पर बंद हुआ था। गणेश चतुर्थी के अवसर पर सोमवार को विदेशी मुद्रा और शेयर बाजार बंद थे। अनुमान है कि वैश्विक बाजारों में जोखिम से बचने की धारणा और वैश्विक बॉण्ड पर प्रतिफल बढ़ने की चिंता के बीच रुपये पर दबाव बना रहेगा। आपूर्ति में बाधा की आशंका के बीच वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी और डॉलर में मजबूती से भी रुपये पर दबाव पड़ सकता है। चौधरी ने कहा, निवेशक बुधवार को होने वाली फेडरल ओपन मार्केट कमेटी (एफओएमसी) की बैठक के फैसले से पहले सतर्क रह सकते हैं। डॉलर के मुकाबले रुपये का हाजिर भाव 95.75 से 96.15 के दायरे में रह सकता है। इस बीच, दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की मजबूती को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.22 प्रतिशत बढ़कर 99.61 पर था। अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट कच्चा तेल का भाव वायदा कारोबार में 1.92 प्रतिशत चढ़कर 107.71 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। अमेरिका-ईरान तनाव बढ़ने और होर्मुज जलडमरूमध्य से तेल की आपूर्ति बाधित होने की आशंका के बीच यह तेजी आई।

# सोना 1000 रुपये टूटा, पांच सप्ताह के निचले स्तर पर और चांदी स्थिर

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में मंगलवार को कमजोर वैश्विक रुख और मजबूत डॉलर के बीच सोने की कीमतें 1,000 रुपये टूटकर 1,54,400 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर रह गईं, जो एक महीने से ज्यादा का निचला स्तर है।

यह कीमती धातु इससे पहले सात अगस्त को इसी स्तर के आसपास कारोबार कर रही थी, जब स्थानीय बाजार में इसकी कीमत 1.54 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम थी। स्थानीय कारोबारियों के अनुसार, चांदी की कीमतें लगातार दूसरे दिन 2,34,600 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी कर सहित) पर स्थिर रहीं। मंगलवार को कमजोर वैश्विक संकेतों के बीच सोने की कीमतों में गिरावट आई। हाजिर सोना 4,300 डॉलर प्रति औंस से नीचे फिसल गया और एक महीने के निचले स्तर के करीब कारोबार कर रहा है। गांधी ने आगे कहा कि यह गिरावट मजबूत अमेरिकी डॉलर और बढ़ते बॉण्ड प्रतिफल के कारण आई है, क्योंकि कच्चे तेल की ऊंची कीमतों ने महंगाई की चिंता बढ़ा दी है और इस सप्ताह होने वाली नीतिगत बैठक में फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरें बढ़ाने की संभावनाओं को मजबूत किया है। विदेशी बाजारों में, हाजिर सोने की कीमत 22.28 डॉलर यानी 0.52 प्रतिशत टूटकर 4,276.52 डॉलर प्रति औंस रह गई।

# अगस्त में वनस्पति तेल का आयात 4.71 प्रतिशत घटकर 16.09 लाख टन पर

नयी दिल्ली। अगस्त में भारत का वनस्पति तेल आयात 4.71 प्रतिशत घटकर 16.09 लाख टन रह गया, जो एक साल पहले 16.94 लाख टन था। इसकी वजह पाम तेल के आयात में कमी थी, जो वैश्विक कीमतों में बढ़ोतरी और रुपये की कमजोरी के कारण हुआ। रुपये की कमजोरी से आयात किए जाने वाले खाद्य तेल की लागत बढ़ गई थी। एसईए ने एक बयान में कहा कि तेल वर्ष 2025-26 की नवंबर-अगस्त अवधि के दौरान, कुल वनस्पति तेल आयात चार प्रतिशत बढ़कर 138.8 लाख टन हो गया, जो एक साल पहले 133.37 लाख टन था। दुनिया के सबसे बड़े वनस्पति तेल आयातक भारत ने अगस्त में 15.72 लाख टन खाद्य तेल और 37,150 टन अखाद्य तेल खरीदा, जबकि एक साल पहले यह क्रमशः 16.88 लाख टन और 55,821 टन था।

अगस्त में रिफाइंड खाद्य तेल का आयात बढ़कर 1.01 लाख टन हो गया, जो एक साल पहले 64,403 टन था, जबकि कच्चे तेल का आयात 16.24 लाख टन से घटकर 14.70 लाख टन रह गया। कच्चे तेल में, पाम तेल का आयात 9.79 लाख टन से घटकर 7.60 लाख टन और सूरजमुखी तेल का आयात 2.57 लाख टन से घटकर 1.55 लाख टन रह गया, जबकि सोयाबीन तेल का आयात 3.87 लाख टन से बढ़कर 5.54 लाख टन हो गया। अगस्त में भारतीय बंदरगाहों पर औसत सीआईएफ (लागत, बीमा और माल ढुलाई) कीमतें इस प्रकार थीं- आरबीडी पामोलिन के लिए 1,215 डॉलर प्रति टन, कच्चे पाम तेल के लिए 1,259 डॉलर, कच्चे सोयाबीन तेल के लिए 1,289 डॉलर और कच्चे सूरजमुखी तेल के लिए 1,496 डॉलर। अगस्त, 2025 की तुलना में, कच्चे पाम तेल की कीमतों में नौ प्रतिशत, आरबीडी पामोलिन में 10 प्रतिशत, सोयाबीन तेल में आठ प्रतिशत और सूरजमुखी तेल में 18 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई।

# उपभोक्ता नियामक ने रैपिडो पर लगाया 10 लाख का जुर्माना

नयी दिल्ली। उपभोक्ता मामलों के नियामक निकाय केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने अनुचित व्यापार व्यवहार और भ्रामक विज्ञापनों के लिए कैब तथा बाइक टैक्सी सेवा मंच रैपिडो पर 10 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। सरकार ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

सीसीपीए ने बताया कि रैपिडो के खिलाफ यह कार्वाई भारत में संचालित कैब और बाइक-टैक्सी एग्रीगेटर मंचों की क्षेत्रव्यापी जांच पर आधारित है। यह जांच राइड से पहले टिप मांगने और मांग आधारित किराया निर्धारण से जुड़े तौर-तरीकों की पड़ताल के लिए की जा रही है। प्राधिकरण पहले ही उबर, ओला, रैपिडो और नम्मा यात्री सहित विभिन्न मंचों को नोटिस जारी कर उन्हें डार्क पैटर्न की रोकथाम एवं विनियमन संबंधी दिशानिर्देश, 2023 का पालन करने का निर्देश दे चुका है। डार्क पैटर्न भ्रामक उपयोगकर्ता इंटरफेस डिजाइन होते हैं, जो उपभोक्ताओं को गुमराह कर या हेरफेर करके ऐसे विकल्प चुनने पर मजबूर करते हैं जो वे आमतौर पर नहीं चुनते। सीसीपीए ने रैपिडो का संचालन करने वाली कंपनी रोपेन ट्रांसपोर्टेशन सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड पर भ्रामक विज्ञापनों, अनुचित व्यापार व्यवहार, अनुचित अनुबंध और डार्क पैटर्न अपनाने के मामले में 10 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है।

# ईडी प्रमुख ने आईबीसी धोखाधड़ी में सख्त कार्रवाई के दिये निर्देश




नयी दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के निदेशक राहुल नवीन ने एजेंसी के जांच अधिकारियों को दिवाला एवं ऋणशोधन अक्षमता संहिता (आईबीसी) से जुड़ी उन धोखाधड़ी के मामलों में कार्वाई तेज करने का निर्देश दिया है, जिनमें भारी हेयरकट (कर्ज में अत्यधिक छूट) के जरिये प्रवर्तक अपनी संपत्तियां दोबारा हासिल कर लेते हैं।

इसके साथ ही उन्होंने उन मामलों में वैकल्पिक कदम उठाने को कहा है, जहां उनके अनुरोध पर पुलिस प्राथमिकी (एफआईआर) दर्ज नहीं करती है। ये दोनों मुद्दे हाल ही में तब चर्चा में आए जब राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) की एक विशेष पीठ ने एस्सेल समूह के चेयरमैन सुभाष चंद्रा को अपनी संपत्तियों को स्थानांतरित (बेचने या किसी अन्य के नाम) करने से रोक दिया और एक प्रस्तावित समझौते के मामले में सभी पक्षों को नोटिस जारी किया। इस समझौते के तहत कर्जदाताओं को 22,006 करोड़ रुपये के दावों के मुकाबले उनकी निजी संपत्ति से महज 6.5 करोड़ रुपये की वसूली की अनुमति मिल रही थी। बाद में सीबीआई ने इस मामले में चंद्रा के खिलाफ मामला दर्ज किया। विशेष रूप से विपक्ष शासित राज्यों में पुलिस एफआईआर में देरी को लेकर ईडी ने धनशोधन रोधक अधिनियम (पीएमएलए) की धारा 66(2) के तहत कई पत्र भेजकर अपने निष्कर्षों के आधार पर आपराधिक मामला दर्ज करने को कहा है। एजेंसी ने हाल में केरल के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) से पूर्व मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन और उनके परिवार के सदस्यों के खिलाफ मामला दर्ज करने का अनुरोध किया था, जिस पर कांग्रेस सरकार ने कहा कि वह ईडी द्वारा प्रस्तुत कानूनी पहलुओं की समीक्षा कर रही है। इसी तरह के अनुरोध तमिलनाडु, कर्नाटक और कुछ अन्य राज्यों में भी किए गए थे। प्रवर्तन निदेशालय प्रमुख ने जांच अधिकारियों से पीएमएलए के तहत तेजी से दोषसिद्धि सुनिश्चित करने के लिए बड़े लोगों के मुकदमों की सुनवाई में तेजी लाने को भी कहा।

नवीन ने आईआईएम-बेंगलुरु में मंगलवार को संपन्न हुए ईडी अधिकारियों के दो दिवसीय त्रैमासिक सम्मेलन के दौरान ये निर्देश जारी किए। उन्होंने अधिकारियों को अदालतों के समक्ष मामला विशेष अदालत को सौंपने संबंधी याचिकाएं दाखिल करने का निर्देश दिया, ताकि सामान्य अदालत से मुकदमा विशेष पीएमएलए अदालत में स्थानांतरित किया जा सके।

# वैष्णव ने भारत की पहली नमक कंटेनर ट्रेन को दिखायी हरी झंडी



अहमदाबाद। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को भारत की पहली नमक कंटेनर ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। यह ट्रेन गुजरात के कच्छ में शिवलाखा से राज्य में ही स्थित मीठापुर के बीच चलेगी। इसके एक खास स्टेनलेस स्टील कंटेनर का इस्तेमाल किया जा रहा है। मंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये भीमसर (कच्छ), देवलिया (जूनागढ़), चंडीसर (बनासकांठा) और शिवलाखा (कच्छ) में गति शक्ति कार्गो टर्मिनल (जीसीटी) को देश को समर्पित किया और मेहसाणा के लिंच में जीसीटी की आधारशिला भी रखी। वर्चुअल तरीके से ट्रेन को हरी झंडी दिखाने के कार्यक्रम में वैष्णव ने कहा कि खास नमक कंटेनर का यह नवाचार नमक के परिवहन से जुड़ी चुनौतियों को हल करेगा। जब कच्छ और गुजरात के दूसरे हिस्सों में पैदा होने वाले नमक को रेलवे वैगन में भरकर देश के हर कोने में भेजा जाता था, तो वैगन का वजन नमक के वजन से ज्यादा होता था।

साथ ही, नमक में नमी सोखने की क्षमता होती है, इसलिए मंजिल तक पहुंचते-पहुंचते नमक गीला हो जाता था। वैष्णव ने कहा कि स्टेनलेस स्टील के इस्तेमाल से नमक और कंटेनर के वजन के बीच जरूरी संतुलन भी बन जाता है। उन्होंने कहा, आज देश की पहली नई नमक कंटेनर ट्रेन शिवलाखा से रवाना होगी। एक सरकारी बयान के अनुसार, मंत्री ने कच्छ इलाके में रेलवे द्वारा किए जा रहे कई विकास कार्यों का भी जिक्र किया।

## पेज एक का शेष

### मथुरा की

वार्डन की सीधी भर्ती में 20 प्रतिशत पद आरक्षित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी। इसके साथ ही पूर्व अग्निवीरों को प्रवर्तन सिपाही (परिवहन) कि सीधी भर्ती में 20 प्रतिशत पदों पर क्षैतिज एवं आयु सीमा में छूट देने के प्रस्ताव को भी स्वीकृति मिली। इन फैसलों से सैन्य सेवा पूरी कर चुके युवाओं को सरकारी रोजगार के अवसर मिलेंगे। वित्त मंत्री ने बताया कि प्रांतीय रक्षक दल (पीआरडी) के स्वयंसेवकों और उनके आश्रित परिवार के सदस्यों को मुख्यमंत्री पीआरडी कैशलेस चिकित्सा योजना के तहत कैशलेस इलाज की सुविधा देने का निर्णय हुआ। इससे पीआरडी जवानों और उनके परिवारों को उपचार के दौरान आर्थिक राहत मिलेगी। कैबिनेट बैठक में उत्तर प्रदेश खिलौना विनिर्माण प्रोत्साहन नीति-2025 को मंजूरी दी गई। इस नीति से प्रदेश में खिलौना निर्माण उद्योग को बढ़ावा देने, निवेश आकर्षित करने और रोजगार के अवसर बढ़ाने की दिशा में मदद मिलेगी।

### पीआरडी

स्वयंसेवक के मानदेय में सीधे 3,000 रुपये प्रतिमाह की वृद्धि होगी। इससे प्रदेश के 27,794 पीआरडी स्वयंसेवकों और उनके परिवारों को लाभ मिलेगा। वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बताया कि भत्ते में वृद्धि से राज्य सरकार पर प्रतिवर्ष 101.44 करोड़ रुपये का अतिरिक्त वित्तीय भार आएगा। इसके बाद पीआरडी स्वयंसेवकों पर कुल अनुमानित वार्षिक व्यय 6 अरब 8 करोड़ 68 लाख 86 हजार रुपये हो जाएगा। चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 के शेष महीनों के लिए अनुपूरक अनुदान से 45 करोड़ रुपये की तत्काल व्यवस्था की गई है। योगी कैबिनेट ने पीआरडी स्वयंसेवकों और उनके आश्रित परिवार के सदस्यों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा देने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी है। वर्तमान में पंजीकृत 31,130 पीआरडी स्वयंसेवकों और उनके आश्रितों को इस योजना का लाभ मिलेगा। प्रति स्वयंसेवक 3,000 रुपये वार्षिक प्रीमियम की दर से योजना पर करीब 9.34 करोड़ रुपये सालाना खर्च का अनुमान है। वित्तीय वर्ष 2026-27 के शेष महीनों के लिए अनुपूरक अनुदान से 5 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। मुख्यमंत्री पीआरडी कैशलेस चिकित्सा योजना का संचालन स्टेट एजेंसी फॉर कॉम्प्रिहेन्सिव हेल्थ इंटीग्रेटेड सर्विसेज (साचीज) के माध्यम से प्रस्तावित है। योजना का लाभ स्वयंसेवक और उनके आश्रितों को सेवा अवधि के दौरान ही मिलेगा। ऐसे स्वयंसेवक अथवा आश्रित, जो पहले से आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना या मुख्यमंत्री जन आरोग्य अभियान जैसी केंद्र अथवा राज्य सरकार द्वारा पोषित किसी अन्य स्वास्थ्य योजना से आच्छादित हैं, इस योजना के दायरे में शामिल नहीं होंगे।

### पूर्वी उत्तर प्रदेश

खिलौनों के लिए प्रसिद्ध हैं। यह क्षेत्र कारीगरों, महिलाओं और ग्रामीण समुदायों के लिए रोजगार का महत्वपूर्ण माध्यम है। खिलौना विनिर्माण एवं विपणन को विकास के प्रमुख क्षेत्र के रूप में बढ़ावा देकर कुशल, अर्धकुशल और अकुशल मानव संसाधन का बेहतर उपयोग किया जा सकेगा। इससे ट्वॉय क्लस्टरों में रोजगार और कौशल विकास के अवसर बढ़ेंगे। नीति के तहत खिलौना विनिर्माण इकाइयों को प्रोत्साहन आधारित व्यवस्था उपलब्ध कराई जाएगी। मौजूदा उद्योगों के विस्तार, विविधीकरण और तकनीकी उन्नयन के लिए भूमि एवं अवस्थापना सुविधाएं उपलब्ध कराने पर जोर रहेगा। नए उद्यमों की स्थापना में सहायता देने के साथ एमएसएमई और बड़े उद्योगों को भी समर्थन दिया जाएगा। पूर्वी उत्तर प्रदेश, बुंदेलखंड और मध्यांचल क्षेत्रों में खिलौना उद्योग स्थापित करने के लिए विशेष प्रोत्साहन दिए जाएंगे। इससे इन क्षेत्रों में औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा देने और स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजित करने में मदद मिलेगी। उत्तर प्रदेश खिलौना विनिर्माण प्रोत्साहन नीति-2025 के अंतर्गत एमएसएमई वर्गीकरण के अनुसार सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम श्रेणी की इकाइयों के साथ वृहद और उससे उच्च श्रेणी की खिलौना विनिर्माण इकाइयों तथा खिलौना क्लस्टर उद्यमों को प्रोत्साहन दिया जाएगा। एमएसएमई श्रेणी की पात्र इकाइयों को उत्तर प्रदेश एमएसएमई प्रोत्साहन नीति-2022 और उसके निष्प्रभावी होने की स्थिति में लागू उत्तरवर्ती नीति के तहत निर्धारित प्रोत्साहन मिलेंगे। वहीं, बड़े और उससे उच्च श्रेणी के तहत स्थापित नई इकाइयों तथा विस्तार एवं विविधीकरण करने वाली इकाइयों को प्रस्तावित नीति के प्रावधानों के अनुसार प्रोत्साहन दिए जाएंगे। इनका क्रियान्वयन इन्वेस्ट यूपी के माध्यम से किया जाएगा। नीति के तहत पात्र खिलौना विनिर्माण इकाइयों को निर्धारित प्रोत्साहन वाणिज्यिक उत्पादन शुरू होने के बाद प्रदान किए जाएंगे। प्रस्ताव में फ्रंट एंड सब्सिडी के प्रावधान भी शामिल हैं। इससे प्रदेश में खिलौना उद्योग की स्थापना और विस्तार को प्रोत्साहन मिलने की उम्मीद है। नीति का क्रियान्वयन उत्तर प्रदेश सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग (एमएसएमई) द्वारा किया जाएगा। बड़े और उससे उच्च श्रेणी के उद्योगों से संबंधित प्रोत्साहनों का क्रियान्वयन इन्वेस्ट यूपी के माध्यम से होगा। उत्तर प्रदेश खिलौना विनिर्माण प्रोत्साहन नीति-2025 प्रख्यापन की तिथि से पांच वर्ष की अवधि तक अथवा सरकार द्वारा नई नीति के प्रख्यापन तक लागू रहेगी। इस नीति के अंतर्गत प्रोत्साहन प्राप्त करने वाली परियोजनाएं राज्य सरकार की किसी अन्य नीति के तहत प्रोत्साहनों की पात्र नहीं होंगी। हालांकि, भारत सरकार की योजनाओं एवं नीतियों के तहत उपलब्ध प्रोत्साहन इसके अतिरिक्त प्राप्त किए जा सकेंगे।

### यूपीआई से

भुगतान स्वीकार करने पर व्यापारी से लिया जाता है। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने कहा कि रेलवे, दूरसंचार और ईंधन जैसे आवश्यक क्षेत्रों में प्रति लेनदेन पांच रुपये का एकसमान शुल्क लगेगा, जबकि पूंजी बाजार में भुगतान के लिए एमडीआर की दर 0.02 प्रतिशत होगी। यूपीआई क्यूआर कोड के जरिये हर महीने एक लाख रुपये तक की आय वाले छोटे व्यापारी नई व्यवस्था के तहत पूरी तरह शुल्क मुक्त रहेंगे। सरकार का कहना है कि इस प्रावधान से व्यापारी लेनदेन के 96 प्रतिशत हिस्से पर नए शुल्क का कोई असर नहीं पड़ेगा। हालांकि, व्यक्ति से किसी व्यापारी को किए जाने वाले 2,000 रुपये से अधिक के यूपीआई भुगतान पर एमडीआर लगाया जाएगा और 75,000 रुपये या उससे अधिक के भुगतान पर इस शुल्क की अधिकतम सीमा 300 रुपये होगी। वहीं, दो व्यक्तियों के बीच होने वाले पी2पी यूपीआई लेनदेन पर इस बदलाव का कोई असर नहीं पड़ेगा। ऐसे हस्तांतरण यूपीआई लेनदेन की कुल मात्रा का 37 प्रतिशत और मूल्य का 70 प्रतिशत हैं। नई व्यवस्था के तहत भुगतान ऐप प्रदाताओं को अलग से डिजिटल मंच शुल्क लगाने से रोक दिया गया है। बैंकों को यह सुनिश्चित करने को कहा गया है कि व्यापारी एमडीआर की लागत ग्राहकों से न वसूलें। नए शुल्क से मिलने वाली राशि का पांचवां हिस्सा छोटे व्यापारियों के बीच यूपीआई के विस्तार के लिए इस्तेमाल किया जाएगा।

### किशाऊ परियोजना

हुआ है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्यों के समन्वित प्रयासों ने इस महत्वपूर्ण परियोजना को नई दिशा दी है। सीएम धामी ने कहा कि जून 2026 में अमित शाह के मार्गदर्शन में हुई बैठक के बाद किशाऊ परियोजना से जुड़े विभिन्न लंबित विषयों पर समाधान की प्रक्रिया तेज हुई। इसके बाद केंद्र और संबंधित राज्यों के स्तर पर लगातार संवाद हुआ, जिसके परिणामस्वरूप आज एमओयू पर सहमति बनी। मुख्यमंत्री ने इसके लिए केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री सहित सभी सहभागी राज्यों की सरकारों का आभार जताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि किशाऊ परियोजना का महत्व केवल बांध और विद्युत उत्पादन तक सीमित नहीं है। इससे क्षेत्र में जल भंडारण की क्षमता बढ़ेगी, पेयजल और सिंचाई के लिए जल उपलब्धता को मजबूती मिलेगी तथा यमुना के पुनर्जीवन से जुड़े प्रयासों को भी आधार मिलेगा। इस लिहाज से परियोजना का प्रभाव व्यापक है और इसके लाभ कई राज्यों तक पहुंचेंगे। परियोजना के तहत लगभग 1562 एमसीएम क्षमता का जलाशय तैयार किया जाना प्रस्तावित है। साथ ही 422 मेगावाट विद्युत उत्पादन की क्षमता विकसित होगी। मुख्यमंत्री के मुताबिक परियोजना से उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश के साथ उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान और दिल्ली को भी लाभ मिलेगा। इससे अपर यमुना बेसिन में जल संसाधनों के बेहतर प्रबंधन की संभावनाएं मजबूत होंगी। उन्होंने कहा कि अलग-अलग राज्यों की जल आवश्यकताओं को एक साझा परियोजना के माध्यम से पूरा करने का प्रयास सहकारी संघवाद की भावना को मजबूती देता है। किशाऊ परियोजना केंद्र और राज्यों के बीच निरंतर समन्वय से किसी जटिल और लंबे समय से लंबित विषय को समाधान तक पहुंचाने का उदाहरण भी है।

### बांग्लादेश : अवामी

हसीना को उनकी गैर-मौजूदगी में मौत की सजा सुनाए जाने के लगभग 10 महीने बाद, 2024 के विरोध-प्रदर्शन से जुड़े मामलों में अधिकरण ने अपना फैसला सुनाया। इन सभी सात लोगों का पक्ष सरकार द्वारा नियुक्त बचाव पक्ष के वकीलों ने रखा। अधिकरण ने 22 जनवरी को आरोपियों के खिलाफ सात आरोप तय किए थे, जबकि मुकदमे की सुनवाई 17 फरवरी को शुरू हुई थी। अधिकरण-2 ने इन सात लोगों पर विरोध-प्रदर्शन के दौरान हिंसा भड़काने या उसे निर्देशित करने में कथित भूमिका के लिए मुकदमा चलाया। इस विरोध प्रदर्शन के कारण पांच अगस्त 2024 को शेख हसीना सरकार गिर गई थी। सरकारी वकीलों ने इन सात लोगों पर आरोप लगाया कि उन्होंने निर्देश जारी करके, भड़काऊ और उकसाने वाले बयान देकर और हिंसा की साजिश रचने से जुड़ी बैठकें करके प्रदर्शनकारियों का दमन करने की कोशिश की। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि आरोपी अलग-अलग जगहों पर हथियारों से हमले, दमनात्मक कार्वाई और मीडिया को नियंत्रित करने की कोशिशों में शामिल थे, जिससे देश भर में हत्याएं, हत्या की कोशिशें और व्यापक स्तर पर हिंसा हुई। हसीना पांच अगस्त 2024 को बांग्लादेश छोड़कर भारत चली आई थीं और तब से भारत में रह रही हैं। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय का अनुमान है कि 15 जुलाई से पांच अगस्त 2024 के बीच विरोध-प्रदर्शन से जुड़ी हिंसा में 1,400 लोग मारे गए।

### भविष्य की

की आधारशिला है। उन्होंने कहा 2047 तक हमें अहम प्रौद्योगिकी में आत्मनिर्भरता हासिल करनी है, घरेलू सामान के इस्तेमाल में बड़ी बढ़ोतरी करनी है, रक्षा निर्यात में कई गुना वृद्धि करनी है और वैश्विक आपूर्ति शृंखला में भारत की मज़बूत मौजूदगी सुनिश्चित करनी है। रक्षा मंत्री ने कहा कि सहयोग के बिना यह सब हासिल नहीं किया जा सकता और इस क्षेत्र से जुड़े सभी पक्षों के बीच बेहतर साझेदारी होनी चाहिए। डीआरडीओ-उद्योग समन्वय बैठक विमर्श 2026 का आयोजन यहाँ डीआरडीओ भवन में किया गया।

### बीबीडी में

देखा था, वह आज पूरा हो रहा है। बीबीडी विश्वविद्यालय देश -प्रदेश में नाम रोशन कर रहा है। इसके बाद सायंकालीन महाआरती में मुख्य अतिथि एवं बीबीडी ग्रुप की चेयरपर्सन श्रीमती अलका दास गुप्ता, बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास, वाइस प्रेसिडेंट देवांशी दास एवं सुश्री सोनाक्षी दास ने भाग लिया और महाप्रभु श्री गणेश जी की आरती की। इस महोत्सव में बीबीडी एजुकेशनल ग्रुप के छात्र-छात्राओं एवं आसपास के गांवों के हजारों श्रद्धालुओं ने भजन संध्या का भरपूर आनंद लिया।




# भारत ने अफगानिस्तान को रौंदा

## दूसरे टी-20 में संजू सैमसन की फिफ्टी, नीतीश रेड्डी को 3 विकेट, सीरीज 2-0 से जीती

एजेंसी

दिल्ली। भारत ने दूसरे टी-20 में अफगानिस्तान को 7 विकेट से हरा दिया। दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में अफगानिस्तान ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 159 रन बनाए थे। जवाब में भारत ने 14.5 ओवर में 163 रन बनाकर टारगेट हासिल कर लिया। इस जीत के साथ टीम इंडिया ने तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली है। तीसरा मैच 17 सितंबर को खेला जाएगा। संजू सैमसन ने 22 गेंदों में 57 रन की तेज पारी खेली। अभिषेक शर्मा ने 19 गेंदों में 39 रन बनाए। दोनों ने पहले विकेट के लिए 88 रन की साझेदारी की। कप्तान श्रेयस अय्यर 11 रन बनाकर आउट हुए। अफगानिस्तान के लिए राशिद खान ने तीन विकेट लिए। इससे पहले अफगानिस्तान की ओर से इब्राहिम जादरान ने 37, राशिद खान ने 28 और मोहम्मद नबी ने 20 रन बनाए। भारत के लिए नीतीश कुमार रेड्डी ने 3, अर्शदीप सिंह ने 2 और अक्षर पटेल, रवि बिश्नोई व जसप्रीत बुमराह ने एक-एक विकेट लिया।

भारत ने 14 ओवर में 3 विकेट पर 156 रन बना लिए हैं। ईशान किशन 21 गेंदों में 33 और तिलक वर्मा 11 गेंदों में 13 रन पर खेल रहे हैं। 14वें ओवर में ईशान ने लगातार चौका, छक्का और चौका लगाकर 17 रन बटोरे। भारत को अब जीत के लिए सिर्फ 4 रन चाहिए। राशिद खान ने 10.4 ओवर में श्रेयस अय्यर को आउट कर भारत को तीसरा झटका दिया। अय्यर ने इनसाइड-आउट शॉट खेलने की कोशिश की, लेकिन गेंद बाहरी किनारा लेकर स्लिप में गई। इब्राहिम जादरान ने दूसरी कोशिश में शानदार कैच पकड़ा। अय्यर 11 गेंदों में 11 रन बनाकर आउट हुए, जिसमें 1 छक्का शामिल था। यह राशिद खान का



तीसरा विकेट है। ड्रिंक्स ब्रेक तक भारत की स्थिति मजबूत है। टीम ने पावरप्ले में 82 रन बनाए और 2 विकेट गंवाए। अफगानिस्तान को मुकाबले में बनाए रखने के लिए राशिद खान ने एक ही ओवर में अभिषेक शर्मा और संजू सैमसन के विकेट चटकाए। भारत के 7वें ओवर में 2 विकेट गिरे।

राशिद खान ने पहले अभिषेक शर्मा और फिर संजू सैमसन को आउट किया। अभिषेक 19 गेंदों में 39 रन बनाकर आउट हुए। संजू ने सिर्फ 22 गेंदों में 57 रन की पारी खेली। उन्होंने अपना सबसे तेज टी-20 इंटेरनेशनल अर्धशतक लगाया। मोहम्मद नबी के ओवर में भारत ने 27 रन बटोरे। संजू सैमसन ने लगातार दो छक्के और दो चौके जड़े, जबकि अभिषेक शर्मा ने भी एक सिक्स लगाया। भारत ने 5 ओवर में बिना विकेट गंवाए 55 रन बना लिए हैं। संजू सैमसन 15 गेंदों में 27 और अभिषेक शर्मा 15 गेंदों में 26 रन पर खेल रहे हैं। संजू ने 5वें ओवर में 2 चौके और 1 छक्का लगाया। इसी ओवर में भारत की 50 रन की ओपनिंग साझेदारी भी सिर्फ 28 गेंदों में पूरी हो गई। इस समय टीम का रनरेट 11 का है। भारत ने 2 ओवर में बिना विकेट गंवाए 21 रन बनाए हैं।

अभिषेक शर्मा 7 गेंदों में 16 और संजू सैमसन 5 गेंदों में 4 रन पर खेल रहे हैं। पहले ओवर में अभिषेक ने लगातार 2 चौके लगाए, जबकि दूसरे ओवर की आखिरी गेंद पर छक्का जड़ा। मुजीब ने पहले ओवर में 12 और नबी ने दूसरे में 9 रन दिए। अफगानिस्तान ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 159 रन बनाए। आखिरी ओवर में रेड्डी ने राशिद खान को आउट किया, जबकि नूर अहमद ने अंतिम गेंद पर छक्का लगाकर टीम का स्कोर 159 तक पहुंचाया। जसप्रीत बुमराह ने 18.5 ओवर में मोहम्मद नबी को आउट कर दिया। नबी ने कवर के ऊपर से शॉट खेलने की कोशिश की, लेकिन गेंद बल्ले के ऊपरी हिस्से पर लगी और हवा में उछल गई। कवर पर कप्तान श्रेयस अय्यर ने आसान कैच पकड़ा। नबी 14 गेंदों में 20 रन बनाकर आउट हुए, जिसमें 2 चौके और 1 छक्का शामिल रहा। इसके साथ ही नबी और राशिद खान के बीच 48 रन की साझेदारी टूट गई।

# वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे श्रृंखला के लिए हार्दिक व पंत को टीम में मिल सकती है जगह



नयी दिल्ली। भारतीय राष्ट्रीय चयन समिति बुधवार को यहां जब वेस्टइंडीज के खिलाफ होने वाली एकदिवसीय और टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की श्रृंखला के लिए टीम का चयन करेगी तो ज्षभ पंत और फिट होकर लौटे हार्दिक पंड्या को शामिल किए जाने की संभावना पर मुख्य रूप से चर्चा होगी। भारत वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन वनडे और पांच टी20 मैच खेलेगा। टी20 मैचों की शुरुआत छह अक्टूबर से होगी और पूरी संभावना है कि इसके लिए वही टीम चुनी जाएगी जो एशियाई खेलों में भाग लेगी। लेकिन अजीत अगरकर की अध्यक्षता वाली चयन समिति को 50 ओवर के प्रारूप के लिए टीम का चयन करते समय माथापच्ची करनी पड़ सकती है। अगरकर बैठक के लिए दिल्ली में होंगे और संभावना है कि वह बोर्ड के अधिकारियों से इस पर भी चर्चा करेंगे कि क्या उनका अनुबंध 2027 में होने वाले वनडे विश्व कप तक बढ़ाया जाएगा। पंड्या की प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी 20 सितंबर को निर्धारित है क्योंकि उन्हें पहले ही छह अक्टूबर से पुडुचेरी में ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ भारत ए की तीन मैचों की वनडे श्रृंखला के लिए चुना जा चुका है।

वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे मैचों की शुरुआत 27 सितंबर से तिरुवनंतपुरम में होगी और यह चयन समिति को तय करना होगा कि क्या पंड्या वनडे में 10 ओवर गेंदबाजी करने और 50 ओवर तक फील्डिंग करने के लिए तैयार हैं या नहीं। अगर पंड्या उपलब्ध नहीं होते हैं तो चयन समिति के लिए तेज गेंदबाजी ऑलराउंडरों की कमी समस्या बन जाएगी। दूसरा विकल्प नीतीश कुमार रेड्डी वनडे सीरीज के दौरान एशियाई खेलों में भाग लेने के लिए जापान में होंगे। तीसरे और चौथे विकल्प सूर्यांश शेडगे और वेंकटेश अय्यर फिलहाल चोटिल हैं। आईपीएल में पंत के खराब प्रदर्शन के चलते उन्हें टेस्ट उप-कप्तानी गंवानी पड़ी और उन्हें वनडे टीम में भी जगह नहीं मिली। लेकिन ईशान किशन के जापान में होने के कारण बाएं हाथ के इस प्रतिभाशाली बल्लेबाज को 15 सदस्यीय टीम में मौका मिल सकता है। उनका चयन होने पर भी केएल राहुल वनडे विकेटकीपर के तौर पर पहली पसंद रहेंगे। श्रेयस अय्यर की अनुपस्थिति में राहुल को वनडे टीम का उप कप्तान भी नियुक्त किया जा सकता है। अगर पंत को मौका नहीं मिलता है तो चयनकर्ता ध्रुव जुरेल को चुन सकते हैं। ऐसे में पंत को ईरानी कप में शेष भारत की कप्तानी करने को कहा जा सकता है। अय्यर के एशियाई खेलों में शामिल होने के कारण कप्तान शुभमन गिल, रोहित शर्मा और विराट कोहली के बाद रुतुराज गायकवाड़ को चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करने का मौका मिल सकता है। यशस्वी जायसवाल रिजर्व ओपनर होंगे, जबकि मध्य क्रम के रिजर्व बल्लेबाज रजत पाटीदार होंगे। वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे सीरीज के बाद गायकवाड़ और पाटीदार दोनों का ही भारत ए की तरफ से खेलने की संभावना है।

गायकवाड को इसके लिए कप्तान बनाया जा सकता है। इंग्लैंड में वनडे सीरीज के लिए नहीं चुने गए रविंद्र जडेजा को वापस टीम में बुलाया जा सकता है क्योंकि हर्ष दुबे हाल ही में दलीप ट्रॉफी सेमीफाइनल मैच के दौरान चोटिल हो गए थे। दुबे और अक्षर पटेल को वनडे के लिए बाएं हाथ के स्पिनरों के तौर पर देखा जा रहा था, लेकिन उनकी अनुपस्थिति में चयनकर्ता जडेजा को टीम में शामिल कर सकते हैं। मानव सुथार के नाम पर भी विचार किया जा सकता है। अक्षर एशियाई खेलों में खेलेंगे। अगर चोटिल वरुण चक्रवर्ती एशियाई खेलों में नहीं खेल पाते हैं।

## संक्षेप

### भारत में एफवन की वापसी की चुनौतियों की समीक्षा के लिये कार्यबल का गठन

नयी दिल्ली। खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने मंगलवार को भारत में फॉर्मूला वन रेस की वापसी की दिशा में चुनौतियों की समीक्षा के लिये नीति आयोग के कार्यक्रम निदेशक और सलाहकार युगल किशोर जोशी की अध्यक्षता में एक कार्यबल का गठन किया है। दस सदस्यीय समिति में खेल मंत्रालय के संयुक्त सचिव कुणाल और भारतीय मोटर स्पोर्ट्स महासंघ के अध्यक्ष भी होंगे जो इस समय अरिंदम घोष हैं। महासंघ के चुनाव इस महीने के आखिर में होने हैं। कार्यबल में वाणिज्य और पर्यटन विभाग के प्रतिनिधि भी होंगे। इसके अलावा उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र सरकार के प्रतिनिधि, राजस्व विभाग के प्रतिनिधि , बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट और मद्रास इंटरनेशनल सर्किट के प्रतिनिधि, एफएमएससीआई द्वारा नामित तकनीकी विशेषज्ञ शामिल होंगे। खेलमंत्री मांडविया ने यहां पत्रकारों से बातचीत में कहा , इस समिति का काम भारत में मोटस्पोर्ट के विकास के लिये व्यापक तरीके सुझाना और फॉर्मूला वन को फिर से यहां शुरू करने के लिये रोडमैप तैयार करना है ताकि हम 2028 में रेस की मेजबानी कर सकें।

### नैरोबी की मेजबानी में पहली बार अफ्रीका में होगी विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप

बुडापेस्ट (हंगरी)। विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन पहली बार अफ्रीका में होने जा रहा है जब मंगलवार को कीनिया की राजधानी नैरोबी को 2029 के सत्र का मेजबान चुना गया। कीनिया लंबे समय से लंबी दूरी की दौड़ में एक मजबूत देश रहा है लेकिन उसने अब तक इतने बड़े स्तर की किसी प्रतियोगिता की मेजबानी नहीं की है। इसके बाद 2031 में चैंपियनशिप जर्मनी लौटेगी जहां म्यूनिख इसकी मेजबानी करेगा। विश्व एथलेटिक्स के अध्यक्ष सबेस्टियन को ने हंगरी में अल्टीमेट चैंपियनशिप के बाद यह फ़ैसला सुनाते हुए कहा, अपनी चैंपियनशिप को पहली बार अफ्रीका ले जाना ऐतिहासिक होगा। उन्होंने कहा, एथलेटिक्स कीनिया की संस्कृति का अहम हिस्सा है। इस फैसले से ट्रैक पर शनदार प्रदर्शन करने वाले देश के तौर पर कीनिया की पहचान तो बढ़ेगी लेकिन साथ ही यह पूर्वी अफ्रीकी देश समीक्षा के दायरे में रहेगा क्योंकि उसके कुछ शीर्ष धावक डोपिंग में पकड़े गए हैं। मैराथन के विश्व रिकॉर्ड धारक रूथ चेपनगेतिच पर तीन साल का डोपिंग प्रतिबंध लगा हुआ है।

# डेविस कप : कोरिया धीमी और कम उछाल वाली कोर्ट का करेगा इस्तेमाल

एजेंसी

सियोल। भारत के एकल खिलाड़ी सुमित नागल और दक्षिणेश्वर सुरेश को डेविस कप क्वालीफायर के दूसरे दौर में दक्षिण कोरिया के खिलाड़ियों के अलावा धीमे कोर्ट और जल्दी नरम होने वाली वाली गेंदों की चुनौती से जूझना होगा। इस दो दिवसीय मुकाबले (19 और 20 सितंबर) से पहले कोर्ट की सतह को नए सिरे से तैयार किया गया है। ऐसे में एकल वर्ग में भारत के दोनों खिलाड़ियों के लिए परिस्थितियां मुश्किल होंगी। नागल अधिक उछाल वाली कोर्ट को तरजीह देते हैं,

वहीं सुरेश अपनी दमदार सर्विस के लिए जाने जाते हैं। भारतीय कप्तान रोहित राजपाल ने कहा कि दक्षिण कोरिया ने ऐसी परिस्थितियां तैयार की हैं, जो भारतीय एकल खिलाड़ियों के मजबूत पक्ष को कम कर सकती हैं। राजपाल ने अभ्यास सत्र के बाद पीटीआई से कहा, उन्होंने काफी सोच-समझकर और समझदारी से कोर्ट की सतह को दोबारा तैयार किया है। उन्होंने वास्तव में हमारे दोनों खिलाड़ियों की ताकत को ध्यान में रखते हुए परिस्थितियां तैयार की हैं। उन्होंने कहा, कोर्ट धीमा है, लेकिन साथ ही गेंद में उछाल भी नहीं है।

नागल को गेंद का ज्यादा उछलना पसंद है, क्योंकि वह काफी टॉपस्पिन के साथ खेलता है। लेकिन यहां गेंद उछल ही नहीं रही है। बेसलाइन से अपने खेल पर काफी निर्भर रहने वाले सुमित नागल को ऊंचे उछाल वाली गेंद पसंद है, जबकि दक्षिणेश्वर सुरेश की तेज और दमदार सर्विस धीमे कोर्ट पर अपेक्षाकृत कम प्रभावी हो सकती है। राजपाल ने कहा कि दक्षिण कोरियाई टीम ने कोर्ट की गति इसलिए भी धीमी की है, क्योंकि सुरेश को भी धीमे कोर्ट पसंद नहीं है। उन्होंने कहा, उसकी सर्विस बेहद तेज है।

### एशियाई खेलों से पहले रुमेश पथिरागे के भाले क्षतिग्रस्त

**कोलंबो।** श्रीलंका के स्टार भाला फेंक खिलाड़ी रुमेश पथिरागे को उस समय झटका लगा जब एशियाई खेलों से पहले हवाई यात्रा के दौरान उनके पांच भाले क्षतिग्रस्त हो गए जिनसे उन्होंने अभी तक कई महत्वपूर्ण जीत हासिल की थी। यह 23 वर्षीय खिलाड़ी 13 सितंबर को विश्व एथलेटिक्स अल्टीमेट चैंपियनशिप में भाग लेने के बाद तुर्किए एयरलाइन्स की उड़ान से बुडापेस्ट से श्रीलंका लौट रहा था। पथिरागे ने कहा, विमान के अंदर मेरे सभी पांचों भाले क्षतिग्रस्त हो गए। इनसे मैंने जीत हासिल की थी। मैं आगामी एशियाई खेलों, 2028 के ओलंपिक और विश्व चैंपियनशिप में इनका उपयोग करता। उन्होंने एयरलाइंस के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। श्रीलंका के इस खिलाड़ी का इस साल प्रदर्शन शानदार रहा है। उन्होंने इस साल तीन बार 90 मीटर का आंकड़ा पार किया है। यह तीनों थ्रो उन्होंने उन भालों से किए थे जो अब क्षतिग्रस्त हो गए हैं।

# श्री चरणी करियर की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग पर

एजेंसी

दुबई। भारतीय स्पिनर श्री चरणी ने अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ रेटिंग अंकों के साथ मंगलवार को यहां जारी आईसीसी महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर अपनी स्थिति मजबूत की, जबकि उनकी हमवतन दीप्ति शर्मा चार पायदान ऊपर दूसरे स्थान पर पहुंच गईं। श्री चरणी ने श्रीलंका के खिलाफ महिला टी20 एशिया



कप के फाइनल में भी 20 रन देकर चार विकेट लिए जिससे उनके रेटिंग अंकों की संख्या 804 हो गई है।


उन्होंने अपने करियर में पहली बार 800 रेटिंग अंक का आंकड़ा पार किया। यह आईसीसी रैंकिंग में किसी भारतीय खिलाड़ी की बल्लेबाजी या गेंदबाजी में सर्वाधिक रेटिंग है। उन्होंने मिताली राज को पीछे छोड़ा। भारत की पूर्व कप्तान ने 2011 में 780 रेटिंग अंक हासिल किए थे। श्री चरणी अब महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में सर्वाधिक रेटिंग हासिल करने वाली गेंदबाज बनने से केवल दो अंक पीछे हैं। यह रिकॉर्ड नवंबर 2018 में ऑस्ट्रेलिया की मेगन शट के नाम है। एशिया कप में सर्वाधिक 14 विकेट लेने वाली दीप्ति शर्मा भी चार पायदान ऊपर दूसरे स्थान पर पहुंच गईं। तेज गेंदबाज नंदनी शर्मा ने 10 पायदान आगे 94वां स्थान जबकि लेग स्पिनर प्रेमा रावत ने 50 पायदान की लंबी छलांग लगाते हुए 96वां स्थान हासिल किया। बल्लेबाजी रैंकिंग में शेफाली वर्मा सातवें से छठे स्थान पर पहुंच गई हैं। एशिया कप में शेफाली ने सबसे ज्यादा 236 रन बनाए, जिसमें सेमीफाइनल में 64 और फाइनल में बनाए गए 68 रन भी शामिल हैं।

उनके कुल 741 रेटिंग अंक हो गए हैं। वह टीम की अपनी साथी स्मृति मंधाना से सिर्फ एक स्थान और चार रेटिंग अंक पीछे हैं। मंधाना 745 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर हैं। शेफाली ऑलराउंडरों की रैंकिंग में भी पांच पायदान ऊपर 15वें स्थान पर पहुंच गई हैं। उन्होंने अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ 221 रेटिंग अंक हासिल किए हैं। वहीं दूसरी ओर अपनी यॉर्कर गेंदों को कला का रूप देने वाले भारत के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की शानदार क्रिकेट यात्रा अब द बूम इफेक्ट किताब के पन्नों में दर्ज होने जा रही है। इस किताब को खेल पत्रकार आयुष पुथरन और निकोलस ब्रूक्स ने लिखा है।

पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया के प्लेइमप्रिंट से प्रकाशित होने वाली यह किताब अगले महीने बाजार में आएगी। बत्तीस साल के इस खिलाड़ी का सफर भारतीय क्रिकेटरों की पारंपरिक राह से बिल्कुल अलग रहा है। उन्होंने किसी प्रतिष्ठित क्रिकेट अकादमी या भारत की अंडर-19 प्रणाली से होकर राष्ट्रीय टीम तक का सफर तय नहीं किया। उनका छोटा रन-अप भी तेज गेंदबाज की पारंपरिक छवि से मेल नहीं खाता था। प्रकाशक के मुताबिक द बूम इफेक्ट अहमदाबाद से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के सबसे बड़े मंच तक बुमराह के असाधारण सफर को सामने लाती है।

# एशियाई खेलों की तैयारी पर 700 करोड़ से अधिक खर्च

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** खेल मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि 19 सितंबर से जापान में शुरू होने वाले एशियाई खेलों के लिए भारतीय खिलाड़ियों की तैयारी पर पिछले तीन वर्षों में प्रशिक्षण, उपकरण सहायता तथा कोच और विशेषज्ञों की नियुक्ति पर 702 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए गए हैं। भारत के दल में इस बार 310 खिलाड़ी ऐसे हैं, जो पहली बार एशियाई खेलों में हिस्सा लेंगे। मंत्रालय की महत्वाकांक्षी टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना (टॉप्स) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) एन. एस. जोहल ने कहा कि भारतीय खिलाड़ियों ने मजबूत प्रदर्शन के लिए जरूरी लय हासिल कर ली है और वे पिछले हांगझोउ एशियाई खेलों में हासिल किए गए देश के सर्वश्रेष्ठ 106 पदकों के प्रदर्शन की बराबरी या उससे बेहतर करने की स्थिति में हैं।

जोहल ने यहां मीडिया से बातचीत में कहा, विभिन्न खेलों में अच्छी लय बनी हुई है। दल में बड़ी संख्या में पदार्पण करने वाले खिलाड़ी हैं और टॉप्स के सीईओ के तौर पर यह मेरे लिए गर्व की बात है। खेलों में प्रतिभा को निखरने में काफी समय लगता है और जब युवा खिलाड़ी कम उम्र में शीर्ष स्तर तक पहुंचने में सफल होते हैं तो यह भविष्य के लिए बहुत अच्छा संकेत है। आइची-नागोया एशियाई खेलों में जिन युवा खिलाड़ियों पर खास नजर रहेगी,

उनमें मंत्रालय से वित्तीय सहायता नहीं पाने वाले 15 वर्षीय क्रिकेट प्रतिभा वैभव सूर्यवंशी, टेबल टेनिस खिलाड़ी सिंड्रेला दास, बैडमिंटन खिलाड़ी आयुष शेट्टी और हाल में जूनियर विश्व खिताब जीतने वाली 18 वर्षीय स्क्वाश खिलाड़ी अनाहत सिंह शामिल हैं। जूडो में अस्मिता डे भी आकर्षण का केंद्र होंगी।

### जम्मू-कश्मीर सरकार ने बिलकिस मीर को एशियाई खेलों के लिए जारी की एनओसी

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर सरकार ने उच्चतम न्यायालय की कड़ी फटकार के बाद मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय कैनोइंग कोच और अंपायर बिलकिस मीर को एशियाई खेलों में तकनीकी अधिकारी के रूप में भाग लेने के लिए जापान जाने की अनुमति दे दी। शीर्ष अदालत ने केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन को बिलकिस मीर का अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी) रोकने को लेकर कड़ी फटकार लगाई थी। न्यायालय ने पिछले सप्ताह मामले की सुनवाई के दौरान जम्मू-कश्मीर सरकार को 15 सितंबर या उससे पहले मीर के लिए सभी आवश्यक आदेश जारी करने का निर्देश दिया था। मीर पिछले करीब चार वर्षों से प्रशासन के खिलाफ कानूनी लड़ाई लड़ रही हैं। सरकार के युवा सेवा एवं खेल विभाग की ओर से मंगलवार को जारी तीन पृष्ठों के आदेश में कहा गया है।

### युकी भांबरी भारत कोरिया डेविस कप मुकाबले से बाहर

सियोल। भारत को दक्षिण कोरिया के खिलाफ डेविस कप क्वालीफायर मुकाबले में अपने अहम युगल खिलाड़ी युकी भांबरी की कमी खलेगी क्योंकि यह अनुभवी खिलाड़ी जांघ की चोट के कारण बाहर हो गया है। इसके कारण टीम को इस महत्वपूर्ण मुकाबले से कुछ दिन पहले अपने युगल संयोजन पर फिर से विचार करना पड़ रहा है। इस मैच का विजेता फाइनल्स में पहुंचेगा। भारत के कप्तान रोहित राजपाल ने पुष्टि की कि भांबरी दूसरे दौर के मुकाबले के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। राजपाल ने कहा, युकी भांबरी की जांघ की स्थिति ठीक नहीं है और हो सकता है कि वह डेविस कप खेलने के लिए उपलब्ध ना हों इसलिए हम इस पर काम कर रहे हैं कि हमारा संयोजन क्या होगा।

# जतिन, सुनील, सूरज की संघर्षपूर्ण जीत

खेल संवाददाता

लखनऊ। शीर्ष वरीय हरियाणा के जतिन नैन ने तृतीय डॉ. केएल गर्ग आल इंडिया पुरुष प्राइजमनी टेनिस टूनार्मेंट में रोमांचक जीत के साथ क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। इसी के साथ दूसरी वरीय कर्नाटक के सूरज कुमार, पांचवीं वरीय हरियाणा के

❍ मयंद, उदित, रिकी भी क्वार्टर फाइनल में

सुनील और सातवीं वरीय पंजाब के आदित्य कुमार ने भी अंतिम आठ का टिकट हासिल किया। दूसरी ओर युगल में उत्तर प्रदेश के ओमेश और ऋषि ने जोड़ीदारों संग अंतिम आठ में पहुंचकर मेजबान की चुनौती कायम रखी। एसडीएस टेनिस अकादमी द्वारा लामार्टिनियर कॉलेज स्थित



लामार्टिनियर लॉन टेनिस फैसिलिटी में आयोजित टूनार्मेंट में मंगलवार को एकल प्री क्वार्टर फाइनल खेले गए। जिसमें एक दिन पहले उलटफेर भरी जीत दर्ज करने वाले मयंद तिवारी, उदित गोगोई और रिकी ने भी जीत दर्ज कर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। बालक एकल प्री क्वार्टर फाइनल के पहले मुकाबले में शीर्ष वरीय हरियाणा के जतिन नैन ने अपने ही राज्य के प्रशांत को पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 4-6, 6-4, 6-4 से हराकर जीत अपने नाम की। प्रशांत ने पहला सेट जीतकर बेहतरीन शुरूआत की लेकिन फिर जतिन ने शानदार सर्विस के साथ वापसी की। वहीं पांचवीं वरीय हरियाणा के सुनील कुमार को भी जीत के लिए खासी मशक्कत करनी पड़ी

❍ तृतीय डॉ. केएल गर्ग आल इंडिया प्राइजमनी टेनिस टूनार्मेंट

जिन्होंने गुजरात के मेघ भार्गव को 4-6, 6-2, 6-3 से हराया। सातवीं वरीय पंजाब के आदित्य कुमार ने हरियाणा के आरव चावला को सीधे सेटों में 6-2, 6-4 से हराया। दूसरी वरीय कर्नाटक के सूरज ने तेलंगाना के देवरापल्ली अखिल को 7-6(3), 6-3 से हराया।

# शतरंज ओलंपियाड : भारत की नजरें इतिहास दोहराने पर

एजेंसी



समरकंद (उजबेकिस्तान)। भारतीय शतरंज टीम पर शतरंज ओलंपियाड में अपने दोनों स्वर्ण पदक बरकरार रखने का भारी दबाव होगा जहां पुरुष वर्ग में विश्व चैंपियन डी. गुकेश और शानदार फॉर्म में चल रहे आर. प्रज्ञानानंदा की मौजूदगी में टीम एक बार फिर खिताब के सबसे प्रबल दावेदार के रूप में मैदान में उतरेगी। महिला टीम भी चैंपियनशिप पर कब्जा बरकरार रखने के इरादे से उतरेगी।

बीस साल के गुकेश के लिए यह ओलंपियाड पिछले सत्र से बेहद अलग मोड़ पर आया है। बीते एक साल में उनके प्रदर्शन में भारी गिरावट देखी गई है। ऐसे में स्विट्जरलैंड में नवंबर में होने वाले विश्व चैंपियनशिप मुकाबले से पहले गुकेश इस टूर्नामेंट का इस्तेमाल अपनी लय वापस पाने के लिए करना चाहेंगे। दूसरी ओर प्रज्ञानानंदा इस साल बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों में शामिल रहे हैं। ग्रैंड शतरंज टूर जीतने वाले पहले भारतीय बनने की उपलब्धि ने उनकी दावेदारी मजबूत की है। स्वर्ण पदक की हैट्रिक की दिशा में वह भारत की सबसे बड़ी ताकत साबित होंगे। इन दोनों को अर्जुन एरिगैसी का साथ मिलेगा जिन्होंने 2024 के बुडापेस्ट ओलंपियाड में भारतीय जीत में अहम भूमिका निभाई थी।

टीम में विदित गुजराती का अनुभव और स्थिरता शामिल है, जबकि निहाल सरीन टीम को और मजबूती प्रदान करते हैं। भारत को सबसे बड़ी चुनौती अमेरिका और मेजबान उज्बेकिस्तान से मिलने की उम्मीद है। अमेरिका के पास फैबियानो कारुआना और लेवोन एरोनियन जैसे दिग्गज खिलाड़ी हैं। वहीं, उज्बेकिस्तान की युवा टीम की कमान जावोखिर सिंदारोव के हाथों में है, जो इस साल के अंत में विश्व चैंपियनशिप में गुकेश को चुनौती देंगे। भारतीय महिला टीम भी खिताब बचाने उतरेगी लेकिन इस बार डी. हरिका और तानिया सचदेव टीम में शामिल नहीं हैं। कोनेरू हम्पी पहले बोर्ड पर कमान संभालेंगी।

### आपस में मिलकर अपने मसले सुलझाये हॉकी इंडिया : खेल मंत्रालय

नयी दिल्ली। हॉकी इंडिया में जारी घमासान के बीच खेल मंत्रालय ने कहा है कि महासंघ को अपने मसले आपस में मिलकर सुलझाने होंगे और अगर ऐसा नहीं हो पाता है, तभी मंत्रालय इसमें दखल देगा। विश्व कप से ठीक पहले भारतीय टीमों की जर्सी का रंग पारंपरिक नीले से बदलकर नारंगी करने से मचे विवाद के बाद से हॉकी इंडिया अध्यक्ष दिलीप टिर्की और महासचिव भोलानाथ सिंह में ठनी हुई है। टिर्की का कहना है कि यह फैसला उनसे पूछे बिना और कार्यकारी बोर्ड की सहमति के बगैर लिया गया। उन्होंने हाल ही में हॉकी इंडिया के महानिदेशक कमांडर आर के श्रीवास्तव के सारे अधिकार छीनकर कारण बताओ नोटिस जारी किया और इस फैसले की प्रमुख वजह जर्सी विवाद ही था।

# सेवा, सुशासन पर केंद्रित होगा संकल्प अभियान

## सात अक्टूबर 2026 को मोदी के पहली बार गुजरात के मुख्यमंत्री बनने के बाद सार्वजनिक जीवन एवं जनसेवा में 25 साल पूरे हो जायेंगे

एजेंसी



**बेंगलुरु।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा ने मंगलवार को देश भर में 17 सितंबर से एक माह के सेवा संकल्प अभियान की घोषणा की। इस अभियान में रक्तदान और मेडिकल कैंप, सफाई अभियान, सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों तक पहुंचने और नरेन्द्र मोदी सरकार की उपलब्धियों को उजागर करने वाले कई कार्यक्रम शामिल होंगे। पूर्व भाजपा अध्यक्ष नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन के मौके पर आयोजित होने वाला यह अभियान सेवा, सुशासन और गरीबों के कल्याण पर केंद्रित होगा तथा सरकार की योजनाओं और नीतियों को ज़मीनी स्तर पर लाभार्थियों तक पहुंचाएगा। नड्डा ने कहा, इस साल का सेवा संकल्प अभियान कई मायनों में खास है। उन्होंने बताया कि सात अक्टूबर 2026 को मोदी के पहली बार गुजरात के मुख्यमंत्री बनने के बाद सार्वजनिक जीवन एवं जनसेवा में 25 साल पूरे हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि गुजरात से केंद्र तक मोदी का सफर एक अटूट संकल्प और प्रतिबद्धता से भरा रहा है जिसमें जिम्मेदारियां बदलने के बावजूद उनका मिशन वही रहा है। पूर्व भाजपा अध्यक्ष ने यहां प्रेसवार्ता में कहा कि अभियान की शुरुआत 17 सितंबर को सेवा दिवस के साथ होगी, जब भाजपा कार्यकर्ता सफाई अभियान, रक्तदान शिविर, मेडिकल कैंप और सेवा से जुड़े अन्य कार्यक्रम आयोजित करेंगे। उन्होंने कहा कि शाम सात बजे लोग मोदी जी के अच्छे स्वास्थ्य और देश की सेवा में उनकी लंबी उम्र की कामना करते हुए आशीर्वाद का दीया जलाएंगे। नड्डा ने कहा कि इस माह कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें मेरे सपनों का भारत (जिसमें चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिताएं होंगी), लाभार्थियों के अनुभव दिखाने के लिए नमो सेवा और आंगनवाड़ी एवं आशा कार्यकर्ताओं को सम्मानित करने तथा महिला लाभार्थियों एंव बच्चों को शामिल करने के लिए आंगन मिलन सेवा शामिल हैं।

### भाजपा में पीएम को भारत रत्न देने की कोई चर्चा नहीं : नड्डा

बेंगलुरु। केंद्रीय मंत्री जे.पी. नड्डा ने मंगलवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भारत रत्न देने के बारे में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में कोई चर्चा नहीं हुई है। उन्होंने यहां आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान कहा कि पार्टी ऐसे मामलों पर सही समय आने पर फैसला लेती है। नड्डा ने कहा, जहां तक सर्वोच्च नागरिक सम्मान (भारत रत्न) की बात है, पार्टी ऐसे मामलों पर सही समय पर फैसला लेती है। इस मामले पर अभी तक कोई चर्चा नहीं हुई है, लेकिन आपका सुझाव अच्छा है। केंद्रीय मंत्री ने यह टिप्पणी उस सवाल के जवाब में की जिसमें पूछा गया था कि क्या देशव्यापी महीने भर चलने वाले सेवा संकल्प अभियान के समापन पर मोदी को सर्वोच्च नागरिक सम्मान देने का कोई प्रस्ताव रखा जाएगा। नड्डा ने विपक्ष द्वारा प्रधानमंत्री मोदी पर तनाशाह की तरह काम करने के लगाए जा रहे आरोपों को खारिज करते हुए कहा, वह दुनिया के सबसे लोकतांत्रिक नेता हैं।

# उत्तराखंड : केदारनाथ पैदल मार्ग खुला, तीन दिन बाद यात्रा हुई बहाल



देहरादून। उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले में केदारनाथ पैदल मार्ग पर भूस्खलन के कारण तीन दिन से रुकी केदारनाथ यात्रा मंगलवार को बहाल हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मानसून के दौरान बंद की गई केदारनाथ के लिए हेलीकॉप्टर सेवा भी मंगलवार से शुरू कर दी गई। गौरीकुंड-केदारनाथ पैदल मार्ग पर चीड़वासा हेलीपैड के पास रविवार को बोल्डर और पत्थर गिरने से मार्ग क्षतिग्रस्त हो गया था, जिसके बाद केदारनाथ यात्रा रोक दी गई थी। यात्रा बहाल होने से पहले केदारनाथ धाम से दर्शन कर लौट रहे 7,350 श्रद्धालुओं को बचाव दलों की निगरानी में भूस्खलन प्रभावित क्षेत्र से सुरक्षित निकाला गया।

राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र (एसईओसी) की रिपोर्ट के अनुसार, मंगलवार सुबह 150 श्रद्धालुओं को चीड़वासा से सुरक्षित निकाला गया। रिपोर्ट में बताया गया कि इससे पहले सोमवार शाम तक 7,200 श्रद्धालुओं के साथ 1,200 खच्चरों को भी बचाव दलों की निगरानी में सुरक्षित मार्ग पार कराया गया था। पुलिस ने बताया कि गौरीकुंड से करीब ढाई किलोमीटर ऊपर चीड़वासा हेलीपैड के पास पैदल मार्ग पर जमा मलबे और पत्थरों को हटाने का काम युद्धस्तर पर किया गया। पुलिस के मुताबिक, दोपहर में मार्ग को आवागमन के लिए खोल दिया गया, जिसके बाद तीन दिन से रुकी केदारनाथ यात्रा फिर शुरू हो गई। पुलिस ने बताया कि पुलिसकर्मी, लोक निर्माण विभाग और जिला आपदा राहत बल के कर्मियों की निगरानी में श्रमिक लगातार मार्ग खोलने के काम में जुटे रहे। भूस्खलन के बाद पैदल मार्ग पर आवाजाही रोक दी गई थी और केदारनाथ दर्शन के लिए जाने वाले श्रद्धालु रविवार से ही सोनप्रयाग और गौरीकुंड में रुके हुए थे। पुलिस ने बताया कि मार्ग खुलने के बाद श्रद्धालुओं को बचाव एवं सुरक्षा बलों की निगरानी में केदारनाथ मंदिर की ओर भेजा जा रहा है। पुलिस के मुताबिक, श्रद्धालुओं से सुरक्षा मानकों और पुलिस-प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की गई है।

## संक्षेप

### नाटो के विमानों ने लिथुआनिया में ड्रोन को मार गिराया

विलनियस (लिथुआनिया)। पश्चिमी देशों के सैन्य संगठन नाटो के लड़ाकू विमानों ने सोमवार रात लिथुआनिया के हवाई क्षेत्र में दाखिल एक ड्रोन को मार गिराया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यह घटनाक्रम नाटो प्रमुख मार्क रूटे के उस बयान के एक दिन बाद हुआ जिसमें उन्होंने कहा था कि गठबंधन की सीमा पर रूस के हमले होने पर उसका समर्थन यूक्रेन को बढ़ेगा जो रूसी इलाकों को निशाना बना रहा है। उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) सदस्य लिथुआनिया के सैन्य अधिकारियों ने बताया कि यह पहला मौका है जब उसके हवाई क्षेत्र में किसी ड्रोन को मार गिराया गया है। अधिकारियों ने यह नहीं बताया कि ड्रोन कहां से आया था और उसका क्या उद्देश्य था। उन्होंने कहा कि इस घटना की और जांच की जरूरत है। लिथुआनिया के राष्ट्रीय संकट प्रबंधन केंद्र ने मंगलवार को बताया कि राजधानी विलनियस से लगभग 100 किलोमीटर पश्चिम में प्रतकुनाई गांव के पास और कौनास जलाशय के नजदीक ड्रोन को मार गिराया गया। हाल के हफ्तों में जर्मनी, डेनमार्क, ब्रिटेन और पोलैंड जैसे नाटो सदस्यों ने रूस पर कई तरह की गतिविधियों में संलिप्त होने का आरोप लगाया है।

# ट्रंप ने डाक मतपत्र को सीमित की कोशिश को खारिज करने के लिए अदालत की आलोचना की

एजेंसी

वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को इस साल के मध्यावधि चुनावों में डाक मतपत्रों पर पाबंदी लगाने की उनकी कोशिश को खारिज किए जाने के बाद अमेरिकी उच्चतम न्यायालय की आलोचना करते हुए कहा कि उनका विरोध करने वाले न्यायाधीशॆ वे लोग नहीं हैं जिनका मैंने साक्षात्कार लिया थॆ। ट्रंप प्रशासन ने आखिरी समय में यह कोशिश की थी कि डाक मतपत्र प्राप्त करने के लिए कौन पात्र होगा, यह तय करने में अमेरिकी डाक सेवा (यूएसपीएस) की केंद्रीय भूमिका हो।

लेकिन राज्य के चुनाव अधिकारियों ने दलील दी कि तीन नवंबर के मध्यावधि चुनावों के लिए बदलाव करने का पर्याप्त समय नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि उनकी मौजूदा व्यवस्थाएं पहले से ही सुरक्षित और सटीक हैं। अदालत ने सोमवार देर रात आपात आदेश में फैसला सुनाया कि ये पाबंदियां इस साल के चुनाव के लिए कम से कम अदालत में टिकने योग्ज नहीं हैं।

# देश के फायदे से अधिक अहम है मानवीय शांति

एजेंसी



नयी दिल्ली। उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने मंगलवार को कहा कि किसी एक देश के फायदे से कहीं ज्यादा जरूरी मानवीय शांति और मानवता की शांति है तथा इस सिद्धांत पर काम करने की जरूरत है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत अब शांति, प्रगति और समृद्धि के लिए एक वैश्विक आवाज बनकर उभरा है।

राधाकृष्णन ने कहा कि पिछले दशक में भारतीय कूटनीति का स्वरूप काफी बदल गया है, अब इसमें ज़्यादा जुड़ाव और नए आत्मविश्वास की झलक मिलती है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि देश यह नहीं कह सकते कि आपकी समस्या आपकी समस्या है और मेरी समस्या हमारी समस्या है। उपराष्ट्रपति ने कहा, दुनिया को हर समस्या को अपनी समस्या मानना चाहिए, तभी समाधान मिल सकता है। संसद के एक कानून के जरिए राष्ट्रीय महत्व के संस्थान का दर्जा मिलने के बाद इंडियन काउंसिल फॉर वर्ल्ड अफेयर्स (आईसीडब्ल्यूए) के 25 साल पूरे होने पर एक कार्यक्रम में राधाकृष्णन ने कहा कि टकराव और विरोधाभासों से जूझ रही दुनिया में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की सफलता और भी ज़्यादा उल्लेखनीय है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व की तारीफ करते हुए उन्होंने कहा कि ब्रिक्स नेताओं का सर्वसम्मत घोषणा-पत्र भारत के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। इस मौके पर जयशंकर ने कहा कि आज भारत कई देशों और क्षेत्रों के साथ बड़े पैमाने पर जुड़ा हुआ है तथा उसके हित तेज़ी से वैश्विक होते जा रहे हैं।

# बिहार मंत्रिमंडल ने 17 प्रस्तावों को दी मंजूरी

पटना। बिहार मंत्रिमंडल ने मंगलवार को गया जी के विष्णुपद मंदिर क्षेत्र के समग्र विकास, सोन-फल्गु नदी जोड़ योजना और जलस्रोत पुनर्स्थापन एवं गाद प्रबंधन नीति, 2026 समेत 17 प्रस्तावों को मंजूरी दे दी। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक के बाद सूचना भवन में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के अपर मुख्य सचिव अरविंद कुमार चौधरी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विष्णुपद मंदिर क्षेत्र का विकास काशी विश्वनाथ कॉरिडोर की तर्ज पर किया जाएगा, जिसके लिए 2,520 करोड़ रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई है। अधिकारी ने बताया कि योजना के तहत मंदिर परिसर का पुनर्विकास, मल्टीलेवल पार्किंग, एलीवेटेड पथ, घाट, डोरमेट्री, कैंटीन, पैदल पुल और अन्य सार्वजनिक सुविधाओं का निर्माण किया जाएगा। चौधरी ने बताया कि सोन-फल्गु नदी जोड़ योजना के लिए 996.05 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं और इसके तहत सोन नदी का पानी उत्तर कोयल नहर के जरिए फल्गु नदी तक पहुंचाया जाएगा।

# कांग्रेस की मोहब्बत की दुकान में भ्रष्टाचार का कारोबार

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने उत्तराखंड और छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री के करीबियों के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हालिया कार्वाई का हवाला देते हुए मंगलवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर पार्टी नेताओं व पदाधिकारियों के खिलाफ लगे भ्रष्टाचार के आरोपों पर मौन रहने का आरोप लगाया।

भाजपा ने 12 और 13 सितंबर को यहां आयोजित ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान रात्रिभोज में शामिल नहीं होने पर कांग्रेस के तीन मुख्यमंत्रियों पर निशाना साधते हुए इसे शर्मनाक करार दिया। भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज ने यहां संवाददाताओं से कहा कि कांग्रेस की तथाकथित मोहब्बत की दुकान में वास्तव में भ्रष्टाचार का कारोबार होता दिख रहा है। उन्होंने कहा, मैं राहुल गांधी जी से पूछना चाहती हूं कि एक तरफ तो वह छात्रों की बात करते हैं, लेकिन जब उनकी अपनी ही पार्टी के सदस्य देश के युवाओं और छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करते हैं, तो क्या उसकी आवाज उनके कानों तक नहीं पहुंचती? प्रवर्तन निदेशालय ने 10 सितंबर को साल 2016 में आयोजित ग्राम पंचायत विकास अधिकारी परीक्षा में कथित अनियमितताओं के सिलसिले में उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत के पूर्व निजी सहायक चंदन सिंह जीना के परिसरों पर छापेमारी की थी। भाजपा सांसद ने कहा कि तलाशी के दौरान बरामद संपत्ति जीना की आय के ज्ञात स्रोतों से अधिक थी।

### अमेरिका में स्वीकार की अंतरिक्ष में हथियार तैनात करने की बात

वाशिंगटन। अमेरिका ने पहली बार पुष्टि की है कि उसने अंतरिक्ष में हथियार तैनात किए हैं। एयर फोर्स सेक्रेटरी ट्रॉय मिंक ने सोमवार को मैरीलैंड में एयर एंड स्पेस साइबर कॉन्फ्रेंस में कहा कि अमेरिका नेॆ दुश्मन की कार्वाई के खिलाफ संयुक्त बल की सुरक्षा करने में सक्षम, कक्षा में तैनात अंतरिक्ष नियंत्रण हथियारॆ तैनात किए हैं। मिंक ने यह नहीं बताया कि हथियार क्या हैं या वे कैसे काम करते हैं। अमेरिका ने 2024 में कहा कि रूस एक नया उपग्रह रोधी हथियार बना रहा है जिसे अंतरिक्ष से प्रक्षेपित किया जा सकता है। उस समय व्हाइट हाउस ने कहा था कि खतरा आसन्न नहीं है।

# देश को सर्वोच्च प्राथमिकता दें जेन जी और जेन अल्फा

एजेंसी




चेन्नई। केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को जेन जी और जेन अल्फा पीढ़ियों से नेतृत्व संभालने एवं जिम्मेदारी उठाने का आह्वान करते हुए युवा स्नातकों से आग्रह किया कि वे देश को सर्वोच्च प्राथमिकता दें और यह सोचने के बजाय कि देश ने उनके लिए क्या किया है, यह पूछें कि वे देश के लिए क्या योगदान दे सकते हैं।

सीतारमण ने यहाँ डॉ. एम.जी.आर. शैक्षणिक एवं अनुसंधान संस्थान के 36वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि देश युवाओं की आकांक्षाओं को सुनने के लिए तैयार है, लेकिन वे दायित्व एवं नागरिक कर्तव्य की गहरी भावना के साथ आगे आएं। उन्होंने कहा, चाहे आप स्वयं को जेन जी कहें या जेन अल्फा , हम सभी आपकी बात सुनने के लिए तैयार हैं। लेकिन आपको इस बारे में सोचना होगा कि आपके आस-पास क्या हो रहा है, आपकी क्या भूमिका है और आपके ज़रिए देश के लिए क्या हासिल किया जा सकता है।

वित्त मंत्री ने उत्तीर्ण होने वाले छात्रों से अपने-अपने क्षेत्रों में नेतृत्व संभालने और राष्ट्रीय हित से कभी समझौता न करने का आग्रह किया। उन्होंने दुनिया भर में जारी उन संघर्षों की ओर इशारा किया जिनमें नागरिकों को अपनी ही भूमि से विस्थापित होना पड़ा है। सीतारमण ने कहा, नेतृत्व संभालिए। आपको नेतृत्व करना होगा और देश को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी होगी।

## इंटरटेनमेंट...

# हनुमान अंश मेकर्स की फिल्म 'राम बोला' पर विवाद




**मुंबई।** फिल्म हनुमान अंश डायरेक्ट करने वाले डॉक्टर विशाल चतुर्वेदी ने गणेश चतुर्थी के अवसर पर अगली फिल्म राम बोला की घोषणा की है। उनकी ये फिल्म महाकवि तुलसीदास की जिंदगी पर आधारित होगी, लेकिन इसी दिन, इसी टाइटल पर दूसरी फिल्म की भी घोषणा हो गई, जिससे दो मेकर्स के बीच टाइटल का विवाद शुरू हो गया है। विवाद के बीच एसोसिएशन ने बताया है कि टाइटल किसके नाम रजिस्टर है। डायरेक्टर विशाल चतुर्वेदी ने प्रोडक्शन हाउस महावीर जैन के साथ राम बोला अनाउंस की। इसी समय डॉक्टर चंद्रप्रकाश द्विवेदी ने भी फिल्म राम बोला की घोषणा की।

पोस्ट में बताया गया कि इसे चंद्रप्रकाश द्विवेदी डायरेक्ट करेंगे, जबकि मधु मंटेना और मंदिरा द्विवेदी इसे प्रोड्यूस करेंगी। एक ही टाइटल और एक ही टॉपिक पर दो फिल्में अनाउंस होने पर विवाद हो गया। फिल्म राम बोला का टाइटल डॉक्टर विशाल चतुर्वेदी के नाम पर रजिस्टर है। वह कुछ समय पहले महावीर जैन के पास इस फिल्म का आइडिया लेकर पहुंचे थे, जिसके बाद इस फिल्म पर काम शुरू हुआ। फिल्म बनाने के राइट्स विशाल चतुर्वेदी और महावीर जैन प्रोडक्शन के पास हैं। चंद्रप्रकाश द्विवेदी ने विशाल चतुर्वेदी द्वारा फिल्म की घोषणा करने पर आपत्ति जताई

> एक ही टॉपिक पर दो फिल्में अनाउंस, फिल्म एसोसिएशन ने बताया किसने करवाया रजिस्ट्रेशन

और कहा कि इस फिल्म के टाइटल के राइट्स उनके पास हैं।

उन्होंने दावा किया है कि कुछ समय पहले ही उन्होंने महावीर जैन से इस फिल्म पर बातचीत की थी, जिसके बाद उन्होंने खुद इस फिल्म पर अधिकार जताते हुए इसकी घोषणा कर दी, जबकि राइट्स उनके पास हैं। चंद्रप्रकाश द्विवेदी वो पिछले कुछ महीनों से महावीर जैन से इस फिल्म पर चर्चा कर रहे थे। उन्होंने महावीर जैन को एक मेल और 8 मिनट का एक वीडियो भी भेजा था। चंद्रप्रकाश द्विवेदी का कहना है कि अब इस विवाद का फैसला राइटर एसोसिएशन और अदालत में होगा।

# हैवान ने बॉक्स ऑफिस पर कमाए 11.55 करोड़

नयी दिल्ली। अभिनेता सैफ अली खान और अक्षय कुमार की फिल्म हैवान ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बॉक्स ऑफिस पर रिलीज के शुरुआती सप्ताहांत में 11 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई की है। फिल्म का निर्देशन प्रियदर्शन ने किया है, जो हेरा फेरी, हुलचुल, भूल भुलैया और हंगामा जैसी सफल हास्य फिल्मों के लिए जाने जाते हैं। यह फिल्म अक्षय कुमार और सैफ अली खान को 17 साल बाद फिर से साथ लेकर आई है। दोनों इससे पहले मैं खिलाड़ी तू अनाड़ी, टशन , आरजू , तू चोर मैं सिपाही और कीमत जैसी फिल्मों में साथ काम कर चुके हैं। दोनों कलाकार आखिरी बार 2008 में आई एक्शन फिल्म टशन में साथ नजर आए थे जिसमें करीना कपूर खान और अनिल कपूर भी थे। फिल्म कारोबार पर नजर रखने वाली वेबसाइट सैकनिल्क के अनुसार, शुक्रवार को रिलीज हुई इस फिल्म ने पहले दिन 4.60 करोड़ रुपये की कमाई की। इसके बाद शनिवार और रविवार को फिल्म ने 6.95 करोड़ रुपये कमाए। इस तरह फिल्म की कुल वैश्विक कमाई 11.55 करोड़ रुपये हो गई है। फिल्म में खान ने श्याम का किरदार निभाया है, जो दृष्टिबाधित मार्शल आर्टिस्ट और इमारत का देखभालकर्ता है। वह अपनी अति सक्रिय इंद्रियों की मदद से रोजमर्रा की जिंदगी को संभालता है। हैवान में सैयामी खेर, श्रेया पिलगांवकर, राजपाल यादव, शारिब हाशमी और दिवंगत दिग्गज अभिनेता असरानी समेत अन्य कलाकारों ने भी अभिनय किया है।

# अमिताभ बच्चन ने रिटायर होने की अफवाहों को किया खारिज

नयी दिल्ली। बॉलीवुड अभिनेता अमिताभ बच्चन ने कहा कि उनकी हालिया पोस्ट में से एक का गलत मतलब निकाला गया और अभिनेता ने पुष्टि की है कि उनकी रिटायर होने का कोई योजना नहीं है। इस हफ्ते की शुरुआत में अभिनेता ने अपने ब्लॉग पर एक नोट साझा किया था, जिसमें लिखा थॆ काफी देर हो चुकी है, अब रिटायर होने का समय आ गया है और कुछ लोगों ने इसका गलत मतलब निकाल लिया। सोमवार को एक और नोट साझा करते हुए बच्चन ने रिटायरमेंट की खबर वाली एक अखबार की कटिंग भी लगाई और इसे गलत खबर बताया। उन्होंने कहा, मैंने ब्लॉग में लिखा काफी देर हो चुकी है, अब रिटायर होने (सोने) का समय है। हम सभी जानते हैं कि इसका मतलब देर रात होने पर सोने जाने से था। और यह है मीडिया - देश की अंतरात्मा - सूचना देने वाली सबसे बड़ी संस्था। उन्होंने कहा, नहीं जनाब, मैं अभी काम से रिटायर नहीं हो रहा हूंअ अंग्रेज़ी में रिटायर होने का मतलब है सोने जाना। और आपको वहां नहीं बुलाया गया है। अभिनेता जल्द ही सेक्शन 84 में नजर आएंगे। इस फिल्म को रिभु दासगुप्ता ने निर्देशित किया है और इसमें निमरत कौर भी अहम भूमिका में हैं।

# दिल्ली हाईकोर्ट ने विमल इलायची की याचिका खारिज की



**नयी दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को विमल इलायची कंपनी की याचिका खारिज कर दी। इस याचिका में कंपनी के ब्रांड एंबेसडर शाहरुख खान, अजय देवगन और टाइगर श्रॉफ को मिले नोटिस रद्द करने की मांग की गई थी। जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा ने कहा कि इस मामले में दिल्ली हाईकोर्ट का क्षेत्रीय अधिकार नहीं बनता। नोटिस से जुड़ी शिकायत के लिए महाराष्ट्र की अदालतें ज्यादा सही और सुविधाजनक मंच हैं। दरअसल महाराष्ट्र फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन ने 14 अगस्त को तीनों कलाकारों को विमल इलायची के विज्ञापनों में उत्पाद की गलत प्रस्तुति के आरोप में कारण बताओ नोटिस भेजे थे। महाराष्ट्र

> अजय देवगन, शाहरुख को जारी नोटिस रद्द करने की मांग थी, जज बोले – ये महाराष्ट्र का मामला

खाद्य एवं औषधि प्रशासन का आरोप है कि विमल इलायची के विज्ञापन, प्रतिबंधित विमल पान मसाला के सरोगेट विज्ञापन हो सकते हैं। सरोगेट विज्ञापन का मतलब है कि किसी प्रतिबंधित उत्पाद का सीधे विज्ञापन न करके उससे मिलते-जुलते दूसरे उत्पाद के नाम से प्रचार करना। कंपनी ने कहा कि एफडीए का 11 अगस्त का नोटिस केवल एक्टर्स को भेजा गया, कंपनी को नहीं। किसी भी कार्रवाई से सबसे ज्यादा नुकसान कंपनी को होगा। कंपनी को अपना पक्ष रखने का मौका नहीं दिया गया। महाराष्ट्र एफडीए के पास विज्ञापन रोकने का निर्देश देने का अधिकार नहीं है।






आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com